Drishti IAS

# एडिटोरियल क्विज़

## अप्रैल

# 2024

Drishti, 641, First Floor, Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440, Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

# प्रश्न और उत्तर

**1. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| क्रांति | से संबंधित |
|---|---|
| 1. हरित क्रांति | – इलेक्ट्रिक वाहन |
| 2. गुलाबी क्रांति | – मुर्गीपालन एवं मांस |
| 3. स्वर्ण क्रांति | – बागवानी |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित नहीं है/हैं?**

A. केवल 2
B. केवल 1
C. केवल 2 और 3
D. केवल 1, 2, और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- 20वीं सदी के मध्य में शुरू हुई हरित क्रांति ने विकासशील देशों में अधिक उपज देने वाली नई किस्म के बीजों को अपनाकर खाद्यान्न उत्पादन विशेषकर गेहूँ तथा चावल को अत्यधिक बढ़ावा दिया।
  **अतः युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
- गुलाबी क्रांति अंतर्राष्ट्रीय मानकों को पूरा करने और घरेलू बाज़ार के विकास को पूरा करने के लिये भारत के मुर्गीपालन एवं मांस प्रसंस्करण उद्योग को आधुनिक बनाने पर केंद्रित है।
  **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- वर्ष 1991 से 2003 तक का युग जिसे "स्वर्ण क्रांति काल" के रूप में जाना जाता है, बागवानी में पर्याप्त निवेश देखा गया, जिससे भारत काजू, नारियल तथा आम जैसे फलों का शीर्ष उत्पादक बन गया।
  **अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।**

**2. गेहूँ के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. गेहूँ एक रबी फसल है जिसे पकने के समय ठंडे मौसम तथा तेज़ धूप की आवश्यकता होती है।
2. इसके लिये 75-100 सेंटीमीटर वर्षा की आवश्यकता होती है।
3. भारत, चीन के बाद विश्व का दूसरा सबसे बड़ा गेहूँ उत्पादक है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**गेहूँ:**

- गेहूँ एक रबी फसल है जिसे पकने के समय ठंडे मौसम तथा तेज़ धूप की आवश्यकता होती है।
  **अतः कथन 1 सही है।**
- गंगा-सतलज के मैदानों तथा दक्कन की काली मिट्टी क्षेत्र में अच्छी तरह से सूखा उपजाऊ दोमट एवं चिकनी दोमट सहित मिट्टी के प्रकार के साथ वर्षा 75-100 सेमी. तक होती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- चीन के बाद भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गेहूँ उत्पादक है।
  **अतः कथन 3 सही है।**

**3. हड़प्पा सभ्यता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सिंधु घाटी सभ्यता के शहरों की योजना एक ग्रिड पैटर्न में बनाई गई थी, जिसमें सड़कें उत्तर-दक्षिण और पूर्व-पश्चिम में संरेखित थीं, जिससे एक संरचित लेआउट तैयार हुआ।
2. सिंधु घाटी सभ्यता के शहर मिट्टी की ईंटों से बनी किलेबंद दीवारों से घिरे हुए थे।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**हड़प्पा सभ्यता:**

- सिंधु घाटी सभ्यता के शहरों की योजना एक ग्रिड पैटर्न में बनाई गई थी, जिसमें सड़कें उत्तर-दक्षिण और पूर्व-पश्चिम में संरेखित थीं, जिससे एक संरचित लेआउट तैयार हुआ। **अतः कथन 1 सही है।**
- सिंधु घाटी सभ्यता के शहर मिट्टी की ईंटों से बनी किलेबंद दीवारों से घिरे हुए थे। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

**4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: इथेनॉल सम्मिश्रण कार्यक्रम (EBP) अन्य देशों से ईंधन के आयात को कम करने, विदेशी मुद्रा भंडार का संरक्षण करने और चीनी उद्योग में मूल्यवर्द्धन की वृद्धि करने का लक्ष्य रखता है।**

**कथन-II: EBP पेट्रोल में इथेनॉल, जो नवीकरणीय एवं पर्यावरण-अनुकूल ईंधन है, के सम्मिश्रण को बढ़ावा देने के लिये भारत सरकार की एक पहल है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**इथेनॉल सम्मिश्रण कार्यक्रम (EBP):**

- इथेनॉल सम्मिश्रण कार्यक्रम (EBP) अन्य देशों से ईंधन के आयात को कम करने, विदेशी मुद्रा भंडार का संरक्षण करने और चीनी उद्योग में मूल्यवर्द्धन की वृद्धि करने का लक्ष्य रखता है। **अतः कथन-I सही है।**
- EBP पेट्रोल में इथेनॉल, जो नवीकरणीय एवं पर्यावरण-अनुकूल ईंधन है, के सम्मिश्रण को बढ़ावा देने के लिये भारत सरकार की एक पहल है। **अतः कथन-II सही है।**
- अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I के लिये सही स्पष्टीकरण नहीं है। और पढ़ें।

**5. सरदार वल्लभभाई पटेल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उन्होंने मौलिक अधिकारों पर सलाहकार समिति की अध्यक्षता की।
2. उन्होंने शराब सेवन, अस्पृश्यता और जातिगत भेदभाव के खिलाफ, गुजरात तथा अन्य क्षेत्रों में महिलाओं की मुक्ति के लिये बड़े पैमाने पर कार्य किया।
3. जवाहरलाल नेहरू द्वारा वल्लभभाई पटेल को 'सरदार' की उपाधि प्रदान की गई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**सरदार वल्लभ भाई पटेल:**

- उन्होंने मौलिक अधिकारों पर सलाहकार समिति की अध्यक्षता की। **अतः कथन 1 सही है।**
- उन्होंने शराब सेवन, अस्पृश्यता और जातिगत भेदभाव के खिलाफ, गुजरात तथा अन्य क्षेत्रों में महिलाओं की मुक्ति के लिये बड़े पैमाने पर कार्य किया। **अतः कथन 2 सही है।**
- बारडोली की महिलाओं ने वल्लभभाई पटेल को 'सरदार' की उपाधि दी जिसका अर्थ प्रमुख अथवा नेता होता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत के कुल निर्यात में इलेक्ट्रॉनिक वस्तु क्षेत्र की हिस्सेदारी हाल के वर्षों में दोगुनी से अधिक हो गई है।
2. स्मार्टफोन निर्यात में वृद्धि भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात का लगभग 40% है।
3. वित्तीय वर्ष 2023 में उत्तर प्रदेश भारत का इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का सबसे बड़ा निर्यातक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत के कुल निर्यात में इलेक्ट्रॉनिक वस्तु क्षेत्र की हिस्सेदारी हाल के वर्षों में दोगुनी से अधिक हो गई है। **अतः कथन 1 सही है।**
- स्मार्टफोन निर्यात में वृद्धि भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात का लगभग 40% है। अतः कथन 2 सही है।
- वित्तीय वर्ष 2023 में तमिलनाडु भारत का इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का सबसे बड़ा निर्यातक है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

**7. केंद्रीय जल आयोग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वर्तमान में जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन विभाग के एक संलग्न कार्यालय के रूप में कार्यरत है।
2. इसकी अध्यक्षता जल शक्ति मंत्री करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**केंद्रीय जल आयोग:**

- वर्तमान में जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन विभाग के एक संलग्न कार्यालय के रूप में कार्यरत है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसकी अध्यक्षता एक अध्यक्ष द्वारा की जाती है, जिसे भारत सरकार के पदेन सचिव का दर्जा प्राप्त होता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**8. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: एंटीरेट्रोवाइरल थेरेपी (ART) HIV/AIDS के प्रबंधन के लिये एक आधारभूत उपचार है, जो मानव इम्युनोडेफिशिएंसी वायरस (HIV) के कारण होने वाला एक पुराना वायरल संक्रमण है।**

**कथन-II: एंटीरेट्रोवाइरल थेरेपी (ART) का उद्देश्य शरीर में HIV के प्रतिकृतियन को रोकना है, जिससे वायरल लोड कम हो जाता है, प्रतिरक्षा कार्य को संरक्षित किया जाता है और जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है।**

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**एंटीरेट्रोवाइरल थेरेपी (ART):**

- एंटीरेट्रोवाइरल थेरेपी (ART) HIV/AIDS के प्रबंधन के लिये एक आधारभूत उपचार है, जो मानव इम्युनोडेफिशिएंसी वायरस (HIV) के कारण होने वाला एक पुराना वायरल संक्रमण है। **अतः कथन-I सही है।**
- एंटीरेट्रोवाइरल थेरेपी (ART) का उद्देश्य शरीर में HIV के प्रतिकृतियन को रोकना है, जिससे वायरल लोड कम हो जाता है, प्रतिरक्षा कार्य को संरक्षित किया जाता है और जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है। **अतः कथन-II सही है।**
- **अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या नहीं है।**

**9. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: नारकोटिक ड्रग्स और साइकोट्रॉपिक पदार्थों के अवैध व्यापार के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र अभिसमय वर्ष 1988 में आयोजित किया गया था।**

**कथन-II: अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी से उत्पन्न काला धन कई देशों की अर्थव्यवस्था के लिये गंभीर खतरा बन गया है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**धन शोधन:**

- स्वापक औषधि और मन: प्रभावी पदार्थ (Narcotic Drugs and Psychotropic Substances) की अवैध तस्करी के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र अभिसमय, जिसे वर्ष 1988 अभिसमय के रूप में भी जाना जाता है, एक महत्त्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय संधि है जो अवैध ड्रग्स के व्यापार की रोकथाम हेतु कार्य करती है। **अतः कथन-I सही है।**
- अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी से उत्पन्न काला धन कई देशों की अर्थव्यवस्था के लिये गंभीर खतरा बन गया है। यह कथन भी सही है। मादक पदार्थों की तस्करी से बड़ी मात्रा में अवैध आय उत्पन्न होती है जो अर्थव्यवस्थाओं को अस्थिर कर सकती है। **अतः कथन-II सही है।**
- हालाँकि कथन-II वर्ष 1988 में सम्मेलन आयोजित होने का कारण नहीं है।

- **अत: कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

**10. हाल ही में समाचारों में देखा गया रफाह क्रॉसिंग मिस्र और निम्नलिखित में से किस देश के बीच एक सीमा क्रॉसिंग है:**

A. लीबिया
B. सूडान
C. जॉर्डन
D. फिलिस्तीन

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**रफाह क्रॉसिंग**

- रफाह क्रॉसिंग मिस्र और फिलिस्तीन के बीच एक सीमा क्रॉसिंग है। यह गाज़ा पट्टी एवं मिस्र के बीच प्राथमिक क्रॉसिंग पॉइंट है, जहाँ से लोगों और सामानों की आवाजाही होती है। **अत: विकल्प D सही है।**
  - वर्तमान में गाज़ा (फिलिस्तीन) में तीन कार्यात्मक प्रवेश और निकास बिंदु हैं- उत्तर में इरेज़ या बेट हनौन क्रॉसिंग एवं दक्षिण में करेम अबू सलेम तथा रफाह क्रॉसिंग।
  - उत्तर में इज़रायल द्वारा प्रबंधित इरेज़ क्रॉसिंग, इज़रायल के माध्यम से गाज़ा और वेस्ट बैंक के बीच लोगों की आवाजाही को नियंत्रित करता है।
  - करीम अबू सलेम बिंदु भी इज़रायल के नियंत्रण में है लेकिन इसका प्रयोग विशेष रूप से वाणिज्यिक वस्तुओं को लाने और ले जाने के लिये किया जाता है।

**11. वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (FATF) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह धन शोधन के निपटान के लिये G7 देशों द्वारा स्थापित एक अंतर-सरकारी संगठन है।
2. इसका और विश्व आर्थिक मंच का मुख्यालय समान है।
3. भारत और चीन FATF के संस्थापक सदस्य हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (FATF):**

- यह धन शोधन के निपटान के लिये G7 देशों द्वारा स्थापित एक अंतर-सरकारी संगठन है। **अत: कथन 1 सही है।**
- FATF का मुख्यालय पेरिस, फ्राँस में है, जबकि विश्व आर्थिक मंच का मुख्यालय कोलोनी, स्विट्ज़रलैंड में है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- FATF के संस्थापक सदस्यों में न तो भारत और न ही चीन शामिल थे।
  - 'पर्यवेक्षक' के दर्जे के साथ भारत वर्ष 2006 में इसमें शामिल हुआ और वर्ष 2010 में भारत ने इसकी पूर्ण सदस्यता प्राप्त की। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**12. वर्ष 1974 में भारत ने कच्चातिवु द्वीप किस पड़ोसी देश को सौंप दिया?**

A. बांग्लादेश
B. श्रीलंका
C. मालदीव
D. म्याँमार

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**कच्चातिवु द्वीप:**

- कच्चातिवु भारत और श्रीलंका के बीच पाक जलसंधि (Palk Strait) में 285 एकड़ में विस्तृत एक निर्जन द्वीप है जो भारत के रामेश्वरम से लगभग 14 समुद्री मील की दूरी पर स्थित है।
- वर्ष 1974 में भारत की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और श्रीलंका की सिरिमा आर.डी. भंडारनायके ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किये, जिससे कच्चातिवु को श्रीलंका क्षेत्र के हिस्से के रूप में मान्यता दी गई तथा इस समझौते के तहत संबद्ध क्षेत्र का स्वामित्व श्रीलंका को सौंप दिया गया।

**13. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA) के तहत किसी आरोपी को निर्दोष साबित होने तक दोषी माना जाता है।
2. एक न्यायाधीश धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA) के तहत ज़मानत दे सकता है जब वह संतुष्ट हो जाए कि आरोपी निर्दोष है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**धन शोधन निवारण अधिनियम (Prevention of Money Laundering Act- PMLA):**

- PMLA मनी-लॉन्ड्रिंग/धन शोधन को रोकने और धन शोधन से प्राप्त या उसमें शामिल संपत्ति को जब्त करने तथा उससे जुड़े या उसके आकस्मिक मामलों के लिये एक अधिनियम है।
- PMLA के प्रावधानों के अनुसार, इस कानून के तहत किसी आरोपी को निर्दोष साबित होने तक दोषी माना जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - एंग्लो-सैक्सन न्यायशास्त्र का एक बुनियादी सिद्धांत यह है कि किसी व्यक्ति को दोषी साबित होने तक निर्दोष माना जाता है। PMLA इस सिद्धांत के विपरीत है।
- PMLA की धारा 45 के अनुसार एक जज तभी ज़मानत दे सकता है जब वह संतुष्ट हो जाए कि आरोपी निर्दोष है। **अत: कथन 2 सही है।**
    - इस धारा के अनुसार धन शोधन मामले में किसी आरोपी को ज़मानत तभी दी जा सकती है जब दोनों शर्तें पूरी हों - प्रथम दृष्टया संतुष्टि होनी चाहिये कि आरोपी ने अपराध नहीं किया है और ज़मानत पर रहने के दौरान उसके कोई अपराध करने की संभावना नहीं है।

**14. हाल ही में सौर फोटोवोल्टिक मॉड्यूल के मॉडल और निर्माता (अनिवार्य पंजीकरण की आवश्यकता) आदेश, 2019 को मंज़ूरी दी गई थी। इस संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आदेश में सौर मॉड्यूल निर्माताओं को राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान द्वारा अपनी विनिर्माण सुविधाओं के निरीक्षण के लिये प्रस्तुत करने की आवश्यकता है।
2. राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान का मुख्यालय गुरुग्राम, हरियाणा में है।
3. भारत वर्ष 2030 तक अपनी लगभग आधी ऊर्जा आवश्यकताओं को गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से पूरा करने की योजना बना रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. उपरोक्त सभी

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**सौर ऊर्जा:**

- सौर फोटोवोल्टिक मॉड्यूल के स्वीकृत मॉडल और निर्माता (अनिवार्य पंजीकरण की आवश्यकता) आदेश, 2019, मॉड्यूल निर्माताओं को राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान द्वारा अपनी विनिर्माण सुविधाओं के निरीक्षण के लिये प्रस्तुत करने की आवश्यकता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान (NISE) का मुख्यालय गुरुग्राम, हरियाणा में है। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत की वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से लगभग 500 गीगावॉट, यानी ऊर्जा की लगभग आधी आवश्यकता प्राप्त करने की महत्त्वाकांक्षी योजना है। **अत: कथन 3 सही है।**

**15. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय किसान आयोग का गठन वर्ष 2004 में एम. एस. स्वामीनाथन की अध्यक्षता में किया गया था।
2. राष्ट्रीय किसान आयोग ने सिफारिश की कि MSP, उत्पादन की भारित औसत लागत से कम-से-कम 67 प्रतिशत अधिक होना चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP):**

- राष्ट्रीय किसान आयोग (National Commission on Farmers- NCF) एक भारतीय आयोग है जिसका गठन भारत में किसानों की आत्महत्या की राष्ट्रव्यापी आपदा से निपटने के लिये प्रोफेसर एम. एस. स्वामीनाथन की अध्यक्षता में 18 नवंबर, 2004 को किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- एम. एस. स्वामीनाथन के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय किसान आयोग ने सिफारिश की कि MSP, उत्पादन की भारित औसत लागत से कम-से-कम 50 प्रतिशत अधिक होना चाहिये।
    - इसे C2+50 प्रतिशत फॉर्मूला के रूप में भी जाना जाता था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इसमें किसानों को 50 फीसदी रिटर्न देने के लिये पूंजी की इनपुट लागत और ज़मीन का किराया शामिल है।

नोट :

- इसमें किसानों को 50% रिटर्न देने के लिये पूंजी की अनुमानित लागत और भूमि पर किराया शामिल है।
- C2 आमतौर पर लागत A2+FL से 35-40 प्रतिशत अधिक है जो MSP को कई गुना बढ़ा देगा।

**16. हाल ही में दासू जलविद्युत परियोजना चर्चा में थी। यह किस देश में स्थित है?**

A. पाकिस्तान
B. चीन
C. नेपाल
D. भूटान

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**दासू जलविद्युत परियोजना:**

- दासू एक बड़ा जलविद्युत गुरुत्वाकर्षण बाँध है जो वर्तमान में पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कोहिस्तान ज़िले में दासू के पास सिंधु नदी पर निर्माणाधीन है।
- दासू जलविद्युत परियोजना चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (China-Pakistan Economic Corridor-CPEC) का हिस्सा है, जो 65 अरब डॉलर की निवेश योजना है, जिसका लक्ष्य बीजिंग के बेल्ट और रोड पहल के हिस्से के रूप में पश्चिमी चीन को दक्षिणी पाकिस्तान से जोड़ना है।

**17. निम्नलिखित में से कौन-से यूरोपीय देश भारत-EFTA व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते का हिस्सा हैं?**

1. आइसलैंड
2. नॉर्वे
3. लिकटेंस्टाइन
4. फ्राँस

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 4
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1, 2 और 3
D. उपर्युक्त सभी

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारत-EFTA व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता:**

- 10 मार्च, 2024 को यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के सदस्य राज्यों- आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्ज़रलैंड एवं भारत गणराज्य ने एक व्यापक व्यापार तथा आर्थिक साझेदारी समझौते (TEPA) पर हस्ताक्षर किये। **अत: विकल्प C सही है।**
- EFTA ने आगामी 15 वर्षों में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के स्टॉक में 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक की वृद्धि करने और निवेशों के माध्यम से भारत में 1 मिलियन प्रत्यक्ष रोज़गार सृजन करने के उद्देश्य से निवेश को बढ़ावा देने के लिये प्रतिबद्धता जताई है। ये निवेश विदेशी पोर्टफोलियो निवेश को कवर नहीं करता है।
- FTA के इतिहास में पहली बार लक्ष्य-उन्मुख निवेश को बढ़ावा देने और नौकरियों के सृजन के संबंध में कानूनी प्रतिबद्धता जताई गई।

**18. निम्नलिखित में से किस निकाय ने "वैश्विक जलवायु की स्थिति" रिपोर्ट जारी की है?**

A. जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क अभिसमय (UNFCCC)
B. विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO)
C. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)
D. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**"वैश्विक जलवायु की स्थिति" रिपोर्ट:**

- संयुक्त राष्ट्र के विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) द्वारा "वैश्विक जलवायु की स्थिति" रिपोर्ट जारी की गई। **अत: विकल्प B सही है।**
- WMO की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2023 रिकॉर्ड स्तर पर सबसे ऊष्म वर्ष था जिसमें पृथ्वी के धरातल के निकट वैश्विक औसत सतह तापमान 1.45 डिग्री सेल्सियस (± 0.12 डिग्री सेल्सियस की अनिश्चितता के मार्जिन के साथ) था, जो कि पूर्व-औद्योगिक आधार रेखा से अधिक था। यह रिकॉर्ड स्तर पर दस वर्ष की सबसे ऊष्मित अवधि थी।
- तापमान में यह वृद्धि स्पष्ट रूप से विभिन्न देशों द्वारा प्रतिबद्ध 1.5 डिग्री सेल्सियस के निर्धारित लक्ष्य से अधिक होने वाली है।

**19. कच्चातिवु द्वीप के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये -**

1. पुर्तगालियों ने कुछ समय के लिये कच्चातिवु द्वीप पर अधिकार क्षेत्र का प्रयोग किया।
2. यह रामनाद (रामनाथपुरम) के तत्कालीन राजा की ज़मीन (रियासत) का हिस्सा था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**कच्चातिवु द्वीप:**

- कच्चातिवु द्वीप भारत के दक्षिण-पूर्वी तट (तमिलनाडु) और श्रीलंका के उत्तरी तट के बीच, पाक जलडमरूमध्य में स्थित निर्जन द्वीपों का एक युग्म है। बड़े द्वीप को कच्चातिवु के नाम से जाना जाता है, जबकि छोटे को इमरावन कहा जाता है।
    - भारत ने कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया। यह टापू ब्रिटिश भारत व सीलोन (अब श्रीलंका) के बीच विवाद का विषय था और इसकी कोई सहमत सीमा नहीं थी, यह मामला वर्ष 1974 तथा वर्ष 1976 के समझौतों के माध्यम से सुलझाया गया था।
- वर्ष 1505-1658 ई. के दौरान पुर्तगालियों ने इस द्वीप पर अधिकार स्थापित कर लिया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- रामनाद [रामनाथपुरम] के तत्कालीन राजा के पास अपनी ज़मीन के हिस्से के रूप में इसका अधिकार क्षेत्र था। **अतः कथन 2 सही है।**

**20. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 1967 के युद्ध में इज़रायल ने सीरिया से गोलन हाइट्स पर कब्ज़ा कर लिया था।
2. गाज़ा पट्टी इज़रायल और जॉर्डन के बीच स्थित है।
3. वेस्ट बैंक इज़रायल और मिस्र के बीच स्थित है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने कथन सही हैं/हैं?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- गोलन हाइट्स एक रणनीतिक पठार है जिसपर इज़रायल ने वर्ष 1967 के युद्ध में सीरिया से कब्ज़ा कर लिया था। इज़रायल ने वर्ष 1981 में प्रभावी रूप से इस क्षेत्र पर कब्ज़ा कर लिया। हाल ही में संयुक्त राज्य अमेरिका ने आधिकारिक तौर पर येरुशलम और गोलन हाइट्स को इज़रायल के हिस्से के रूप में मान्यता दी है। **अतः कथन 1 सही है।**
- गाज़ा पट्टी इज़रायल और मिस्र के बीच स्थित है। इज़रायल ने वर्ष 1967 के बाद पट्टी पर कब्ज़ा कर लिया, लेकिन ओस्लो शांति प्रक्रिया के दौरान अधिकांश क्षेत्र में गाज़ा शहर एवं दिन-प्रतिदिन के प्रशासन पर नियंत्रण छोड़ दिया। वर्ष 2005 में इज़रायल ने एकतरफा तरीके से यहूदी बस्तियों को क्षेत्र से हटा दिया, हालाँकि इसने इस तक अंतर्राष्ट्रीय पहुँच को नियंत्रित करना जारी रखा है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- वेस्ट बैंक इज़रायल और जॉर्डन के बीच स्थित है। इसके प्रमुख शहरों में से एक रामल्लाह है, जो फिलिस्तीन की वास्तविक प्रशासनिक राजधानी है। वर्ष 1967 के युद्ध में इज़रायल ने इस पर कब्ज़ा कर लिया और पिछले कुछ वर्षों में वहाँ बस्तियाँ बसा लीं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**21. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-**

1. यदि वास्तविक अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो जाता है तो भारत मौसम विज्ञान विभाग लू की घोषणा कर सकता है।
2. आर्द्र बल्ब तापमान वह उच्चतम तापमान है जिस तक किसी सतह को पानी के वाष्पीकरण द्वारा ठंडा किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**हीट वेव:**

- यदि किसी स्थान का अधिकतम तापमान मैदानी इलाकों में कम-से-कम 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक एवं पहाड़ी क्षेत्रों में कम-से-कम 30 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक तक पहुँच जाता है तो इसे हीट वेव की स्थिति माना जाता है। जिसमें सामान्य से विचलन से लगभग 4.5-6.4 डिग्री सेल्सियस का अंतर होता है।
- यदि वास्तविक अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर जाता है तो भारत मौसम विज्ञान विभाग लू की घोषणा भी कर सकता है और यदि यह 47 डिग्री सेल्सियस को पार कर जाता है तो 'गंभीर हीट वेव' घोषित कर सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यदि आर्द्र बल्ब का तापमान 30-35 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो जाए तो हीट वेव के बाहर गर्मी घातक हो सकती है।
- आर्द्र बल्ब तापमान वह न्यूनतम तापमान है जिस तक किसी सतह को पानी के वाष्पीकरण द्वारा ठंडा किया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**22. निम्नलिखित में से कौन-सा देश "ज़ोमिया" क्षेत्र का हिस्सा है?**

1. भारत
2. म्याँमार
3. लाओस
4. चीन

नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 4
B. केवल 1, 2 और 4
C. केवल 2, 3, और 4
D. उपर्युक्त सभी

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**"ज़ोमिया" क्षेत्र:**

- ज़ोमिया उस क्षेत्र के लिये एक अकादमिक शब्द है जहाँ उत्तर-पूर्व भारत, दक्षिण-पश्चिम चीन और दक्षिण-पूर्व एशिया के ऊँचे क्षेत्र मिलते हैं।
- इस क्षेत्र में उत्तरी इंडो-चीन (उत्तरी वियतनाम एवं सभी लाओस), थाईलैंड, उत्तरी म्याँमार की शान पहाड़ियाँ (Shan Hills) तथा दक्षिण-पश्चिम चीन के पर्वत शामिल हैं, जिनमें से कुछ इस क्षेत्र का पश्चिम में तिब्बत, पूर्वोत्तर भारत, पाकिस्तान और अफगानिस्तान तक विस्तार करते है। **अतः विकल्प D सही है।**
- ये क्षेत्र एक समान ऊँचाई, ऊबड़-खाबड़ इलाके को साझा करते हैं और ये जातीय अल्पसंख्यकों के आवास स्थल रहे हैं जिन्होंने राज्य के नियंत्रण एवं प्रभाव से दूर रहकर अपनी स्थानीय संस्कृतियों को संरक्षित किया है।
- यह एक ऐसा क्षेत्र है जहाँ केंद्रीकृत राज्य नियंत्रण परंपरागत रूप से कमज़ोर रहा है और यह अल्पसंख्यक आबादी से भरा है, जिनमें से कुछ औपचारिक राज्य सीमाओं के पार विस्तृत हैं।

**23. धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :**

1. PMLA अनुसूचित अपराधों के लिये विशेष न्यायालय द्वारा मुकदमे की सुनवाई का प्रावधान करता है।
2. PMLA के तहत अधिकारियों के पास मनी लॉन्ड्रिंग से प्राप्त या इसमें शामिल संपत्तियों को जब्त करने की कोई शक्ति नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA):**

- PMLA की धारा 44(1)(a) में कहा गया है कि PMLA की धारा 4 के तहत दंडनीय अपराध तथा उससे जुड़ा कोई भी अनुसूचित अपराध उस क्षेत्र के लिये गठित विशेष न्यायालय द्वारा मुकदमा चलाया जाएगा जहाँ अपराध किया गया है।**अतः कथन 1 सही है।**
- निदेशक, वित्तीय खुफिया इकाई - भारत (FIU-IND) एवं निदेशक (प्रवर्तन) को अधिनियम के प्रावधानों को लागू करने हेतु अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत विशेष और समवर्ती शक्तियाँ प्रदान की गई हैं।
- PMLA मनी लॉन्ड्रिंग को रोकने तथा मनी लॉन्ड्रिंग से प्राप्त अथवा उसमें शामिल संपत्ति को जब्त करने के साथ-साथ उससे जुड़े या उसके प्रासंगिक मामलों के लिये एक अधिनियम है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**24. आदर्श आचार संहिता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये -**

1. भारतीय चुनाव आयोग (ECI), लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के अंतर्गत चुनाव से पहले आदर्श आचार संहिता निर्धारित करता है।
2. MCC सत्ता में रहने वाली पार्टी को चाहे वह केंद्र में हो या राज्य में प्रचार के लिये अपनी आधिकारिक स्थिति का उपयोग करने से रोकती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर B**

**व्याख्या:**

**आदर्श आचार संहिता:**

- भारत का चुनाव आयोग (ECI), आदर्श आचार संहिता को निर्मित करता है जो चुनाव से पहले राजनीतिक दलों तथा उम्मीदवारों को विनियमित करने के लिये जारी दिशा-निर्देशों का एक समूह है। MCC को किसी भी कानून के तहत कोई वैधानिक समर्थन प्राप्त नहीं है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- राजनीतिक दलों अथवा उम्मीदवारों की आलोचना केवल उनके कार्य रिकॉर्ड के आधार पर की जा सकती है और साथ ही मतदाताओं को लुभाने के लिये किसी जाति एवं सांप्रदायिक भावनाओं का प्रयोग नहीं किया जा सकता है। चुनाव प्रचार के लिये मस्जिदों, चर्चों, मंदिरों अथवा किसी अन्य पूजा स्थल का उपयोग नहीं किया जाना चाहिये। मतदाताओं को रिश्वत देना, डराना-धमकाना अथवा उनका प्रतिरूपण करना भी वर्जित है।
- MCC चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की तारीख से चुनाव के नतीजे आने की तारीख तक लागू रहता है।
- जैसे ही संहिता लागू होती है, सत्ता में रहने वाली पार्टी (चाहे वह केंद्र में हो या राज्य में) को यह सुनिश्चित करना चाहिये कि वह चुनाव प्रचार हेतु अपनी आधिकारिक स्थिति का उपयोग नहीं करेगी। **अतः कथन 2 सही है।**

**25. केंद्र और राज्यों के बीच वित्तीय संबंध के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन अधिनियम, 2003 के अनुसार, राज्य सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) के 3% की वार्षिक सीमा उधार ले सकते हैं।
2. यदि राज्य का ऋण-GSDP अनुपात पिछले वर्ष के 25% से कम या उसके बराबर है, तो वे इससे अधिक 0.25% के लचीलेपन के लिये पात्र होंगे।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**संघ और राज्यों के बीच वित्तीय संबंध:**

- केंद्र और विभिन्न राज्य सरकारों के बीच वित्तीय संबंध बड़ी बहस का मुद्दा रहा है।
- 14वें वित्त आयोग की सिफारिश के अनुसार, राज्यों को उसमें उल्लिखित शर्तों की पूर्ति के अधीन अतिरिक्त उधार सीमा तक पहुँच प्राप्त है।
- सभी राज्यों का राजकोषीय घाटा सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) की 3% की वार्षिक सीमा तक सीमित रहेगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- राज्य किसी भी वर्ष, जिसके लिये उधार सीमा तय की जानी है, के लिये इसके अतिरिक्त 0.25 प्रतिशत लचीलेपन के लिये पात्र होंगे यदि उनका ऋण-GSDP अनुपात पिछले वर्ष में 25 प्रतिशत से कम या उसके बराबर है। **अतः कथन 2 सही है।**
- राज्य किसी दिये गए वर्ष में GSDP के 0.25 प्रतिशत की अतिरिक्त उधार सीमा के लिये पात्र होंगे, जिसके लिये उधार सीमा तय की जानी है यदि ब्याज भुगतान पिछले वर्ष में राजस्व प्राप्तियों के 10% से कम या उसके बराबर है।

**26. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. क्रोनी-कैपिटलिज़्म एक ऐसी स्थिति को संदर्भित करता है जहाँ व्यवसाय मुख्य रूप से मुक्त बाज़ार सिद्धांतों के बजाय सरकारी अधिकारियों के साथ घनिष्ठ संबंधों के कारण फलते-फूलते हैं।
2. क्रोनी कैपिटलिज़्म सूचकांक "द इकोनॉमिस्ट" द्वारा जारी किया जाता है।
3. इससे अर्थव्यवस्था की प्रतिस्पर्द्धा और नवाचार में कमी आ सकती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**क्रोनी-कैपिटलिज़्म:**

- क्रोनी-कैपिटलिज़्म एक ऐसी स्थिति का वर्णन करता है जिसमें व्यवसायों को प्रतिस्पर्द्धा-विरोधी नियामक वातावरण, प्रत्यक्ष सरकारी उदारता और/या भ्रष्टाचार के माध्यम से राज्य सत्ता के साथ घनिष्ठ संबंध से लाभ होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- क्रोनी कैपिटलिज़्म सूचकांक "द इकोनॉमिस्ट" द्वारा जारी किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- बड़े व्यवसायों की प्रमुख स्थिति प्रतिस्पर्द्धा को खत्म कर देती है तथा उन्हें अपने उत्पादों/सेवाओं को नया करने या सुधारने के लिये हतोत्साहित करती है। **अतः कथन 3 सही है।**

**27. "भारत रोज़गार रिपोर्ट" निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की जाती है?**

1. मानव विकास संस्थान
2. अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन
3. विश्व आर्थिक मंच

सही उत्तर का चयन कीजिये-

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

उत्तर: B

व्याख्या:

**भारत रोज़गार रिपोर्ट (IER):**

- मानव विकास संस्थान (IHD) तथा अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) ने 'भारत रोज़गार रिपोर्ट 2024' शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की है, जो इस बात पर प्रकाश डालती है कि भारत के युवा बढ़ती बेरोज़गारी दर से जूझ रहे हैं। **अत: विकल्प B सही है।**
- भारत रोज़गार रिपोर्ट 2024 श्रम तथा रोज़गार के मुद्दों पर IHD द्वारा नियमित प्रकाशनों की श्रृंखला में तीसरी है।
- रिपोर्ट मुख्य रूप से वर्ष 2000 से 2022 के बीच राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण एवं आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के डेटा के विश्लेषण पर आधारित है, जिसमें वर्ष 2023 के लिये एक पश्चलेख (postscript) भी शामिल है।

**28. "ऑफ बजट देयताएँ" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये देयताएँ केंद्र सरकार को विशिष्ट परियोजनाओं या व्ययों को वित्तपोषित करने की अनुमति देती हैं।
2. इनको राजकोषीय घाटे की गणना में गिना जाता है।
3. ये नियमित सरकारी देयताएँ की तरह संसदीय अनुमोदन के अधीन हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

उत्तर: A

व्याख्या:

**सरकारी देयताएँ:**

- ऑफ बजट देयताओं में विशिष्ट उद्देश्यों को पूरा करने या कुछ व्ययों को बहीखातों से दूर रखने के लिये वैकल्पिक वित्तपोषण तंत्र का उपयोग करना शामिल है, इस प्रकार बजट दस्तावेज़ों में सरकारी देनदारियों की पूरी सीमा नहीं दिखाई जाती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- "ऑफ बजट देयताओं" के तहत ऋण और आस्थगित भुगतान राजकोषीय घाटे की गणना का हिस्सा नहीं हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- ये देयताएँ विधायी जाँच के अधीन नहीं हैं और बजट के बाहर हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**29. उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (NATO) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

1. NATO अपने सदस्य देशों के लिये सामूहिक सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु एक ट्रांस-पेसिफिक सैन्य और राजनीतिक गठबंधन है।
2. 4 अप्रैल, 1949 को अपनी स्थापना के बाद से इसका विस्तार 12 संस्थापक सदस्यों से बढ़कर 32 सदस्य देशों तक हो गया है।
3. वाशिंगटन संधि का अनुच्छेद 5 सामूहिक रक्षा खंड का प्रावधान करता है।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. उपर्युक्त सभी

उत्तर: B

व्याख्या:

**उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (NATO):**

- NATO, एक महत्त्वपूर्ण ट्रांस-अटलांटिक सैन्य और राजनीतिक गठबंधन, अपने सदस्य देशों के लिये सामूहिक सुरक्षा सुनिश्चित करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्ष 1949 में यूरोप और उत्तरी अमेरिका के बहुमत वाले 12 संस्थापक देशों द्वारा स्थापित, यह अंतर्राष्ट्रीय स्थिरता की आधारशिला बना हुआ है।
- NATO के अब UK, US, कनाडा, फ्राँस, जर्मनी, इटली, स्पेन और तुर्की सहित पूरे यूरोप एवं उत्तरी अमेरिका में 32 सदस्य हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- NATO विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के लिये प्रतिबद्ध है। यदि कूटनीतिक प्रयास विफल हो जाते हैं, तो उसके पास संकट-प्रबंधन अभियान चलाने की सैन्य शक्ति है। इन्हें NATO की संस्थापक संधि, वाशिंगटन संधि के अनुच्छेद 5 के सामूहिक रक्षा खंड के तहत या संयुक्त राष्ट्र के आदेश के तहत, देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के सहयोग से किया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**30. हाल ही में चर्चा में रहा टरबैट नेवल एयर बेस और सैन्डक कॉपर-गोल्ड प्रोजेक्ट किस देश में स्थित हैं?**

A. पाकिस्तान
B. इज़रायल
C. यूक्रेन
D. ग्रीनलैंड

नोट :

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**पाकिस्तान में आतंकी हमले:**

- हाल ही में कुछ हाई-प्रोफाइल आतंकी हमलों से पाकिस्तान को आघात पहुँचा है।
- पाकिस्तान का दूसरा सबसे बड़ा नौसैनिक हवाई स्टेशन, पीएनएस सिद्दीकी बलूचिस्तान के मकरान के तुर्बत शहर में स्थित है। **अत: विकल्प A सही है।**
- यह चार सक्रिय नेवल एयर आर्म बेस में से एक है, (जबकि अन्य पीएनएस मेहरान, पीएनएस मकरान, नेवल एयर स्टेशन ओरमारा हैं) यह वर्तमान में पीएनएस मेहरान के बाद दूसरा सबसे बड़ा नौसैनिक एयर स्टेशन है।
- सैन्डक कॉपर-गोल्ड माइन पाकिस्तान के बलूचिस्तान के चगाई ज़िले में सैन्डक शहर के पास स्थित है।

**31. वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट, 2024 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास समाधान नेटवर्क द्वारा प्रकाशित किया गया है।
2. इसमें प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद सहित छह कारक शामिल हैं।
3. वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट (WHR) 2024 में भारत 126वें स्थान पर है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. उपर्युक्त सभी

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट (WHR), 2024:**

- वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास समाधान नेटवर्क द्वारा प्रतिवर्ष प्रकाशित की जाती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसमें छह कारकों को ध्यान में रखा जाता है - प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद, स्वस्थ जीवन प्रत्याशा, सामाजिक सहयोग, जीवन विकल्प चुनने की स्वतंत्रता, उदारता और भ्रष्टाचार से मुक्ति। अत: कथन 2 सही है।
- वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट (WHR), 2024 में भारत 143 देशों में 126वें स्थान पर है। **अत: कथन 3 सही है।**
- फिनलैंड लगातार सातवें वर्ष विश्व का सबसे खुशहाल देश है।

**32. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-**

1. संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के अनुसार, भारत की जनसंख्या 2064 के आस-पास चरम पर पहुँचने का अनुमान है।
2. राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 5 के अनुसार, भारत की कुल प्रजनन दर (TFR) घटकर प्रति महिला 2.0 बच्चे हो गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारत की प्रजनन दर में गिरावट:**

- वर्ष 2019-21 के दौरान स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) द्वारा पोषित राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 5 के अनुसार, भारत की कुल प्रजनन दर (TFR) घटकर प्रति महिला 2.0 बच्चे हो गई है जबकि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 4 के अनुसार, वर्ष 2015-16 के दौरान भारत की कुल प्रजनन दर (TFR) प्रति महिला 2.2 बच्चे थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत की प्रजनन दर, प्रति महिला 2.0 जन्म पर, 2.1 की "प्रतिस्थापन" सीमा से ठीक नीचे थी, जो लंबे समय में जनसंख्या स्थिरीकरण के लिये आवश्यक स्तर है।
- संयुक्त राष्ट्र के नवीनतम अनुमानों के अनुसार, भारत की जनसंख्या 2064 के आस-पास अपने चरम तक पहुँचने और फिर धीरे-धीरे कम होने की उम्मीद है। **अत: कथन 2 सही है।**

**33. नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति, 2024 के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह नीति भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी की गई है।
2. ई नीति के तहत कंपनियों को EV के लिये स्थानीय विनिर्माण स्थापित करने के लिये देश में न्यूनतम 4,150 करोड़ रुपए का निवेश करना अनिवार्य है।
3. इस नीति के अनुसार, कार विनिर्माण घटकों का कम-से-कम 25% स्थानीय स्तर पर स्रोत होना चाहिये।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. उपर्युक्त सभी

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2024:**

- भारी उद्योग मंत्रालय ने भारत को विनिर्माण गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने के लिये नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2024 को मंज़ूरी दी है ताकि देश में नवीनतम तकनीक वाले ई-वाहन (EV) का निर्माण किया जा सके। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस नीति में अन्य बातों के अलावा निम्नलिखित बातें भी शामिल हैं:-
- नई नीति के तहत कंपनियों को EV के लिये स्थानीय विनिर्माण स्थापित करने के लिये देश में न्यूनतम 4,150 करोड़ रुपए का निवेश करना अनिवार्य है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - इसमें अधिकतम निवेश राशि की कोई सीमा नहीं है।
- **विनिर्माण के लिये समय-सीमा:** भारत में विनिर्माण सुविधाएँ स्थापित करने के लिये 3 वर्ष और ई-वाहनों का वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करना तथा अधिकतम 5 वर्षों के भीतर 50% घरेलू मूल्यवर्द्धन (DVA) तक पहुँचना है।
- **विनिर्माण के दौरान घरेलू मूल्य संवर्द्धन (DVA):** इसके तहत तीसरे वर्ष तक 25% और पाँचवें वर्ष तक 50% का स्थानीयकरण स्तर हासिल करना होगा। **अतः कथन 3 सही है।**

**34. भारत में सरोगेसी कानूनों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सरोगेसी (विनियमन) अधिनियम 2021 के तहत, सरोगेसी केवल परोपकारी उद्देश्यों के लिये या सिद्ध बाँझपन या बीमारी वाले युगलों के लिये स्वीकार्य है।
2. परोपकारी सरोगेसी में सरोगेट को चिकित्सा व्यय और अन्य संबंधित लागतों की प्रतिपूर्ति से अधिक वित्तीय मुआवज़ा नहीं मिलता है।
3. यह व्यावसायिक सरोगेसी पर प्रतिबंध लगाता है, जिसके लिये 10 वर्ष की जेल की सज़ा और 10 लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**सरोगेसी नियम:**

- सरोगेसी (विनियमन) अधिनियम 2021 के तहत, सरोगेसी केवल परोपकारी उद्देश्यों के लिये या सिद्ध बाँझपन या बीमारी वाले युगलों के लिये स्वीकार्य है। बिक्री या शोषण के प्रयोजन सहित वाणिज्यिक सरोगेसी पर सख्ती से प्रतिबंध लगा हुआ है। **अतः कथन 1 सही है।**
- परोपकारी सरोगेसी एक सरोगेसी व्यवस्था को संदर्भित करती है जहाँ सरोगेट को चिकित्सा व्यय और अन्य संबंधित लागतों की प्रतिपूर्ति से अधिक वित्तीय मुआवज़ा नहीं मिलता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने पहले के नियमों में संशोधन किया है जिसमें कहा गया था कि सरोगेसी से गुज़रने वाले युगलों के पास इच्छुक युगल से दोनों युग्मक होने चाहिये।
- इस अधिनियम के तहत अपराधों में व्यावसायिक सरोगेसी, भ्रूण की बिक्री, शोषण, सरोगेट बच्चे को छोड़ना आदि शामिल हैं। इनमें 10 वर्ष तक की कैद और 10 लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**35. चिकित्सीय उपकरणों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत एशिया का चौथा सबसे बड़ा चिकित्सीय उपकरण बाज़ार है।
2. चिकित्सीय उपकरण क्षेत्र में घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिये उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना (PLI) में चार प्रमुख खंड शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**चिकित्सीय उपकरण क्षेत्र में उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना (PLI):**

- वर्तमान में भारत दुनिया के शीर्ष 20 वैश्विक चिकित्सीय उपकरण बाज़ारों में से एक है और जापान, चीन एवं दक्षिण कोरिया के बाद एशिया में चौथा सबसे बड़ा चिकित्सा उपकरण बाज़ार है। **अतः कथन 1 सही है।**
- सरकार ने चार प्रमुख क्षेत्रों में 3,420 करोड़ रुपए (~$400 मिलियन) के वित्तीय प्रोत्साहन के साथ चिकित्सीय उपकरण क्षेत्र में बड़े निवेश को आकर्षित करने और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिये एक मॉडल के रूप में: कैंसर देखभाल / रेडियोथेरेपी चिकित्सीय उपकरण, रेडियोलॉजी और इमेजिंग चिकित्सा उपकरण (आयनीकरण एवं गैर-आयनीकरण विकिरण

नोट :

उत्पाद दोनों) तथा परमाणु इमेजिंग उपकरण, एनेस्थेटिक्स एवं कार्डियो-श्वसन चिकित्सीय उपकरण व प्रत्यारोपण योग्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों सहित सभी प्रत्यारोपण जैसे उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (PLI) योजना शुरू की। **अतः कथन 2 सही है।**

**36. निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन डेमोक्रेसी रिपोर्ट 2024 जारी करता है?**

A. वी-डेम
B. द इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट
C. विश्व बैंक
D. संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**'डेमोक्रेसी रिपोर्ट 2024':**

- वी-डेम (या वैरायटीज़ ऑफ डेमोक्रेसी) अपनी 'डेमोक्रेसी रिपोर्ट 2024' में लोकतंत्र के उदार और चुनावी दोनों पहलुओं को शामिल करता है।
- वी-डेम रिपोर्ट लिबरल डेमोक्रेटिक इंडेक्स (LDI) में उनके स्कोर के आधार पर देशों को चार शासन प्रकारों: लिबरल डेमोक्रेसी, इलेक्टोरल डेमोक्रेसी, इलेक्टोरल ऑटोक्रेसी और क्लोज़्ड ऑटोक्रेसी में वर्गीकृत करती है।
- इस मामले में भारत 28 अंक के साथ 104वें स्थान पर है तथा पिछली बार की तुलना में यह और भी खराब स्थिति है।

**अतः विकल्प A सही उत्तर है।**

**37. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय निर्वाचन आयोग (ECI) द्वारा उपयोग की जा रही एक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM) अधिकतम 2,000 वोट रिकॉर्ड कर सकती है।
2. VVPAT इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों से जुड़ी एक स्वतंत्र प्रणाली है जो मतदाताओं को यह सत्यापित करने की अनुमति देती है कि उनका वोट उनके इच्छित उद्देश्य के अनुसार डाला गया है।

**सही कथनों का चयन कीजिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**EVM और VVPAT:**

- इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM) वोट रिकॉर्ड करने के लिये एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है।
- EVM के लिये बिजली की ज़रूरत नहीं होती है। EVM भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड/इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा असेंबल की गई एक साधारण बैटरी पर चलती हैं।
- ECI द्वारा उपयोग की जा रही एक EVM अधिकतम 2,000 वोट रिकॉर्ड कर सकती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (VVPAT) इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों से जुड़ी एक स्वतंत्र प्रणाली है जो मतदाताओं को यह सत्यापित करने की अनुमति देती है कि उनका वोट उनके इच्छित उद्देश्य के अनुसार डाला गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- जब वोट डाला जाता है, तो एक पर्ची मुद्रित होती है जिसमें उम्मीदवार का क्रमांक, नाम और प्रतीक होता है तथा 7 सेकंड के लिये एक पारदर्शी विंडो के माध्यम से खुला रहता है। इसके बाद यह मुद्रित पर्ची अपने आप कटकर VVPAT के सीलबंद ड्रॉप बॉक्स में गिर जाती है।

**38. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

A. भारतीय न्याय संहिता, 2023, भारतीय दंड संहिता, 1860 (IPC) का स्थान लेती है।
B. सभी तीन नए अधिनियमित आपराधिक कानून 1 जुलाई, 2024 से लागू होंगे।
C. भारतीय न्याय संहिता में पहली बार आतंकवाद को परिभाषित किया गया है।
D. 14 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं से बलात्कार से संबंधित मामलों में मृत्युदंड का प्रावधान किया गया है।

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**नए आपराधिक कानून:**

- भारतीय न्याय संहिता, 2023, भारतीय दंड संहिता, 1860 (IPC) का स्थान लेती है, जो दांडिक अपराधों पर प्रमुख कानून है। यह छोटे अपराधों के लिये दंड के रूप में पहली बार सामुदायिक सेवा प्रदान करती है। **अतः कथन A सही है।**
- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1 जुलाई, 2024 से ब्रिटिश काल के भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की जगह लेंगे। **अतः कथन B सही है।**
- आतंकवाद शब्द को पहली बार भारतीय न्याय संहिता में परिभाषित किया गया है। कानूनों में आतंकवाद की स्पष्ट परिभाषा दी गई है। **अतः कथन C सही है।**

नोट :

- 18 वर्ष से कम आयु की महिलाओं के साथ बलात्कार से संबंधित मामलों में आजीवन कारावास या मृत्युदंड का प्रावधान किया गया है। **अतः कथन D सही नहीं है।**

**39. विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2023 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह रिपोर्ट स्विस संगठन IQAir द्वारा जारी की गई थी।
2. भारत को दुनिया के तीसरे सबसे प्रदूषित देश के रूप में चिह्नित किया गया है।
3. रोहतक को दुनिया के सबसे प्रदूषित महानगरीय क्षेत्र के रूप में चिह्नित किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 3
D. केवल 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2023:**

- विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2023 स्विस संगठन IQAir द्वारा जारी की गई। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत को दुनिया के तीसरे सबसे प्रदूषित देश के रूप में स्थान दिया गया है, जहाँ औसत वार्षिक PM2.5 सांद्रता 54.4 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर है। **अतः कथन 2 सही है।**
- बांग्लादेश और पाकिस्तान ने प्रदूषण स्तर के मामले में भारत को पीछे छोड़ दिया तथा क्रमशः सबसे अधिक एवं दूसरे सबसे प्रदूषित देश बन गए।
- बिहार में बेगुसराय को दुनिया के सबसे प्रदूषित महानगरीय क्षेत्र के रूप में चिह्नित किया गया है, जहाँ औसत PM2.5 सांद्रता 118.9 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**40. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सभी उच्च शिक्षा संस्थान (HEI) धीरे-धीरे पूर्ण स्वायत्तता - शैक्षणिक, प्रशासनिक और वित्तीय की ओर बढ़ेंगे।
2. वर्ष 2030 तक प्रत्येक ज़िले में या उसके निकट एक बहु-विषयक HEI होना चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020:**

- सभी उच्च शिक्षा संस्थानों (HEI) को तीन श्रेणियों में पुनर्गठित किया जाएगा: (i) अनुसंधान और शिक्षण पर समान रूप से ध्यान केंद्रित करने वाले अनुसंधान विश्वविद्यालय, (ii) मुख्य रूप से शिक्षण पर ध्यान केंद्रित करने वाले शिक्षण विश्वविद्यालय तथा (iii) मुख्य रूप से स्नातक शिक्षण पर ध्यान केंद्रित वाले तथा डिग्री देने वाले कॉलेज।
- ऐसे सभी संस्थान धीरे-धीरे पूर्ण स्वायत्तता - शैक्षणिक, प्रशासनिक और वित्तीय की ओर बढ़ेंगे। **अतः कथन 1 सही है।**
- सभी HEI को अंततः 3,000 या अधिक छात्रों वाले बड़े बहु-विषयक विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में परिवर्तित किया जाना चाहिये।
- वर्ष 2030 तक प्रत्येक ज़िले में या उसके निकट एक बहु-विषयक HEI होना चाहिये। **अतः कथन 2 सही है।**

**41. म्याँमार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बागो योमा रेंज और शान पठार म्याँमार में स्थित हैं।
2. साल्विन और सेफ्टाउंग नदियाँ म्याँमार में नदी प्रणाली बनाती हैं।
3. म्याँमार भारत के साथ सबसे लंबी सीमा साझा करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. 1, 2 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. केवल 1

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- बागो योमा रेंज और शान पठार दोनों भौगोलिक रूप से म्याँमार के अंदर स्थित हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- म्याँमार में तीन मुख्य नदी प्रणालियाँ हैं - इरावदी, साल्विन एवं सेफ्टाउंग नदियाँ। इरावदी सबसे लंबी नदी है और इसकी लंबाई लगभग 2,170 किमी. (1348 मील) है। **अतः कथन 2 सही है।**
- म्याँमार-चीन सीमा की कुल लंबाई 2204 किलोमीटर, म्याँमार-थाईलैंड सीमा की कुल लंबाई 2107 किलोमीटर, म्याँमार-भारत सीमा की कुल लंबाई 1,643 किलोमीटर और म्याँमार-लाओस सीमा की कुल लंबाई 238 किलोमीटर है। **अतः कथन 3 नहीं सही है।**

नोट :

**42. कश्मीर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. दाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान पश्चिमी हिमालय की ज़बरवान शृंखला में स्थित है।
2. कश्मीर घाटी महान हिमालय और पीर पंजाल शृंखला के बीच स्थित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- दाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान पश्चिमी हिमालय की ज़बरवान शृंखला में स्थित है।
  - यह वर्ष 1910 से एक संरक्षित क्षेत्र है, इसे वर्ष 1981 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था। इस पार्क को हंगुल या कश्मीरी हिरण के आवास स्थल के रूप में जाना जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- काराकोरम, लद्दाख, ज़ास्कर और पीर पंजाल कुछ ऐसी श्रेणियाँ हैं जो कश्मीर या उत्तर-पश्चिमी हिमालय का निर्माण करती हैं। विश्व प्रसिद्ध कश्मीर घाटी एवं प्रसिद्ध डल झील महान हिमालय तथा पीर पंजाल शृंखला के बीच स्थित हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

**43. भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. GDP एक विशिष्ट समय अवधि में किसी देश की सीमाओं के भीतर उत्पादित सभी तैयार वस्तुओं और सेवाओं का कुल मौद्रिक या बाज़ार मूल्य होता है।
2. भारत वर्तमान में नाममात्र के संदर्भ में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।
3. विश्व बैंक ने भारत को उच्च-मध्यम आय वाले देशों के क्लब में रखा था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**सकल घरेलू उत्पाद (GDP):**

- सकल घरेलू उत्पाद (GDP) एक विशिष्ट समय अवधि में देश की सीमाओं के भीतर उत्पादित सभी तैयार वस्तुओं और सेवाओं का कुल मौद्रिक या बाज़ार मूल्य होता है।
  - समग्र घरेलू उत्पादन की व्यापक माप के रूप में यह किसी देश के आर्थिक स्वास्थ्य के व्यापक स्कोरकार्ड के रूप में कार्य करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत वर्तमान में अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान के बाद नाममात्र के मामले में दुनिया की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।
  - भारत के वर्ष 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की GDP के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने और वर्ष 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुँचने की उम्मीद है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- वर्ष 2006 तक विश्व बैंक ने भारत को कम आय वाले देशों की श्रेणी में रखा था। वर्ष 2007 में भारत निम्न-मध्यम आय वाले देश की श्रेणी में पहुँच गया और तब से देश इसी श्रेणी में है। वर्ष 2022 में भारत की प्रति व्यक्ति GDP 2,390 डॉलर थी। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**44. समाचारों में "टू स्टेट सॉल्यूशन" शब्द का उल्लेख किस देश से संबंधित मामलों के संदर्भ में किया जाता है?**

A. चीन
B. इज़रायल
C. इराक
D. यमन

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**टू स्टेट सॉल्यूशन:**

- "टू-स्टेट सॉल्यूशन" इज़रायल-फिलिस्तीन संघर्ष से संबंधित है। इसका उद्देश्य दो स्वतंत्र राज्यों- इज़राइल और फिलिस्तीन के निर्माण के माध्यम से इस संघर्ष का समाधान करना है।
- वर्ष 1993 के ओस्लो समझौते के बाद इसमें तेज़ी आई और कई लोग इसे आसन्न संकट का एकमात्र व्यवहार्य समाधान मानते हैं।
- इस समाधान की रूपरेखा वर्ष 1974 में "फिलिस्तीन के प्रश्न के शांतिपूर्ण समाधान" पर संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव में निर्धारित की गई है।

**अतः विकल्प B सही है।**

नोट :

**45. भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. हेडलाइन मुद्रास्फीति किसी अर्थव्यवस्था के भीतर कुल मुद्रास्फीति का माप है।
2. कोर मुद्रास्फीति में खाद्य और ईंधन में मुद्रास्फीति पर विचार नहीं किया जाता है।
3. RBI की मौद्रिक नीति समिति (MPC) का लक्ष्य +/- 2% के बैंड के भीतर 4% मुद्रास्फीति का मध्यम अवधि का लक्ष्य हासिल करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**मौद्रिक नीति समिति (MPC) और मुद्रास्फीति:**

- हेडलाइन मुद्रास्फीति किसी अर्थव्यवस्था के भीतर कुल मुद्रास्फीति का माप है। इसमें भोजन, ईंधन एवं अन्य सभी वस्तुओं की मूल्य वृद्धि शामिल है। थोक मूल्य सूचकांक (WPI) में व्यक्त मुद्रास्फीति दर हेडलाइन मुद्रास्फीति को दर्शाती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- कोर मुद्रास्फीति भी एक ऐसा शब्द है, जिसका उपयोग किसी अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति की सीमा को दर्शाने के लिये किया जाता है। लेकिन कोर मुद्रास्फीति खाद्य और ईंधन में मुद्रास्फीति पर विचार नहीं करती है। यह हेडलाइन मुद्रास्फीति से ली गई एक अवधारणा है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - कोर मुद्रास्फीति = हेडलाइन मुद्रास्फीति – (खाद्य एवं ईंधन) मुद्रास्फीति।
- RBI की मौद्रिक नीति समिति (MPC) ने मुद्रास्फीति को 4% लक्ष्य के साथ संरेखित करने के लिये फरवरी, 2024 में रेपो रेट को 6.5% पर अपरिवर्तित रखकर मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने पर अपना ध्यान केंद्रित रखा है।
  - MPC का लक्ष्य +/- 2% के बैंड के भीतर 4% मुद्रास्फीति का मध्यम अवधि का लक्ष्य हासिल करना है। **अतः कथन 3 सही है।**

**46. दक्षिण चीन सागर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. "नाइन-डैश लाइन" बीजिंग के दावे वाले दक्षिण चीन सागर के जल और द्वीपों को कवर करती है।
2. स्प्रैटली द्वीप समूह, पैरासेल द्वीप समूह, प्रतास, नटुना द्वीप समूह और स्कारबोरो शोल दक्षिण चीन सागर में स्थित हैं।
3. लुज़ॉन जलडमरूमध्य फिलीपीन सागर को दक्षिण चीन सागर से जोड़ता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 2
B. केवल 1 और 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**दक्षिण चीन सागर:**

- "नाइन-डैश लाइन" अनिवार्य रूप से बीजिंग के दावे वाले दक्षिण चीन सागर के जल और द्वीपों को कवर करती है - समुद्र के 90% भाग पर चीन ने दावा किया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- दक्षिण चीन सागर में प्रमुख द्वीप और चट्टान संरचनाएँ स्प्रैटली द्वीप समूह, पैरासेल द्वीप समूह, प्रतास, नटुना द्वीप और स्कारबोरो शोल शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- दक्षिण चीन सागर ताइवान जलडमरूमध्य द्वारा पूर्वी चीन सागर से और लुज़ॉन जलडमरूमध्य द्वारा फिलीपीन सागर (प्रशांत महासागर के दोनों सीमांत समुद्र) से जुड़ा हुआ है। अतः कथन 3 सही है।

**47. बैलेचली पार्क घोषणा निम्नलिखित में से किससे संबंधित है??**

A. कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI)
B. सूक्ष्म कृषि
C. क्लाउड प्रौद्योगिकी
D. स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर(SMRs)

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**बैलेचली पार्क घोषणा:**

- इंग्लैंड के बैलेचली पार्क में आयोजित कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) सुरक्षा शिखर सम्मेलन 2023 ने सीमांत AI प्रौद्योगिकियों द्वारा उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिये वैश्विक दृष्टिकोण में एक महत्त्वपूर्ण मोड़ चिह्नित किया है।
- फ्रंटियर AI को अत्यधिक सक्षम फाउंडेशन जेनरेटर AI मॉडल के रूप में परिभाषित किया गया है जो मांग पर टेक्स्ट, इमेज, ऑडियो अथवा वीडियो जैसे यथार्थवादी तथा ठोस आउटपुट उत्पन्न कर सकता है।

नोट :

- बैलेचली पार्क घोषणा सीमांत AI जोखिमों से निपटने पर पहला वैश्विक समझौता है और साथ ही यह दुनिया के प्रमुख AI अभिकर्त्ताओं के बीच उच्च स्तरीय राजनीतिक सहमति एवं प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**अत: विकल्प A सही है।**

**48. भारत में निवेश के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में विदेशी निवेशकों द्वारा दूसरे देश की उत्पादक संपत्तियों में सीधे निवेश करना शामिल है।
2. विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (FPI) का तात्पर्य किसी दूसरे देश में जारी वित्तीय संपत्तियों में किये गए निवेश से है।
3. वित्त मंत्रालय विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (FPI) व्यवस्था को नियंत्रित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 2
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI):**

- प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) में विदेशी निवेशकों द्वारा सीधे दूसरे देश की उत्पादक संपत्तियों में निवेश किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसके विपरीत विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (FPI) में एक अलग देश में स्थित संस्थाओं की स्टॉक एवं बॉण्ड जैसी वित्तीय संपत्तियों में निवेश करना शामिल है। **अत: कथन 2 सही है।**
- सेबी विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (FPI) व्यवस्था को नियंत्रित करता है, जो भारत में विदेशी निवेश के लिये एक चैनल के रूप में कार्य करता है।
    - यह देश में विदेशी निवेश को सुव्यवस्थित करते हुए, विदेशी संस्थागत निवेशक (FII) तथा योग्य विदेशी निवेशक (QFI) जैसे पिछले तरीकों में सामंजस्य स्थापित करता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**49. विश्व स्वास्थ्य दिवस के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विश्व स्वास्थ्य दिवस 2024 का विषय है "मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार"।
2. विश्व स्वास्थ्य दिवस उस तारीख को चिह्नित करता है जिस दिन विश्व स्वास्थ्य संगठन का संविधान लागू हुआ था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**विश्व स्वास्थ्य दिवस 2024:**

- विश्व स्वास्थ्य संगठन का संविधान 19 जून से 22 जुलाई, 1946 तक अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य सम्मेलन द्वारा अपनाया गया और 7 अप्रैल, 1948 को लागू हुआ।
    - WHO का संविधान 7 अप्रैल, 1948 को लागू हुआ, यही वज़ह है कि इस तारीख को विश्व स्वास्थ्य दिवस के लिये चुना गया। **अत: कथन 2 सही है।**
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने स्वास्थ्य को मौलिक मानव अधिकार घोषित किया है।
- वर्ष 2024 की थीम है "मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार"। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह विषय इस अनिवार्यता को रेखांकित करता है कि आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच को एक विशेषाधिकार के रूप में नहीं बल्कि एक मौलिक मानव अधिकार के रूप में माना जाना चाहिये।

**50. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (Universal Health Coverage - UHC) का अर्थ है कि सभी लोगों को वित्तीय कठिनाई के बिना गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की पूरी श्रृंखला तक पहुँच प्राप्त हो।
2. 2012 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव का समर्थन किया जिसमें देशों से UHC की दिशा में प्रगति में तेज़ी लाने का आग्रह किया गया।
3. राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति के अनुसार, भारत को वर्ष 2025 तक अपने सकल घरेलू उत्पाद का 3.5% स्वास्थ्य पर खर्च करने की आवश्यकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 3
C. 1 और 2
D. 2 और 3

नोट :

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (Universal Health Coverage - UHC):**

- इसका अर्थ है कि सभी लोगों को वित्तीय कठिनाई के बिना, जब और जहाँ उनकी आवश्यकता हो, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की पूरी श्रृंखला तक पहुँच प्राप्त हो। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसमें स्वास्थ्य संवर्द्धन से लेकर रोकथाम, उपचार, पुनर्वास और उपशामक देखभाल तक आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं की संपूर्ण निरंतरता शामिल है।
- 12 दिसंबर, 2012 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव का समर्थन किया जिसमें देशों से UHC की दिशा में प्रगति में तेज़ी लाने का आग्रह किया गया। **अत: कथन 2 सही है।**
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 के अनुसार भारत को प्रतिवर्ष स्वास्थ्य के लिये अपना बजट बढ़ाने की ज़रूरत है ताकि वर्ष 2025 तक स्वास्थ्य पर सकल घरेलू उत्पाद का 2.5% खर्च करने के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**51. भारतीय सेना वर्ष 2024 को मना रही है:**

A. दोहरे उपयोग वाली प्रौद्योगिकियों के वर्ष के रूप में

B. भावी युद्ध के वर्ष के रूप में

C. विघटनकारी प्रौद्योगिकियों के वर्ष के रूप में

D. प्रौद्योगिकी अवशोषण के वर्ष के रूप में

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**2024: भारतीय सेना के लिये प्रौद्योगिकी अवशोषण का वर्ष:**

- भारतीय सेना वर्ष 2024 को "प्रौद्योगिकी अवशोषण वर्ष" के रूप में मनाएगी क्योंकि यह धीरे-धीरे एक आधुनिक बल में परिपक्व होने का प्रयास कर रही है। **अत: विकल्प D सही है।**
- भारतीय सेना के पास पैदल सेना, तोपखाने और आर्मर्ड बटालियनों में ड्रोन एवं काउंटर-ड्रोन सिस्टम को शामिल करने के लिये एक नया परिचालन दर्शन होगा तथा अन्य पारंपरिक विषमताओं को पाटने के अलावा, कमांड साइबर ऑपरेशंस सपोर्ट विंग (CCOSW) की स्थापना की जाएगी।
- सेना की नई गतिविधि वर्ष 2023 को "परिवर्तन का वर्ष" बनाने की पिछली घोषणा से आगे बढ़ने का एक प्रयास है।

**52. नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 (CAA) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन एवं पारसियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करना है।
2. यह कानून ऐसे सभी प्रवासियों पर लागू होता है जो 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले भारत आए थे।
3. नेहरू-लियाकत समझौते का उद्देश्य दोनों देशों में अल्पसंख्यकों के साथ होने वाले व्यवहार को संबोधित करना और उन्हें समान अधिकार एवं सुरक्षा प्रदान करना था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 2

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 (CAA):**

- CAA 31 दिसंबर, 2014 से पहले पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान जैसे पड़ोसी मुस्लिम-बहुल देशों से आए हिंदुओं, सिखों, ईसाइयों, बौद्धों, जैनियों एवं पारसियों के लिये भारतीय नागरिकता का मार्ग प्रदान करने के लिये नागरिकता अधिनियम 1955 में संशोधन करता है। **अत: कथन 1 और 2 सही हैं।**
- नेहरू-लियाकत समझौता, जिसे दिल्ली समझौते के रूप में भी जाना जाता है, दोनों देशों में अल्पसंख्यकों के साथ किये जाने वाले व्यवहार के लिये एक रूपरेखा प्रदान करने हेतु भारत और पाकिस्तान के बीच हस्ताक्षरित एक द्विपक्षीय समझौता था। **अत: कथन 3 सही है।**

**53. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एम. के. रंजीतसिंह और अन्य बनाम भारत संघ मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि लोगों को जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों से मुक्त होने का मौलिक अधिकार है।
2. सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 के तहत जलवायु परिवर्तन के खिलाफ मौलिक अधिकार को मान्यता प्रदान की।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से मुक्त होने का अधिकार:**

- सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया है कि लोगों को "जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों से मुक्त होने का अधिकार" है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसे अनुच्छेद 14 (समता का अधिकार) और 21 (जीवन का अधिकार) द्वारा मान्यता प्राप्त है। **अत: कथन 2 सही है।**
- जलवायु परिवर्तन के खिलाफ अधिकार को अनुच्छेद 21 और 14 से जोड़ते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि स्वच्छ, स्थिर पर्यावरण के बिना जीवन एवं समता के अधिकारों को पूर्ण रूप से महसूस नहीं किया जा सकता है।
- यह फैसला लुप्तप्राय ग्रेट इंडियन बस्टर्ड प्रजाति के अस्तित्व से जुड़े एक मामले में आया है।

**54. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: एक निश्चित आकार से ऊपर की सभी सूचीबद्ध फर्मों के लिये उनके निदेशक मंडल में कम-से-कम एक महिला सदस्य होना अनिवार्य है।**

**कथन-II किसी कंपनी में महिला निदेशकों की भूमिका से संबंधित प्रावधानों को कंपनी अधिनियम, 2013 में संबोधित किया गया है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।
D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- प्रत्येक भारतीय कंपनी को विधि के तहत न्यूनतम संख्या में निदेशक बनाए रखना आवश्यक है।
- कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत कुछ श्रेणियों की कंपनियों ने अपने निदेशक मंडल (बोर्ड) में महिला निदेशकों की नियुक्ति की शुरुआत की। **अत: कथन-I सही है।**
- किसी कंपनी में महिला निदेशकों की भूमिका से संबंधित प्रावधानों को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 और कंपनी (निदेशकों की नियुक्ति एवं योग्यता) नियम, 2014 में संबोधित किया गया है। **अत: कथन-II सही है।**
- कानून एक महिला निदेशक को शामिल करने का आदेश देता है, चाहे वह स्वतंत्र हो या न हो।
- **अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।**

**55. "भारत में आय और धन असमानता, 1922-2023: अरबपति राज का उदय" निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की गई है?**

A. एमनेस्टी इंटरनेशनल
B. ऑक्सफैम इंटरनेशनल
C. वर्ल्ड इनिक्वेलिटी लैब
D. ओईसीडी

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**असमान वृद्धि:**

- हाल ही में वर्ल्ड इनइक्वलिटी लैब (WIL) ने भारत में आय और धन असमानता 1922-2023: अरबपति राज का उदय नामक एक रिपोर्ट प्रकाशित की। **अत: विकल्प C सही है।**
- यह अनुमान लगाया गया है कि "स्वतंत्रता के बाद 1980 के दशक की शुरुआत तक असमानता में गिरावट आई, जिसके बाद इसमें वृद्धि देखी गई और 2000 के दशक की शुरुआत में अपने अधिकतम स्तर तक पहुँच गई"।
- WIL पेरिस स्थित एक वैश्विक अनुसंधान केंद्र है जो असमानता तथा सामाजिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय न्याय को बढ़ावा देने वाली सार्वजनिक नीतियों के अध्ययन पर केंद्रित है।

**56. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. विशेष आहरण अधिकार (SDR)
2. स्वर्ण भंडार
3. RBI द्वारा धारित विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियाँ
4. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष में भारत की आरक्षित स्थिति

**उपर्युक्त में से कितने भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में शामिल हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**RBI विदेशी मुद्रा भंडार:**

- भारत के सकल विदेशी मुद्रा भंडार में रिज़र्व बैंक की विदेशी मुद्रा संपत्ति, RBI द्वारा रखा गया सोना तथा भारत सरकार के विशेष आहरण अधिकार (SDR) शामिल हैं।

नोट :

- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष में भारत की आरक्षित स्थिति को विदेशी मुद्रा भंडार के हिस्से के रूप में शामिल नहीं किया जाता है क्योंकि वे तत्काल मांग पर उपलब्ध नहीं हो सकते हैं।
- विदेशी मुद्रा भंडार से संबंधित डेटा के संग्रह, संकलन तथा प्रसार की प्राथमिक ज़िम्मेदारी RBI की है।

**अत: विकल्प C सही उत्तर है।**

**57. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना (NAPCC) 2008 में प्रधानमंत्री की जलवायु परिवर्तन परिषद द्वारा शुरू की गई थी।
2. NAPCC के मूल में 8 राष्ट्रीय मिशन हैं।
3. प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (PAT) राष्ट्रीय उन्नत ऊर्जा दक्षता मिशन (NMEEE) के तहत एक पहल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**जलवायु संकट:**

- जलवायु संकट के कारण, महिलाओं को विशेष रूप से गरीबी की स्थिति में मौजूदा भूमिकाओं, ज़िम्मेदारियों और सांस्कृतिक मानदंडों के कारण अत्यधिक उच्च स्वास्थ्य जोखिमों का अनुभव होता है।
- जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना (NAPCC) वर्ष 2008 में प्रधानमंत्री की जलवायु परिवर्तन परिषद द्वारा शुरू की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- NAPCC के मूल में 8 राष्ट्रीय मिशन हैं, जो जलवायु परिवर्तन में प्रमुख लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये बहु-आयामी, दीर्घकालिक और एकीकृत रणनीतियों का प्रतिनिधित्व करते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- उन्नत ऊर्जा दक्षता के लिये राष्ट्रीय मिशन (NMEEE) में ऊर्जा गहन उद्योगों में ऊर्जा दक्षता बढ़ाने के लिये प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (PAT) सहित चार पहलें शामिल हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**58. कोलकाता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रारंभ में शहर में कालीकट, गोबिंदपुर और सुतानुति के तीन गाँव शामिल थे, जो महत्त्वपूर्ण व्यापारिक केंद्र के रूप में कार्य करते थे।
2. जॉब चार्नॉक को कलकत्ता का संस्थापक माना जाता है।
3. कोलकाता बंदरगाह बंगाल की खाड़ी के मुहाने पर स्थित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा सही है?**

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 2
D. उपर्युक्त सभी

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**कोलकाता का शहरीकरण:**

- कलकत्ता की स्थापना ब्रिटिश राज की विस्तार योजनाओं के परिणामस्वरूप वर्ष 1686 में हुई थी।
- शहर में कालीकट, गोबिंदपुर और सुतानुति के तीन गाँव शामिल थे, जो 16वीं, 17वीं एवं 18वीं शताब्दी में महत्त्वपूर्ण व्यापारिक केंद्र के रूप में कार्य करते थे। **अत: कथन 1 सही है।**
- जॉब चार्नॉक को कलकत्ता का संस्थापक माना जाता है। 24 अगस्त, 1686 को जॉब चार्नॉक पहली बार एक फैक्ट्री स्थापित करने के लिये ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के प्रतिनिधि के रूप में सुतानुति गाँव आए। अत: कथन 2 सही है।
- कोलकाता बंदरगाह हुगली नदी के मुहाने पर स्थित भारत का एकमात्र नदी तटीय प्रमुख बंदरगाह है, जो सैंडहेड्स से 232 किलोमीटर ऊपर की ओर स्थित है। इसका नेविगेशनल चैनल विश्व के सबसे लंबे चैनलों में से एक है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**59. मध्यम-आय जाल के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: मध्यम-आय जाल उस स्थिति को संदर्भित करता है जिसके तहत एक मध्यम-आय वाला देश उच्च-आय वाली अर्थव्यवस्था में परिवर्तन करने में विफल हो रहा है।**

**कथन-II: बढ़ती लागत और घटती प्रतिस्पर्द्धात्मकता के कारण मध्यम-आय का जाल उत्पन्न होता है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**चुनावी बॉण्ड:**

- उन आर्थिक स्थितियों का वर्णन करता है जो किसी राष्ट्र को उच्च आय स्तर की ओर बढ़ने में सक्षम होने के लिये मौजूद होनी चाहिये; इसमें उन देशों के उदाहरण भी शामिल हैं जिन्होंने सफलतापूर्वक यह परिवर्तन किया है और जो इसमें विफल रहे हैं।
- मध्यम-आय जाल उस स्थिति को संदर्भित करता है जिसके तहत एक मध्यम-आय वाला देश उच्च-आय वाली अर्थव्यवस्था में परिवर्तन करने में विफल हो रहा है। **अत: कथन I सही है।**
- बढ़ती लागत और घटती प्रतिस्पर्द्धात्मकता के कारण मध्यम-आय जाल उत्पन्न होता है। कुछ देश निम्न से मध्यम एवं उच्च आय में परिवर्तन का प्रबंधन सफलतापूर्वक करते हैं। **अत: कथन II सही है।**
- **अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।**

**60. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) की अवधारणा पहली बार वर्ष 1945 में NM सरकार की एक रिपोर्ट में पेश की गई थी।
2. पहला IIT वर्ष 1951 में खड़गपुर में स्थापित किया गया था।
3. भारत के बाहर स्थापित होने वाला पहला IIT परिसर संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में स्थित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT):**

- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) की अवधारणा पहली बार वर्ष 1945 में NM सरकार की एक रिपोर्ट में पेश की गई थी, जो उस समय वायसराय की कार्यकारी परिषद में शिक्षा के सदस्य थे। अत: कथन 1 सही है।
- पहला IIT वर्ष 1951 में खड़गपुर में स्थापित किया गया था और नवीनतम IIT वर्ष 2016 में गोवा में स्थापित किया गया था। देश भर में कुल 23 IIT हैं। अत: कथन 2 सही है।
- भारत के बाहर स्थापित होने वाला पहला IIT परिसर ज़ांज़ीबार, तंज़ानिया में होगा। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (IIT मद्रास) पूर्वी अफ्रीका, तंज़ानिया के एक द्वीप पर अपने दरवाज़े खोलकर एक अंतर्राष्ट्रीय परिसर स्थापित करने वाला पहला भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बन गया है।

**61. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

1. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का लक्ष्य सतत् विकास लक्ष्य 4 के तहत प्रतिबद्धताओं को पूरा करना है।
2. इसका लक्ष्य 2030 तक उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात को 50% तक बढ़ाना है।
3. वंचित क्षेत्रों और समूहों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये विशेष शिक्षा क्षेत्रों की कल्पना की गई है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये।**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. केवल 1 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020:**

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अपने नियमों और प्रबंधन सहित शिक्षा प्रणाली में व्यापक बदलाव का आह्वान करती है।
- इसका उद्देश्य एक आधुनिक प्रणाली स्थापित करना है जो भारत की सांस्कृतिक विरासत और मूल्यों का सम्मान करते हुए सतत् विकास लक्ष्य 4 (गुणवत्तापूर्ण शिक्षा) सहित 21वीं सदी के शैक्षिक लक्ष्यों के अनुरूप हो। **अत: कथन 1 सही है।**
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 ने व्यावसायिक शिक्षा सहित उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात (GER) को 2018 में 26.3% से बढ़ाकर 2035 तक 50% करने का लक्ष्य रखा है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- विशेष शिक्षा क्षेत्रों की कल्पना वंचित क्षेत्रों और समूहों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये की गई है, जो सभी के लिये गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक समान पहुँच की नीति की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

**62. निम्नलिखित में से कौन-सा "चिप 4 एलायंस" और "AUKUS" दोनों का सदस्य है?**

A. संयुक्त राज्य अमेरिका
B. ऑस्ट्रेलिया
C. यूनाइटेड किंगडम
D. दक्षिण कोरिया

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**एशियाई सुरक्षा नेटवर्क:**

- "चिप 4" गठबंधन संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) द्वारा बनाया गया था और यह ताइवान, दक्षिण कोरिया, जापान एवं अमेरिका को दुनिया के शीर्ष सेमीकंडक्टर निर्माताओं के रूप में एकजुट करता है।
- AUKUS पहल ऑस्ट्रेलिया, यूके और यूएस के बीच एक उन्नत प्रौद्योगिकी साझेदारी है जिसका 2021 में अनावरण किया गया।
- AUKUS व्यवस्था में वाशिंगटन और लंदन से कैनबरा तक पारंपरिक रूप से सशस्त्र, परमाणु-संचालित पनडुब्बियों का स्थानांतरण शामिल है।
- चूँकि संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) दोनों समूहों का हिस्सा है। **अत: विकल्प A सही है।**

**63. रुपए के अंतर्राष्ट्रीयकरण से निम्नलिखित में से कौन-से लाभ हो सकते हैं?**

1. देश में सस्ता ऋण
2. न्यूनतम दरों पर विदेशी ऋण
3. न्यूनतम विदेशी मुद्रा जोखिम
4. मौद्रिक स्थितियों के प्रबंधन में अधिक लचीलापन

**निम्नलिखित कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. 1, 2 और 3
B. 2 और 4
C. केवल 1, 3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**रुपए का अंतर्राष्ट्रीयकरण:**

- एक वैश्वीकृत मुद्रा प्रमुख लाभ प्रदान करती है।
- विशेषरूप से इसकी विदेशी मांग जो व्यापार एवं भंडार के लिये देश के भीतर ऋण को सस्ता कर देगी। **अत: कथन 1 सही है।**
- अधिक रुपए के बॉण्ड खरीदे जाने से उनकी उत्पादकता कम हो जाएगी, इसलिये प्रभावी रूप से विदेशों में न्यूनतम दरों पर धन उधार देंगे। **अत: कथन 2 सही है।**
- रुपए के अंतर्राष्ट्रीयकरण के परिणामस्वरूप, वित्तीय संचालन तथा अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लिये अमेरिकी डॉलर सहित विदेशी मुद्राओं पर भारत की निर्भरता कम होने से विदेशी मुद्रा जोखिम कम हो जाएगा। **अत: कथन 3 सही है।**
- अंतर्राष्ट्रीयकरण के माध्यम से भारत की मौद्रिक नीति की प्रभावशीलता में सुधार किया जा सकता है। यह मौद्रिक नीतियों को समायोजित करने के साथ ही आर्थिक कठिनाइयों से निपटने हेतु अधिक स्वतंत्रता प्रदान करता है। **अत: कथन 4 सही है।**

**अत: विकल्प D सही उत्तर है।**

**64. निम्नलिखित में से कौन-सी EU के कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (CBAM) की विशेषताएँ हैं?**

1. यह यूरोपीय संघ में प्रवेश करने वाले कार्बन-सघन सामानों के उत्पादन के दौरान उत्सर्जित कार्बन पर उचित मूल्य लगाने का एक उपकरण है।
2. यह सुनिश्चित करता है कि आयात की कार्बन कीमत घरेलू उत्पादन की कार्बन कीमत से अधिक है।
3. यह गैर यूरोपीय संघ के देशों में स्वच्छ औद्योगिक उत्पादन को प्रोत्साहित करता है।

**निम्नलिखित कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2
C. 1, 2 और 3
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**EU का कार्बन बॉर्डर समायोजन तंत्र (CBAM):**

- यूरोपीय संघ के कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (CBAM) को उन देशों से सस्ते आयात के बीच अपने घरेलू उद्योग की प्रतिस्पर्द्धात्मकता को सुरक्षित रखने के लिये लॉन्च किया गया था जहाँ उत्सर्जन में कटौती अथवा उत्सर्जन के लिये कार्बन की कीमत कम है।
- यूरोपीय संघ के आयातकों को यूरोपीय संघ और निर्यातक देश के बीच अंतर्निहित उत्सर्जन के मूल्य अंतर की भरपाई के लिये CBAM प्रमाण-पत्र खरीदने की अवश्यकता होती है। **अत: कथन 1 सही है।**

The Vision

- CBAM यह सुनिश्चित करता है कि आयात की कार्बन कीमत घरेलू उत्पादन की कार्बन कीमत के बराबर है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- CBAM तंत्र गैर-EU देशों में निकट-स्रोतीकरण और स्वच्छ औद्योगिक विनिर्माण को प्रोत्साहित करने के लिये बनाया गया था। **अतः कथन 3 सही है।**

**65. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान अंतर्राष्ट्रीय विवादों को मध्यस्थता द्वारा निपटाने के लिये प्रोत्साहित करता है।
2. केवल सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश ही भारतीय मध्यस्थता परिषद (ACI) का अध्यक्ष हो सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारतीय मध्यस्थता परिषद (ACI):**

- भारतीय संविधान का अनुच्छेद 51- भारत निम्नलिखित प्रयास करने के लिये बाध्य है:
  - एक देश के साथ संगठित लोगों के व्यवहार में अंतर्राष्ट्रीय कानून और संधि दायित्वों के प्रति सम्मान को बढ़ावा देना।
  - अंतर्राष्ट्रीय विवादों को मध्यस्थता द्वारा निपटाने के लिये प्रोत्साहित करना। ACI इस संवैधानिक दायित्व को साकार करने की दिशा में एक कदम है। **अतः कथन 1 सही है।**
- ACI में एक अध्यक्ष होगा जो निम्नलिखित में से एक होगा:
  - सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश; या
  - उच्च न्यायालय का न्यायाधीश; या
  - उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश; या
  - मध्यस्थता के संचालन में विशेषज्ञ ज्ञान रखने वाला एक प्रतिष्ठित व्यक्ति। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**66. "बॉटम ट्रॉलिंग" के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बॉटम ट्रॉलिंग मछली पकड़ने की एक ऐसी विधि है जिसमें समुद्र तल पर या उसके करीब पाई जाने वाली मछलियों और अन्य समुद्री प्रजातियों को पकड़ने के लिये जाल को तल तक खींचा जाता है।
2. इससे गैर-लक्ष्य प्रजातियों या युवा या छोटी आकार की मछलियों को आकस्मिक रूप से पकड़ा जा सकता है।
3. भारत, श्रीलंका और मेडागास्कर ने पर्यावरणीय कारणों से इस प्रथा पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**बॉटम ट्रॉलिंग:**

- बॉटम या डीमर्सल ट्रॉलिंग मछली पकड़ने की एक विधि है जिसमें समुद्र तल पर या उसके करीब पाई जाने वाली मछलियों और अन्य समुद्री प्रजातियों को पकड़ने के लिये जाल को समुद्र तल तक खींचा जाता है। अतः कथन 1 सही है।
- बॉटम ट्रॉलिंग विधि उच्च स्तर की अवांछित पकड़ या बायकैच- से भी जुड़ी है क्योंकि इस्तेमाल किये गए जाल गैर चयनित हो सकते हैं। इससे गैर-लक्षित प्रजातियों या युवा या छोटी आकार की मछलियों को आकस्मिक रूप से पकड़ा जा सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- श्रीलंका, इंडोनेशिया और मेडागास्कर ने पर्यावरणीय कारणों से इस पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। 2014 के बाद से भारत ने कुछ शर्तें जारी की हैं जैसे कि ट्रॉलिंग पर मौसमी प्रतिबंध और अंतर्राष्ट्रीय दिशा-निर्देशों का पालन करना जो 'विनाशकारी मछली पकड़ने की गतिविधियों" को प्रतिबंधित करते हैं, फिर भी भारतीय मछुआरों द्वारा ट्रॉलिंग का अभ्यास बड़े पैमाने पर किया जाता है।

**अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**67. कभी-कभी समाचारों में दिखने वाले "वेज बैंक" के संदर्भ में नीचे दिये गए कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?**

A. यह भारत के विशेष आर्थिक क्षेत्र (EEZ) के अंतर्गत आता है।
B. वेज बैंक केप कोमोरिन के दक्षिण में स्थित है।
C. इस क्षेत्र और इसके संसाधनों पर भारत का संप्रभु अधिकार है।
D. मालदीव का दावा है कि उसके जहाज़ों को वेज बैंक के आसपास संचालन का "पूरा अधिकार" है।

नोट :

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**कच्चाथीवू और वेज बैंक (Wadge Bank):**

- मन्नार की खाड़ी और बंगाल की खाड़ी के बीच समुद्री सीमा पर वर्ष 1976 में हुआ भारत-श्रीलंका समझौता स्पष्ट रूप से मानता है कि केप कोमोरिन के पास स्थित वेज बैंक, भारत के विशेष आर्थिक क्षेत्र (EEZ) के भीतर आता है। **अतः विकल्प A और B सही हैं।**
- समझौते में कहा गया है कि श्रीलंकाई मछुआरे और जहाज़ वेज बैंक में मछली नहीं पकड़ सकते क्योंकि इस "क्षेत्र एवं इसके संसाधनों पर भारत का संप्रभु अधिकार होगा"। **अतः विकल्प C सही है।**
- मालदीव कच्चाथीवू और वेज बैंक मुद्दे से जुड़ा नहीं है। **अतः विकल्प D सही नहीं है।**

**68. नेशनल वन हेल्थ मिशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रधानमंत्री विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सलाहकार परिषद (PM-STIAC) ने राष्ट्रीय वन स्वास्थ्य मिशन स्थापित करने को मंज़ूरी दी।
2. इसका उद्देश्य एकीकृत रोग निगरानी, संयुक्त प्रकोप प्रतिक्रिया और समन्वित अनुसंधान एवं विकास के लिये रणनीति तैयार करना है।
3. नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर वन हेल्थ हैदराबाद में स्थित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**नेशनल वन हेल्थ मिशन:**

- प्रधानमंत्री विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सलाहकार परिषद (PM-STIAC) ने अपनी 21वीं बैठक में अंतर-मंत्रालयी प्रयास के साथ एक 'नेशनल वन हेल्थ मिशन' स्थापित करने को मंज़ूरी दी। **अतः कथन 1 सही है।**
- 'नेशनल वन हेल्थ मिशन' का लक्ष्य एकीकृत रोग निगरानी, संयुक्त प्रकोप प्रतिक्रिया और समन्वित अनुसंधान एवं विकास (R&D) के लिये रणनीति तैयार करना तथा नियमित बीमारियों के साथ-साथ महामारी प्रकृति की बीमारियों के बेहतर नियंत्रण हेतु निर्बाध जानकारी साझा करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर वन हेल्थ नागपुर में स्थित है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**69. हेपेटाइटिस के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हेपेटाइटिस B अत्यधिक सामान्य है और यह दुनिया भर में हेपेटाइटिस C की तुलना में अधिक यकृत संबंधी कैंसर एवं मृत्यु का कारण बनता है।
2. हेपेटाइटिस वायरस का संक्रमण माँ से बच्चे में फैल सकता है।
3. वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण हेतु राष्ट्रीय कार्यक्रम (NVHCP) का लक्ष्य वर्ष 2030 तक हेपेटाइटिस C को समाप्त करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 4
C. 1, 2 और 3
D. केवल 2 और 4

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**हेपेटाइटिस के बारे में:**

- हेपेटाइटिस C पर अधिक ध्यान केंद्रित करने के साथ ही अनुसंधान निधि प्रदान की जाती है, हेपेटाइटिस B अत्यधिक सामान्य है और साथ ही दुनिया भर में हेपेटाइटिस C की तुलना में अधिक यकृत संबंधी कैंसर एवं मृत्यु का कारण बनता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- किसी भी निवारक हस्तक्षेप के अभाव में उच्च हेपेटाइटिस वायरल से ग्रसित माताओं से बच्चे में इसके संचरण का जोखिम 70% से 90% तक और हेपेटाइटिस Be एंटीजन (HBeAg)-निगेटिव माताओं के मामले में 10% से 40% तक होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण हेतु राष्ट्रीय कार्यक्रम (NVHCP) का लक्ष्य 2030 तक हेपेटाइटिस C को समाप्त करना और साथ ही 2030 तक "हेपेटाइटिस B से जुड़ी रुग्णता एवं मृत्यु दर में कमी लाना" है। **अतः कथन 3 सही है।**

**70. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) को 'ऑपरेशन फ्लड' सहित कई प्रमुख डेयरी विकास कार्यक्रमों को लागू करने के लिये बनाया गया था।
2. इसे कृषि मंत्रालय से अलग करके केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय बनाया गया।
3. भारत विश्व में दूध का सबसे बड़ा उत्पादक है, जो वैश्विक दूध उत्पादन में 24% का योगदान देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**दुग्ध उत्पादन में सहकारी समितियाँ:**

- भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने 'ऑपरेशन फ्लड' सहित कई प्रमुख डेयरी विकास कार्यक्रमों को लागू करने के लिये एक राष्ट्रीय स्तर के संगठन, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) की स्थापना की कल्पना की थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- जुलाई 2021 को केंद्र सरकार ने इसे कृषि मंत्रालय से अलग कर सहयोग के लिये एक मंत्रालय बनाया। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत विश्व में दूध का सबसे बड़ा उत्पादक है, जो वैश्विक दूध उत्पादन में 24% का योगदान देता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**71. "प्रश्नकाल" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लोकसभा की बैठक का पहला घंटा प्रश्न पूछने के लिये समर्पित होता है और उस घंटे को प्रश्नकाल कहा जाता है।
2. दोनों सदनों (राज्यसभा और लोकसभा) के पीठासीन अधिकारी प्रश्नकाल के संचालन के संबंध में अंतिम प्राधिकारी होते हैं।
3. तारांकित प्रश्न के लिये लिखित उत्तर की आवश्यकता होती है और इसलिये पूरक प्रश्न नहीं पूछे जा सकते।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2 और 3

C. 1, 2 और 3

D. केवल 1 और 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**प्रश्नकाल:**

- आमतौर पर लोकसभा की बैठक का पहला घंटा प्रश्न पूछने के लिये समर्पित होता है और उस घंटे को प्रश्नकाल कहा जाता है। हालाँकि वर्ष 2014 में राज्यसभा में प्रश्नकाल को सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक कर दिया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे संसदीय नियमों के अनुसार विनियमित किया जाता है। दोनों सदनों (राज्यसभा और लोकसभा) के पीठासीन अधिकारी प्रश्नकाल के संचालन के संबंध में अंतिम प्राधिकारी होते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- तारांकित प्रश्न (तारांकन द्वारा प्रतिष्ठित) के लिये मौखिक उत्तर की आवश्यकता होती है और इसलिये पूरक प्रश्न पूछे जा सकते हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**72. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. सिंथेटिक वस्त्र
2. समुद्री कोटिंग्स
3. व्यक्तिगत देखभाल और कॉस्मेटिक उत्पाद
4. सड़क चिह्न
5. अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र

**निम्नलिखित में से कौन-से उत्पाद माइक्रोप्लास्टिक के स्रोत हैं?**

A. केवल 1, 2, 3 और 4

B. केवल 1, 3 और 5

C. केवल 2, 4 और 5

D. 1, 2, 3, 4 और 5

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**माइक्रोप्लास्टिक:**

- समुद्र में इंजीनियर्ड माइक्रोप्लास्टिक में सिंथेटिक वस्त्र सबसे बड़ा योगदानकर्त्ता हैं, जो कुल मात्रा का 35 प्रतिशत हैं।
- समुद्री जहाज़ों के पतवारों पर लगाए जाने वाले कई प्रकार के समुद्री कोटिंग्स में पॉलीयूरेथेन जैसे पॉलिमर शामिल होते हैं। जब इन कोटिंग्स के खुरचने, टूटने या क्षरित होने से यह समुद्र में मिल जाते हैं, तब समुद्र में माइक्रोप्लास्टिक की वृद्धि होती है।
- व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों, जैसे एक्सफोलिएंट्स (Exfoliants) में माइक्रोबीड्स होते हैं, जिनका माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण में अपेक्षाकृत कम लेकिन प्रभावी योगदान होता है।
- हॉट-मेल्ट पेंट, जो आमतौर पर सड़क चिह्नों के लिये उपयोग किया जाता है, में 15-25% पॉलिमर बाइंडर होते हैं, जो घिस जाने पर माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण में योगदान करते हैं।
- अपशिष्ट जल उपचार संयंत्रों (WWTP) में फिल्टर के रूप में उपयोग किये जाने वाले प्लास्टिक बायो-बीड्स संयंत्र में दुर्घटनाओं और रिसाव के कारण अनजाने में जारी हो सकते हैं।

**अतः विकल्प D सही उत्तर है।**

**73. सिंधु जल संधि (Indus Waters Treaty - IWT) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत और पाकिस्तान ने 1960 में विश्व बैंक के साथ IWT पर हस्ताक्षर किये थे।
2. IWT एक तीन-चरणीय विवाद समाधान तंत्र प्रदान करता है जिसके तहत स्थायी सिंधु आयोग में दोनों पक्षों के "प्रश्नों" का समाधान किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर : D**

**व्याख्या:**

**सिंधु जल संधि (Indus Waters Treaty):**

- भारत और पाकिस्तान ने नौ साल की वार्ता के बाद सितंबर 1960 में IWT पर हस्ताक्षर किये, जिसमें विश्व बैंक भी समझौते पर हस्ताक्षरकर्त्ता था। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह संधि सिंधु नदी और उसकी पाँच सहायक नदियों सतलज, ब्यास, रावी, झेलम एवं चिनाब के पानी के उपयोग पर दोनों पक्षों के बीच सहयोग तथा सूचना के आदान-प्रदान के लिये एक तंत्र निर्धारित करती है।
- IWT सिंधु जल संधि के अनुच्छेद IX के तहत एक तीन-चरणीय वार्ता समाधान तंत्र प्रदान करता है, जिसके तहत स्थायी सिंधु आयोग में दोनों पक्षों के "प्रश्नों" का समाधान किया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**74. भारतीय राष्ट्रीय सेना (Indian National Army - INA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय युद्धबंदियों (POWs) से एक सेना बनाने का विचार मूल रूप से मोहन सिंह का था।
2. 1943 में सुभाषचंद्र बोस INA के सुप्रीम कमांडर बने।
3. बहादुर ग्रुप के कर्नल मलिक ने पहली बार मणिपुर के मोइरांग में भारतीय मुख्य भूमि पर INA ध्वज फहराया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारतीय राष्ट्रीय सेना (Indian National Army - INA):**

- भारतीय युद्धबंदियों (POWs) से एक सेना बनाने का विचार मूल रूप से मोहन सिंह का था। **अतः कथन 1 सही है।**
- 1943 में सुभाषचंद्र बोस INA के सुप्रीम कमांडर बने। **अतः कथन 2 सही है।**
- सुभाषचंद्र बोस ने प्रसिद्ध नारे - "तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूँगा" के साथ सिंगापुर में स्वतंत्र भारत के लिये अनंतिम सरकार का गठन किया।
- बहादुर समूह के कर्नल मलिक ने पहली बार मणिपुर के मोइरांग में भारतीय मुख्य भूमि पर INA ध्वज फहराया। **अतः कथन 3 सही है।**

**75. भारतीय नागरिकता के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में नागरिकता संविधान के तहत संघ सूची में सूचीबद्ध है और इस प्रकार यह संसद के विशेष क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आती है।
2. संसद ने भारत में नागरिकता के मामलों को विनियमित करने के लिये नागरिकता अधिनियम, 1955 लागू किया।
3. नागरिकता अधिनियम, 1955 को इसके लागू होने के बाद से केवल एक बार संशोधित किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारतीय नागरिकता:**

- नागरिकता एक व्यक्ति और राज्य के बीच की कानूनी स्थिति एवं संबंध को दर्शाती है जिसमें विशिष्ट अधिकार व कर्त्तव्य शामिल होते हैं। भारत में नागरिकता संविधान के तहत संघ सूची में सूचीबद्ध है तथा इस प्रकार यह संसद के विशेष क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- संसद ने भारत में नागरिकता के मामलों को विनियमित करने के लिये नागरिकता अधिनियम, 1955 लागू किया। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

- नागरिकता अधिनियम, 1955 को इसके लागू होने के बाद से छह बार संशोधित किया गया है। यह संशोधन वर्ष 1986, 1992, 2003, 2005, 2015 और 2019 में किये गए थे। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**76. मलक्का जलडमरूमध्य के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अंडमान सागर (हिंद महासागर) और दक्षिण चीन सागर (प्रशांत महासागर) को जोड़ता है।
2. अंडमान और निकोबार कमांड (ANC) की स्थापना वर्ष 2001 में दक्षिण-पूर्व एशिया एवं मलक्का जलडमरूमध्य में भारत के रणनीतिक हितों की रक्षा के लिये की गई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- मलक्का जलडमरूमध्य अंडमान सागर (हिंद महासागर) और दक्षिण चीन सागर (प्रशांत महासागर) को जोड़ता है। यह पश्चिम में सुमात्रा के इंडोनेशियाई द्वीप एवं पूर्व में प्रायद्वीपीय (पश्चिम) मलेशिया तथा चरम दक्षिणी थाईलैंड के बीच स्थित है। **अतः कथन 1 सही है।**
- अंडमान और निकोबार कमांड (ANC) की स्थापना वर्ष 2001 में दक्षिण-पूर्व एशिया एवं मलक्का जलडमरूमध्य में भारत के रणनीतिक हितों की रक्षा के लिये द्वीपों में सैन्य संपत्तियों की तेज़ी से तैनाती को बढ़ाकर की गई थी। **अतः कथन 2 सही है।**

**77. मुद्रास्फीति के प्रकारों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: महामारी के समय में हैंड वॉश, हैंड सैनिटाइज़र एवं मास्क की कीमत में वृद्धि लागत-प्रेरित मुद्रास्फीति का एक उदाहरण है।**

**कथन-II: उत्पादों और सेवाओं के लिये बढ़ती उत्पादन लागत-प्रेरित मुद्रास्फीति का प्राथमिक कारण है।**

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारत में मुद्रास्फीति के बारे में:**

- महामारी के दौरान हैंड वॉश, हैंड सैनिटाइज़र एवं मास्क की कीमतों में बढ़ोतरी से मांग-प्रेरित मुद्रास्फीति प्रदर्शित होती है। ऐसा इसलिये है क्योंकि बढ़ती उपभोक्ता मांग एक ऐसी अर्थव्यवस्था में कीमतें बढ़ाती है जहाँ ग्राहक सुलभ उत्पादों एवं सेवाओं के लिये अधिक भुगतान करने को तैयार होते हैं। **अतः कथन-I सही नहीं है।**
- लागत-प्रेरित मुद्रास्फीति वस्तुओं एवं सेवाओं की उत्पादन लागत में वृद्धि से प्रेरित होती है। यह बढ़ी हुई आय, कच्चे माल में हुई लागत वृद्धि अथवा आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान जैसे कारकों के कारण हो सकता है। **अतः कथन II सही है।**

**इसलिये विकल्प D सही उत्तर है।**

**78. सूर्य ग्रहण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पूर्ण सूर्य ग्रहण तब होता है जब चंद्रमा सीधे पृथ्वी और सूर्य के बीच से होकर गुज़रता है, जिससे सूर्य की पूरी डिस्क दृश्य में नहीं आ पाती है।
2. वार्षिक सूर्य ग्रहण, जिसे वलयाकार ग्रहण के रूप में भी जाना जाता है, यह तब होता है जब चंद्रमा सीधे पृथ्वी और सूर्य के बीच से गुज़रता है लेकिन सूर्य की डिस्क को पूरी तरह से कवर नहीं करता है।
3. पूर्ण सूर्य ग्रहण के दौरान, चंद्रमा के किनारों के चारों ओर सूर्य के प्रकाश का एक घेरा दिखाई देता है, जो "रिंग ऑफ फायर" प्रभाव उत्पन्न करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. 1, 2 और 3
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**सूर्य ग्रहण के बारे में :**

- पूर्ण सूर्य ग्रहण तब होता है जब चंद्रमा सीधे पृथ्वी और सूर्य के बीच से होकर गुज़रता है, जिससे सूर्य की पूरी डिस्क दृश्य में नहीं आ पाती है। **अतः कथन 1 सही है।**

- वार्षिक सूर्य ग्रहण, जिसे वलयाकार ग्रहण के रूप में भी जाना जाता है, यह तब होता है जब चंद्रमा सीधे पृथ्वी और सूर्य के बीच से गुज़रता है लेकिन सूर्य की डिस्क को पूरी तरह से कवर नहीं करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- पूर्ण सूर्य ग्रहण के विपरीत वलयाकार ग्रहण के दौरान सूर्य पूरी तरह से अस्पष्ट नहीं होता है। इसके स्थान पर सूर्य के प्रकाश का एक छल्ला चंद्रमा के किनारों के चारों ओर दिखाई देता है, जो "रिंग ऑफ फायर" प्रभाव उत्पन्न करता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**79. सरकारी घाटे के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रभावी राजस्व घाटा, राजस्व घाटे और पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण के लिये अनुदान के मध्य का अंतर है।
2. प्राथमिक घाटा, ब्याज भुगतान को छोड़कर राजकोषीय घाटे के समान होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**सरकारी घाटे:**

- प्रभावी राजस्व घाटा: यह पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण के लिये राजस्व घाटे और अनुदान के मध्य का अंतर है। सार्वजनिक व्यय संबंधी रंगराजन समिति द्वारा प्रभावी राजस्व घाटे की अवधारणा का सुझाव दिया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- प्राथमिक घाटा: प्राथमिक घाटा ब्याज भुगतान को छोड़कर राजकोषीय घाटे के समान होता है। यह सरकार की व्यय आवश्यकताओं और इसकी प्राप्तियों के मध्य अंतर को इंगित करता है तथा पिछले वर्षों के दौरान लिये गए ऋणों पर ब्याज भुगतान हेतु किये गए व्यय को ध्यान में नहीं रखता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**80. हीट वेव के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने पूरे भारत में हीट वेव घोषित करने के लिये मानदंड जारी किये हैं।
2. हीट वेव तब मानी जाती है जब किसी स्थान का अधिकतम तापमान मैदानी इलाकों में कम-से-कम 45 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक और पहाड़ी क्षेत्रों में कम-से-कम 35 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक तक पहुँच जाता है।
3. हाल ही में IMD ने हीट इंडेक्स पेश किया, यह एक महत्त्वपूर्ण उपकरण है जो तापमान पर आर्द्रता के प्रभाव को प्रदर्शित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**हीटवेव:**

- हीटवेव, चरम गर्म मौसम की लंबी अवधि होती है जो मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण और अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने पूरे भारत में हीट वेव घोषित करने के लिये मानदंड जारी किये हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- **भारत में हीटवेव घोषित करने के लिये भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मानदंड:**
  - यदि किसी स्थान का अधिकतम तापमान मैदानी इलाकों में कम-से-कम 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक एवं पहाड़ी क्षेत्रों में कम-से-कम 30 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक तक पहुँच जाता है तो इसे हीटवेव की स्थिति माना जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- हाल ही में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने हीट इंडेक्स के रूप में एक महत्त्वपूर्ण उपकरण पेश किया है जो तापमान पर आर्द्रता के प्रभाव के बारे में जानकारी प्रदान करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**81. "एशियाई आर्थिक एकीकरण रिपोर्ट (Asian Economic Integration Report - AEIR)" निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की जाती है?**

A. न्यू डेवलपमेंट बैंक
B. एशियन डेवलपमेंट बैंक
C. विश्व बैंक
D. दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों का संघ

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**एशियाई आर्थिक एकीकरण रिपोर्ट (Asian Economic Integration Report - AEIR):**

- एशियाई आर्थिक एकीकरण रिपोर्ट (AEIR) एशियाई विकास बैंक द्वारा जारी एक वार्षिक प्रकाशन है। **अतः विकल्प A सही है।**

नोट :

- इसमें क्षेत्रीय सहयोग और एकीकरण (Regional Cooperation and Integration - RCI) पर नवीनतम रुझानों एवं विश्लेषण को शामिल किया गया है, विशेष रूप से व्यापार, निवेश, वित्तीय प्रवाह तथा लोगों की आवा-जाही के क्षेत्रों में।
- इस रिपोर्ट में क्षेत्र के लिये अत्यधिक प्रासंगिक मुद्दों और RCI के लिये नीतिगत निहितार्थों पर एक थीम अध्याय भी शामिल है।
- वर्ष 2024 AEIR थीम अध्याय डीकार्बोनाइज़िंग वैश्विक मूल्य श्रृंखला (decarbonizing global value chains) के महत्त्वपूर्ण मुद्दे पर केंद्रित है।

**82. वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट (ASER) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

1. NGO प्रथम द्वारा 'बियॉन्ड बेसिक्स' शीर्षक से 18वीं वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट (ASER) 2023 जारी की गई।
2. ASER, एक वार्षिक, नागरिक-नेतृत्व वाला सर्वेक्षण है जिसका उद्देश्य यह समझना है कि ग्रामीण भारत में बच्चे स्कूल में नामांकित हैं या नहीं और वे क्या सीख रहे हैं।
3. ASER का आयोजन 2005 से हर साल भारत के सभी ज़िलों में किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट (Annual Status of Education Report - ASER):**

- शिक्षा की 18वीं वार्षिक स्थिति रिपोर्ट (ASER) 2023 जिसका शीर्षक 'बियॉन्ड बेसिक्स' है, NGO प्रथम द्वारा जारी की गई है। **अत: कथन 1 सही है।**
- ASER एक वार्षिक, नागरिक नेतृत्व वाला सर्वेक्षण है जिसका उद्देश्य यह समझना है कि ग्रामीण भारत में बच्चे स्कूल में नामांकित हैं या नहीं और वे क्या सीख रहे हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- ASER का आयोजन 2005 से हर साल भारत के सभी ग्रामीण ज़िलों में किया जाता है। यह भारत में सबसे बड़ा नागरिक-नेतृत्व वाला सर्वेक्षण है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**83. अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) द्वारा "इलेक्ट्रिसिटी 2024" रिपोर्ट जारी की गई है।
2. अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) के अनुसार, कोयला विद्युत संयंत्र वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का पाँचवाँ हिस्सा उत्पन्न करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA):**

- अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (International Energy Agency-IEA) ने अपनी रिपोर्ट "इलेक्ट्रिसिटी 2024" के साथ भारत के ऊर्जा भविष्य में प्रमुख अंतर्दृष्टि का खुलासा किया। **अत: कथन 1 सही है।**
- वर्ष 2070 तक भारत के शुद्ध-शून्य लक्ष्य के बावजूद, कोयले का प्रभुत्व होने की उम्मीद है, जो 68% मांग को पूरा करेगा।
- अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) के अनुसार, कोयला विद्युत संयंत्र वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का पाँचवाँ हिस्सा उत्पन्न करते हैं, जो किसी भी अन्य एकल स्रोत से अधिक है। **अत: कथन 2 सही है।**

**84. अमेरिका-इज़रायल संबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संयुक्त राज्य अमेरिका इज़रायल को एक स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता देने वाला पहला देश था।
2. संयुक्त राज्य अमेरिका ने वर्ष 1987 में इज़रायल को "एक प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी" नामित किया।
3. अब्राहम समझौते का उद्देश्य फिलिस्तीनी संघर्ष को हल करना और वेस्ट बैंक की बस्तियों को अवैध घोषित करना था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**अमेरिका-इज़रायल संबंध:**

- संयुक्त राज्य अमेरिका 14 मई, 1948 को इज़रायल को एक स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता देने वाला पहला देश था, इसी तारीख को राष्ट्रपति हैरी ट्रूमैन ने इज़रायल की स्वतंत्रता की घोषणा के बाद मान्यता का एक बयान जारी किया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- अमेरिका ने वर्ष 1987 में इज़रायल को "एक प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी" नामित किया। **अतः कथन 2 सही है।**
- सितंबर, 2020 में संयुक्त राज्य अमेरिका ने संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन और इज़रायल के बीच अब्राहम समझौते में मध्यस्थता की, इन अरब खाड़ी राज्यों एवं इज़रायल के बीच संबंधों को सामान्य बनाने का वादा किया। तत्पश्चात यह मान लिया गया कि फिलिस्तीनी संघर्ष को हल किये बिना अरब-इज़रायल संघर्ष को हल किया जा सकता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**85. भारतीय इतिहास के संदर्भ में डॉ. भीमराव अंबेडकर निम्नलिखित में से किससे संबंधित थे?**

1. भारतीय किसान एवं श्रमिक पार्टी
2. अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासंघ
3. स्वतंत्र लेबर पार्टी
4. महाड़ सत्याग्रह

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1,2 और 3
D. केवल 2, 3 और 4

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**डॉ. भीमराव अंबेडकर:**

- भारतीय किसान और श्रमिक पार्टी का गठन वर्ष 1947 में पुणे के केशवराव जेधे, शंकरराव मोरे एवं अन्य लोगों द्वारा किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- अखिल भारतीय अनुसूचित जाति संघ की स्थापना वर्ष 1942 में डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा की गई थी और इस पार्टी ने वर्ष 1946 में आम चुनावों में भाग लिया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- वर्ष 1936 में डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा स्वतंत्र लेबर पार्टी (ILP) का गठन किया गया, जिसने बॉम्बे के प्रांतीय चुनावों में भाग लिया। **अतः कथन 3 सही है।**
- डॉ. भीमराव अंबेडकर ने मार्च 1927 में महाड़ सत्याग्रह का नेतृत्व किया था। **अतः कथन 4 सही है।**

**अतः विकल्प D सही उत्तर है।**

**86. कदन्न के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कदन्न एक सामूहिक शब्द है जो कई छोटे बीज वाली घासों को संदर्भित करता है जिनकी खेती वार्षिक तौर पर अनाज फसलों के रूप में की जाती है।
2. भारत विश्व में कदन्न का सबसे बड़ा उत्पादक है।
3. केंद्र सरकार कदन्न को बढ़ावा देने वाली उचित मूल्य की दुकानों को 'पोषण केंद्र' में बदलने की योजना बना रही है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**कदन्न:**

- यह एक सामूहिक शब्द है जो कई छोटी-बीज वाली घासों को संदर्भित करता है जिनकी खेती वार्षिक तौर पर मुख्य रूप से समशीतोष्ण, उपोष्णकटिबंधीय और उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में शुष्क क्षेत्रों में सीमांत भूमि पर अनाज फसलों के रूप में की जाती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत विश्व में कदन्न का सबसे बड़ा उत्पादक है। यह वैश्विक उत्पादन का 20% और एशिया के उत्पादन का 80% हिस्सा है। **अतः कथन 2 सही है।**
- केंद्र सरकार कदन्न को बढ़ावा देने के लिये उचित मूल्य की दुकानों को 'पोषण केंद्र' में बदलने की योजना बना रही है। उचित मूल्य दुकान एजेंट निजी तौर पर कदन्न और उनके डेरिवेटिव की खरीद करेंगे तथा उन्हें अपने आउटलेट के माध्यम से वितरित करेंगे। **अतः कथन 3 सही है।**

**87. चांग चेनमो घाटी निम्नलिखित में से किस स्थान पर स्थित है?**

A. लद्दाख
B. सिक्किम
C. अरुणाचल प्रदेश
D. मणिपुर

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**चांग चेनमो घाटी:**

- चांग चेनमो या चांगचेनमो, जिसका तिब्बती भाषा में अर्थ है "महान उत्तरी", भारत के केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख के लेह ज़िले में काराकोरम रेंज और चांगचेनमो रेंज के बीच स्थित है।
- चांग चेनमो क्षेत्र रणनीतिक रूप से बहुत महत्त्वपूर्ण है क्योंकि यह अक्साई चिन के दक्षिणी किनारे के पास भारत-चीन सीमा के करीब स्थित है।
- चांग चेनमो नदी या चांगचेनमो नदी सिंधु नदी प्रणाली का हिस्सा, श्योक नदी की एक सहायक नदी है।

**अत: विकल्प A सही है।**

**88. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. केरल मानव-पशु संघर्ष को राज्य-विशिष्ट आपदा घोषित करने वाला देश का पहला राज्य बन गया।
2. एक बार जब समस्या को राज्य-विशिष्ट आपदा घोषित कर दिया जाता है, तो इससे निपटने की ज़िम्मेदारी राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण पर आ जाती है।
3. ाज्य-विशिष्ट आपदा का प्रबंधन वन्य जीवन संरक्षण अधिनियम के अनुसार किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. 2 और 3
C. केवल 3
D. 1 और 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**मानव-पशु संघर्ष:**

- केरल ने मानव-पशु संघर्ष को राज्य-विशिष्ट आपदा घोषित किया और ऐसा करने वाला वह देश का पहला राज्य बन गया। **अत: कथन 1 सही है।**
- एक बार जब समस्या को राज्य-विशिष्ट आपदा घोषित कर दिया जाता है, तो इससे निपटने की ज़िम्मेदारी राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण पर आ जाती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- राज्य-विशिष्ट आपदाओं का प्रबंधन आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत किया जाता है ताकि त्वरित तथा अधिक निर्णायक कार्रवाई की जा सके। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- वर्तमान में मानव-पशु संघर्ष का प्रबंधन वन विभाग की ज़िम्मेदारी है, जो वन्य जीवन संरक्षण अधिनियम के अनुसार कार्य करता है।

**89. भारत में मुद्रास्फीति के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

A. मुद्रास्फीति को एक निश्चित अवधि में कीमतों में वृद्धि की दर के रूप में परिभाषित किया गया है।
B. RBI मौद्रिक नीति समिति (Monetary Policy Committee) मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिये उपभोक्ता मूल्य सूचकांक डेटा का उपयोग करती है।
C. अंतर्निहित मुद्रास्फीति तब होती है जब श्रमिक जीवनयापन की बढ़ती लागत को बनाए रखने के लिये उच्च मज़दूरी की मांग करते हैं।
D. मुद्रा प्रसार बढ़ने से मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**मुद्रास्फीति ( Inflation ):**

- मुद्रास्फीति एक निश्चित अवधि में कीमतों में वृद्धि की दर है, जिसमें समग्र मूल्य वृद्धि या विशिष्ट वस्तुओं और सेवाओं का व्यापक माप शामिल होता है।
- मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिये RBI की मौद्रिक नीति समिति (MPC) CPI डेटा का उपयोग करती है।
- अंतर्निहित मुद्रास्फीति (जिसे कभी-कभी वेतन-मूल्य सर्पिल के रूप में जाना जाता है) तब होती है जब श्रमिक जीवनयापन की बढ़ती लागत को ध्यान में रखते हुए उच्च मज़दूरी की मांग करते हैं।
- बढ़ी हुई मुद्रा आपूर्ति मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद नहीं करती है, बल्कि यह मुद्रास्फीति को बढ़ाती है।

**अत: विकल्प D सही है।**

**90. निम्नलिखित में से किस कार्य का श्रेय डॉ. बी.आर. अंबेडकर को दिया जा सकता है?**

1. वेटिंग फॉर ए वीज़ा
2. हू वेयर द शूद्राज़?
3. ब्रिटिश भारत में प्रांतीय वित्त का विकास

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. 1, 2 और 3
D. केवल 1 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**डॉ. बी. आर. अंबेडकर:**

- "वेटिंग फॉर ए वीज़ा" डॉ. बी.आर. अंबेडकर की 20 पन्नों की आत्म कथात्मक जीवन कहानी है जो वर्ष 1935-36 की अवधि में लिखी गई थी। इसमें अंबेडकर द्वारा अस्पृश्यता के बारे में अपने अनुभवों से संबंधित स्मृतियों को अपने लेखन में शामिल किया गया है।
- डॉ. बी.आर. अंबेडकर की अन्य पुस्तकों में एनिहिलेशन ऑफ कास्ट और हू वेयर द शूद्राज़? शामिल थीं।
- डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने अर्थशास्त्र पर तीन विद्वत्तापूर्ण पुस्तकें लिखीं:
  - ईस्ट इंडिया कंपनी का प्रशासन और वित्त।
  - ब्रिटिश भारत में प्रांतीय वित्त का विकास।
  - रुपए की समस्या: इसकी उत्पत्ति और इसका समाधान।

**अत: विकल्प C सही है।**

**91. राजनयिक संबंधों पर वियना अभिसमय (1961) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संबंधित दूतावास के देश की अनुमति के बिना मेज़बान देश के अधिकारियों द्वारा राजनयिक परिसर में प्रवेश या तलाशी नहीं की जा सकती है।
2. यह रिसीविंग स्टेट के स्पष्टीकरण के बिना मिशन के प्रमुख या राजनयिक स्टाफ के किसी भी सदस्य को अवांछित घोषित करने की अनुमति देता है।
3. राजनयिक अभिकर्त्ताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे मेज़बान देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करें।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राजनयिक संबंधों पर वियना अभिसमय (1961):**

- राजनयिक संबंधों पर वियना अभिसमय (1961) के अनुच्छेद 22 में कहा गया है कि मिशन का परिसर अनुल्लंघनीय होगा। मिशन के प्रमुख की सहमति के बिना, रिसीविंग स्टेट के अभिकर्त्ता उसमें प्रवेश नहीं कर सकते। **अत: कथन 1 सही है।**
- अभिसमय का अनुच्छेद 9 रीसीविंग स्टेट के स्पष्टीकरण के बिना मिशन के प्रमुख या राजनयिक स्टाफ के किसी भी सदस्य को अवांछित घोषित करने की अनुमति नहीं देता है तथा यह अधिसूचना किसी भी समय की जा सकती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- अभिसमय के अनुच्छेद 41 में कहा गया है कि राजनयिक अभिकर्त्ताओं का कर्त्तव्य है कि वे उस राज्य के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करें। **अत: कथन 3 सही है।**

**92. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 5 (NFHS-5) के अनुसार, वर्ष 2019-2020 में पाँच वर्ष से कम आयु के लगभग 35% बच्चे अविकसित पाए गए।
2. वर्ष 2023 ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत 125 देशों में से 105वें स्थान पर है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**फूड सिस्टम ट्रांसफॉर्मेशन:**

- भारत में राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 5 (NFHS-5) के अनुसार, वर्ष 2019-2020 में पाँच वर्ष से कम आयु के 32.1% बच्चे कम वजन के पाए गए, 19.3% बच्चे कमज़ोर पाए गए और 35.5% बच्चे अविकसित पाए गए। **अत: कथन 1 सही है।**
- वर्ष 2023 ग्लोबल हंगर इंडेक्स भारत को 125 देशों में से 111वाँ स्थान देता है। यह देश के लिये भूख की गंभीरता के स्तर को 'गंभीर' बताता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**93. 'टेपर टैंट्रम' हाल ही में खबरों में देखा गया था। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन शब्द की सही व्याख्या करता है?**

A. विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के औद्योगिकीकरण को गति प्रदान करने वाली प्रक्रिया।

B. 'क्वांटिटेटिव ईजिंग' (QE) को 'बंद' करने अथवा विकासशील अर्थव्यवस्था एवं बैंकों में निवेश को स्थगित करने की योजना।

C. पृथ्वी के ऊर्जा बजट के परिणामस्वरूप जलवायु परिवर्तन का पूर्वानुमान लगाने के लिये एक मॉडल।

D. एक रूपरेखा जो विकास की प्राप्ति के लिये एक कंपनी के विभिन्न चरणों को दर्शाता है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**टेपर टैंट्रम:**

- "टेपरिंग", मौद्रिक नीति से संबंधित एक शब्द, उधार लेने की लागत कम रखने के लिये सरकारी ऋण के साथ ही अन्य परिसंपत्तियों की खरीद के लिये उपयोग किये जाने वाले क्वांटिटेटिव ईजिंग कार्यक्रम को बंद करने की केंद्रीय बैंक की रणनीति को संदर्भित करता है।
- टेपरिंग को क्वांटिटेटिव ईजिंग (QE) को 'समाप्त' करने अथवा 'कम करने' या धीरे-धीरे अर्थव्यवस्था एवं बैंकों में निवेश को स्थगित करने की योजना के रूप में वर्णित किया जा सकता है।
- केंद्रीय बैंकिंग प्रणाली एक विस्तारित अवधि में बॉण्ड खरीद को कम करके ऐसा करती है ताकि अर्थव्यवस्था में गिरावट को खरीद द्वारा प्रदान की जाने वाली अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि से धीरे-धीरे समाप्त किया जा सके।

**अत: विकल्प B सही है।**

**94. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नवंबर, 2014 में ने पई ताव, म्याँमार में आयोजित 12वें आसियान भारत शिखर सम्मेलन में भारत ने औपचारिक रूप से एक्ट ईस्ट नीति को प्रतिपादित किया।
2. दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का संगठन (आसियान) भारत का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारत की पूर्वी एशिया तक पहुँच:**

- लुक ईस्ट पॉलिसी वर्तमान में एक गतिशील एवं कार्रवाई उन्मुख 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' में परिवर्तित हो गई है।
- नवंबर, 2014 में म्याँमार के ने पई ताव में आयोजित 12वें आसियान भारत शिखर सम्मेलन और 9वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री ने औपचारिक रूप से एक्ट ईस्ट नीति की घोषणा की। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत-आसियान व्यापार एवं निवेश संबंध लगातार मज़बूत हो रहे हैं, आसियान भारत का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। **अत: कथन 2 सही है।**
- आसियान के साथ भारत का व्यापार 81.33 बिलियन अमेरिकी डॉलर अर्थात् भारत के कुल व्यापार का लगभग 10.6% है।

**95. बेसल III मानदंडों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बेसल III मानदंड बैंकिंग पर्यवेक्षण पर बेसल समिति द्वारा जारी किये गए अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग नियम हैं।
2. बैंकिंग पर्यवेक्षण पर बेसल समिति की स्थापना वर्ष 1974 में ग्रुप ऑफ टेन या G10 के केंद्रीय बैंक गवर्नरों द्वारा की गई थी।
3. तरलता कवरेज अनुपात (LCR) अल्पकालिक दायित्वों को पूर्ण करने के लिये वित्तीय संस्थानों द्वारा रखी गई तरल संपत्तियों को दर्शाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**बेसल III मानदंड:**

- बेसल III मानदंड अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग प्रणाली को मज़बूत करने के लक्ष्य के साथ बैंकिंग पर्यवेक्षण पर बेसल समिति द्वारा जारी किये गए अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग नियम हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- बैंकिंग पर्यवेक्षण पर बेसल समिति, जिसे BCBS के नाम से भी जाना जाता है, की स्थापना वर्ष 1974 में वित्तीय बाज़ारों में व्यवधानों के जवाब में दस देशों के समूह या G10 देशों के केंद्रीय बैंक गवर्नरों द्वारा की गई थी। **अत: कथन 2 सही है।**
- तरलता कवरेज अनुपात (LCR) अल्पकालिक दायित्वों को पूर्ण करने के लिये वित्तीय संस्थानों द्वारा रखी गई तरल संपत्तियों को दर्शाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**96. "आधार क्षरण और लाभ हस्तांतरण (BEPS)", जो कभी-कभी चर्चा में रहता है, निम्नलिखित में से किससे संबंधित है ?**

A. तटीय क्षेत्रों में भूमि क्षरण और मृदा उर्वरता का ह्रास
B. बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा खनन पट्टा
C. जलवायु वित्त में भ्रष्टाचार
D. बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा कर चोरी पर अंकुश लगाना

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**आधार क्षरण और लाभ हस्तांतरण (BEPS):**

- आधार क्षरण और लाभ हस्तांतरण (BEPS) बहुराष्ट्रीय उद्यमों द्वारा उपयोग की जाने वाली कर नियोजन रणनीतियों को संदर्भित करता है, जो कर भुगतान से बचने के लिये कर नियमों में अंतराल एवं बेमेल (mismatches) का लाभ उठाती है। **अत: विकल्प D सही है।**
- BEPS उन कंपनियों के लिये अंतर्राष्ट्रीय कराधान में अंतर को कम करने का प्रयास करता है, जो कथित तौर पर कराधान से बचती है या कर व्युत्क्रमण (चालू संचालन) में संलग्न होकर या अमूर्त वस्तुओं को न्यून कर क्षेत्राधिकार में हस्तांतरित करके अपने गृह देश में कर का बोझ कम करती हैं।
- OECD ने उन मुख्य क्षेत्रों को संबोधित करने के लिये 15 कार्यात्मक वस्तुओं को जारी किया है, जहाँ उन्हें लगता है कि कंपनियाँ लाभ के इस बदलाव को आक्रामक रूप से पूरा कर रही हैं।

**97. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उत्तरी समुद्री मार्ग (NSR) बैरेंट्स और कारा सागर (कारा जलडमरूमध्य) के बीच की सीमा से शुरू होता है तथा बेरिंग जलडमरूमध्य (प्रोविडेनिया खाड़ी) में समाप्त होता है।
2. भारत ने 1920 में पेरिस में स्वालबार्ड संधि पर हस्ताक्षर किये।
3. भारतीय आर्कटिक स्टेशन 'हिमाद्रि' आइसलैंड में स्थित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारत का आर्कटिक अभियान:**

- 5,600 किमी. लंबा, उत्तरी समुद्री मार्ग (NSR) बैरेंट्स और कारा सागर (कारा जलडमरूमध्य) के बीच की सीमा से शुरू होता है तथा बेरिंग जलडमरूमध्य (प्रोविडेनिया खाड़ी) में समाप्त होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत ने आर्कटिक क्षेत्र के साथ अपना जुड़ाव तब शुरू किया जब उसने फरवरी 1920 में पेरिस में स्वालबार्ड संधि पर हस्ताक्षर किये। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारतीय आर्कटिक स्टेशन 'हिमाद्रि' एनवाई एलेसुंड, स्पिट्सबर्गेन द्वीप, नॉर्वे में स्थित है और यह वर्ष 2008 से भारतीय वैज्ञानिक जाँच के केंद्र के रूप में कार्य कर रहा है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**98. कभी-कभी समाचारों में देखा जाने वाला क्षेत्र 'कोला प्रायद्वीप' स्थित है:**

A. यूक्रेन
B. रूस
C. भारत
D. मिस्र

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**कोला प्रायद्वीप:**

- कोला प्रायद्वीप उत्तर पश्चिमी रूस में स्थित है जो परिध्रुवीय (circumpolar) उत्तर में सबसे महत्त्वपूर्ण आर्थिक क्षेत्रों में से एक है। **अत: विकल्प B सही है।**
- इस क्षेत्र में बहुमूल्य प्राकृतिक संसाधन हैं, जिनमें विभिन्न प्रकार के खनिज और मत्स्य संसाधन शामिल हैं तथा यह बैरेंट्स सागर के बड़े गैस क्षेत्रों के नजदीक है।
- बड़ी आबादी, औद्योगिक परिसर और सैन्य बुनियादी ढाँचा भी इस क्षेत्र की विशेषता हैं।

**99. होर्मुज़ जलडमरूमध्य के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अरब प्रायद्वीप को पूर्वी अफ्रीका से अलग करता है।
2. यह फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी से जोड़ता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**होर्मुज़ जलडमरूमध्य (Strait of Hormuz):**

- होर्मुज़ जलडमरूमध्य ओमानी मुसंदम प्रायद्वीप और ईरान के बीच एक संकीर्ण चैनल है। यह सबसे संकीर्ण बिंदु पर लगभग 30 मील चौड़ा है। यह अरब प्रायद्वीप को पूर्वी अफ्रीका से अलग नहीं करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी से जोड़ता है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- होर्मुज़ जलडमरूमध्य विश्व का सबसे महत्त्वपूर्ण तेल मार्ग है, जो अरब की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच एक चोकपॉइंट बनाता है।

**100. निम्नलिखित में से कौन-सी समिति भारत में गरीबी आकलन से संबंधित है?**

1. अलघ समिति
2. तेंदुलकर समिति
3. रंगराजन समिति
4. यू.के. सिन्हा समिति

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1, 2 और 4
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारत में गरीबी का आकलन:**

- योजना आयोग ने 1977 में 'प्रभावी उपभोग मांग और न्यूनतम आवश्यकता अनुमानन ' पर एक टास्क फोर्स (अलघ समिति) का गठन किया, जिसने प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय के अनुसार गरीबी रेखा को परिभाषित किया।
- गरीबी आकलन की पद्धति की समीक्षा और कमियों को दूर करने के लिये योजना आयोग द्वारा गठित एक विशेषज्ञ समूह द्वारा दिसंबर, 2005 में तेंदुलकर समिति की स्थापना की गई थी तथा दिसंबर 2009 में रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी।
- जून 2012 में देश में गरीबी मापने की पद्धति की समीक्षा के लिये डॉ. सी. रंगराजन की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समूह का गठन किया गया था और 30 जून, 2014 को अपनी रिपोर्ट सौंपी।
- सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSMEs) के सामने आने वाली समस्याओं का अध्ययन करने के लिये यू. के. सिन्हा समिति का गठन किया गया था।

**अतः विकल्प D सही है।**

**101. भारत के अद्यतन राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC) के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

A. वर्ष 2030 तक 500GW गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता प्राप्त करना।
B. वर्ष 2030 तक भारत की 50% ऊर्जा आवश्यकताओं की नवीकरणीय ऊर्जा के माध्यम से पूर्ति करना।
C. वर्तमान से वर्ष 2030 तक कुल अनुमानित कार्बन उत्सर्जन में एक अरब टन की कमी लाना।
D. वर्ष 1991 के स्तर से वर्ष 2030 तक अर्थव्यवस्था की कार्बन तीव्रता को 45% कम करना।

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC):**

- भारत सरकार ने ग्लासगो, यूनाइटेड किंगडम में आयोजित जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) के 26वें सत्र में भारत की जलवायु कार्रवाई के निम्नलिखित पाँच अमृत तत्त्व (पंचामृत) प्रस्तुत किये:
  - वर्ष 2030 तक 500GW गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता प्राप्त करना।
  - वर्ष 2030 तक भारत की 50% ऊर्जा आवश्यकताओं की नवीकरणीय ऊर्जा के माध्यम से पूर्ति करना।
  - वर्तमान से वर्ष 2030 तक कुल अनुमानित कार्बन उत्सर्जन में एक अरब टन की कमी लाना।
  - वर्ष 2030 तक अर्थव्यवस्था की कार्बन तीव्रता में वर्ष 2005 के स्तर से 45% की कमी लाना। **अतः विकल्प D सही उत्तर है।**
  - वर्ष 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य प्राप्त करना।

**102. भारत के विमानन बाज़ार के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

1. भारत वर्तमान में विश्व का तीसरा सबसे बड़ा नागरिक उड्डयन बाज़ार है।
2. वर्तमान में वैश्विक एयरोस्पेस डिज़ाइन और विनिर्माण बाज़ार में भारतीय कंपनियों की हिस्सेदारी मात्र 1% से अधिक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारत का विमानन बाज़ार:**

- भारत का नागरिक उड्डयन, वैश्विक स्तर पर सबसे तेज़ी से बढ़ते विमानन बाज़ारों में से एक है और वर्ष 2024 तक भारत को 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था के निर्माण हेतु एक प्रमुख विकास इंजन के रूप में कार्य करेगा।

- भारत वर्तमान में विश्व का तीसरा सबसे बड़ा नागरिक उड्डयन बाज़ार है। **अतः कथन 1 सही है।**
- कुछ भारतीय कंपनियाँ इंजीनियरिंग डिज़ाइन सेवाएँ प्रदान करने के लिये मूल्य शृंखला में आगे बढ़ी हैं। हालाँकि वर्तमान में वैश्विक एयरोस्पेस डिज़ाइन और विनिर्माण बाज़ार में उनकी हिस्सेदारी मात्र 1% से अधिक है। **अतः कथन 2 सही है।**

**103. ECO निवास संहिता, 2018 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे भारत के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया था।
2. यह आवासीय भवनों के लिये एक ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता है।
3. यह केवल इमारतों की ऊर्जा दक्षता को संबोधित करता है, जबकि अन्य पहलू इसके अंतर्गत शामिल नहीं हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**ECO निवास संहिता, 2018:**

- विद्युत मंत्रालय ने ऊर्जा संरक्षण-न्यू इंडियन वे फॉर अफोर्डेबल एंड सस्टेनेबल होम्स (ECO निवास) संहिता, 2018 का शुभारंभ किया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह भारत के ऊर्जा संरक्षण प्रयासों को और बढ़ावा देने हेतु आवासीय भवनों के लिये ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता (ECBC-R) है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह भारत में मौजूद पाँच जलवायु क्षेत्रों (उष्ण-शुष्क, उष्ण-आर्द्र, शीतोष्ण, मिश्रित और शीतल) को भी ध्यान में रखता है।
- हालाँकि यह केवल इमारतों की ऊर्जा दक्षता को संबोधित करता है। इसके अंतर्गत जल एवं अन्य पहलू शामिल नहीं हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**104. वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अधिकार भारत के नागरिकों और विदेशी नागरिकों दोनों के लिये उपलब्ध है।
2. सार्वजनिक व्यवस्था उन आधारों में से एक है जो धर्म की स्वतंत्रता के साथ-साथ वाक् स्वतंत्रता को भी प्रतिबंधित कर सकती है।
3. वाक् अधिकार में न बोलने का अधिकार भी शामिल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता:**

- वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता केवल भारत के नागरिक के लिये उपलब्ध है, विदेशी नागरिकों के लिये नहीं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- हालाँकि इस अधिकार का प्रयोग अनुच्छेद 19(2) के तहत लगाए गए कुछ उद्देश्यों के लिये उचित प्रतिबंधों के अधीन है।
- उचित प्रतिबंधों में भारत की संप्रभुता और अखंडता, राज्य की सुरक्षा, विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध, सार्वजनिक व्यवस्था, शालीनता या नैतिकता या न्यायालय की अवमानना, मानहानि या किसी अपराध के लिये उकसाना शामिल है। **अतः कथन 2 सही है।**
- वाक् अधिकार एवं अभिव्यक्ति के अधिकार में न बोलने और चुप रहने का अधिकार शामिल है। **अतः कथन 3 सही है।**

**105. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हमास की उत्पत्ति मुस्लिम ब्रदरहुड की फिलिस्तीनी शाखा के रूप में हुई थी।
2. संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ ने हमास को आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया है।
3. 2006 में चुनावों में अपने प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दल फतह को हराने के बाद हमास ने गाज़ा पट्टी पर कब्ज़ा कर लिया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**पश्चिम एशिया में क्षेत्रीय युद्ध (Regional war in West Asia):**

- हमास की उत्पत्ति 1980 के दशक के अंत में मुस्लिम ब्रदरहुड की फिलिस्तीनी शाखा के रूप में हुई थी। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ ने हमास को इज़रायल के खिलाफ सशस्त्र प्रतिरोध के कारण एक आतंकवादी संगठन नामित किया है, जिसमें आत्मघाती बम विस्फोट एवं रॉकेट हमले शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस्लामी आतंकवादी समूह हमास ने 2006 में चुनावों में अपने प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दल फतह को हराने के बाद गाज़ा पट्टी पर कब्ज़ा कर लिया। **अतः कथन 3 सही है।**

**106. दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम (Rights of Persons with Disabilities Act), 2016 के संबंध में निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम (Rights of Persons with Disabilities Act), 2016 विकलांग व्यक्तियों के लिये सार्वभौमिक रूप से डिज़ाइन किये गए उपभोक्ता उत्पादों के विकास का प्रावधान करता है।
2. विकलांगता आयोग द्वारा जारी निर्देश पार्टियों पर कानूनी रूप से बाध्यकारी है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम (Rights of Persons with Disabilities Act), 2016:**

- दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम (Rights of Persons with Disabilities Act), 2016 की धारा 43 में कहा गया है कि उपयुक्त सरकार दिव्यांग व्यक्तियों के सामान्य उपयोग के लिये सार्वभौमिक रूप से डिज़ाइन किये गए उपभोक्ता उत्पादों और सहायक उपकरण के विकास, उत्पादन एवं वितरण को बढ़ावा देने के लिये उपाय करेगी। **अतः कथन 1 सही है।**
- अधिकारों के उल्लंघन के मामले में विकलांग व्यक्ति (समान अवसर,अधिकारों का संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम के तहत स्थापित दिव्यांग आयोगों के पास शिकायत दर्ज कर सकता है।
- हालाँकि विकलांगता आयोग केवल अनुशंसात्मक निर्देश जारी करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**107. निम्नलिखित में से किसने 1998 में गठित "चुनावों की राज्य निधि समिति" की अध्यक्षता की?**

A. जय प्रकाश नारायण
B. जीवन रेड्डी
C. एन.एन. वोहरा
D. इंद्रजीत गुप्ता

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**चुनाव का राज्य वित्तपोषण:**

- इंद्रजीत गुप्ता चुनावों के राज्य वित्तपोषण पर समिति (1998) के अध्यक्ष थे।
- इंद्रजीत गुप्ता समिति (1998) ने चुनावों में राज्य के वित्तपोषण का समर्थन किया। इसने कहा कि समिति कम वित्तपोषित राजनीतिक दलों को समान अवसर प्रदान करने हेतु संवैधानिक, कानूनी और जनहित के आधार "पर " इसे पूर्ण रूप से तर्कसंगत मानती है।
- समिति ने राज्य वित्तपोषण की दो सीमाओं की सिफारिश की।
  - सबसे पहले तो यह कि राज्य निधि केवल राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय राजनीतिक दलों को चुनाव चिह्न आवंटित करने के लिये दी जानी चाहिये, न कि स्वतंत्र उम्मीदवारों को।
  - दूसरे, अल्पावधि में राज्य द्वारा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों और उनके उम्मीदवारों को कुछ सुविधाओं के रूप में ही धन दिया जाना चाहिये।

**अतः विकल्प D सही है।**

**108. भारतीय मानसून के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ला नीना की अवस्था को मानसून के दौरान भारत में न्यूनतम वर्षा के रूप में जाना जाता है।
2. हिंद महासागर द्विध्रुव (IOD) की नकारात्मक अवस्था के कारण पूर्वी हिंद महासागर में उष्ण जल और अधिक वर्षा होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारतीय मानसून:**

- पश्चिमी प्रशांत महासागर के ऊपर न्यूनतम दाब भारतीय मानसून के लिये अनुकूल है। हालाँकि अल नीनो इस न्यूनतम दाब को

उसकी सामान्य स्थिति से पूर्व की ओर स्थानांतरित कर देता है, जिससे भारत में मानसूनी वर्षा कम हो जाती है।

- ला नीना के कारण भारत में शीतल तापमान और वर्षा में सामान्य वृद्धि होती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- हिंद महासागर द्विध्रुव (IOD) की नकारात्मक अवस्था भारतीय दक्षिण-पश्चिम मानसून वर्षा पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है, जिसके परिणामस्वरूप भारत में औसत से न्यूनतम वर्षा होती है।
- हिंद महासागर द्विध्रुव (IOD) की नकारात्मक अवस्था के कारण पूर्वी हिंद महासागर में उष्ण जल और अधिक वर्षा होती है। **अतः कथन 2 सही है।**

**109. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

1. राष्ट्रीय स्तर पर चार उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) संख्याएँ हैं।
2. शहरी गैर-मैनुअल कर्मचारियों (UNME) के लिये CPI को श्रम मंत्रालय में श्रम ब्यूरो द्वारा संकलित और जारी किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI):**

- **राष्ट्रीय स्तर पर चार उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) संख्याएँ हैं। जो इस प्रकार हैं:**
  - औद्योगिक श्रमिकों हेतु CPI (IW),
  - कृषि श्रमिकों हेतु CPI (AL),
  - ग्रामीण मज़दूरों हेतु CPI (RL) और
  - शहरी गैर-मैनुअल कर्मचारियों हेतु CPI (UNME)। **अतः कथन 1 सही है।**
- पहले तीन को श्रम मंत्रालय में श्रम ब्यूरो द्वारा संकलित और जारी किया गया है।
- चौथा (यानी शहरी गैर-मैनुअल कर्मचारियों के लिये CPI) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में केंद्रीय सांख्यिकी संगठन द्वारा जारी किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**110. प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 भारत में अविश्वास मुद्दों को संबोधित करने वाला प्रथम कानून है।
2. भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (CCI) वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत एक वैधानिक निकाय है।
3. प्रतिस्पर्द्धा अपीलीय न्यायाधिकरण (COMPAT) CCI के फैसलों के खिलाफ अपील सुनने के लिये ज़िम्मेदार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002:**

- प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 भारत में अविश्वास मुद्दों (antitrust issues) को संबोधित करने वाला प्रथम कानून है। इसे बाज़ारों में प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ावा देने और बनाए रखने, प्रतिस्पर्द्धा-विरोधी प्रथाओं को रोकने तथा उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने के लिये अधिनियमित किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (CCI) कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के तहत एक वैधानिक निकाय है और प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 को लागू करने के लिये ज़िम्मेदार है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- प्रतिस्पर्द्धा अपीलीय न्यायाधिकरण (COMPAT) प्रारंभ में CCI निर्णयों के खिलाफ अपील सुनने के लिये ज़िम्मेदार था।
- हालाँकि वर्ष 2017 में सरकार ने COMPAT को राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (NCLAT) से परिवर्तित कर दिया, जो अब प्रतिस्पर्द्धा मामलों से संबंधित अपीलों को संभालता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**111. घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण 2022-23 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण (HCES) प्रति 5 वर्ष में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा आयोजित किया जाता है।
2. सिक्किम में ग्रामीण तथा शहरी दोनों क्षेत्रों में मासिक प्रति व्यक्ति उपभोक्ता व्यय (MPCE) सबसे अधिक है, जबकि बिहार में सबसे कम है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण 2022-23:**

- सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने अगस्त 2022 से जुलाई 2023 तक आयोजित अखिल भारतीय घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण के आँकड़े जारी किये।
- घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण (HCES) प्रति 5 वर्ष में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा आयोजित किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- सिक्किम में ग्रामीण (₹7,731) तथा शहरी क्षेत्रों (₹12,105) दोनों में उच्चतम MPCE है, जबकि छत्तीसगढ़ में यह ग्रामीण परिवारों के लिये ₹2,466 और शहरी परिवारों के लिये ₹4,483 के साथ सबसे कम है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**112. भारत में विमानन क्षेत्र के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नागरिक विमानन महानिदेशालय मुख्य रूप से सुरक्षा मुद्दों से निपटने वाली एक वैधानिक संस्था है।
2. भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) देश में भूमि एवं हवाई क्षेत्र दोनों पर नागरिक विमानन बुनियादी ढाँचे के निर्माण, उन्नयन, रखरखाव एवं प्रबंधन के लिये उत्तरदायी है।
3. नागरिक विमानन सुरक्षा ब्यूरो (BCAS) केवल घरेलू हवाईअड्डों पर नागरिक उड़ानों की सुरक्षा के संबंध में मानक एवं उपाय निर्धारित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारत में विमानन क्षेत्र:**

- नागरिक विमानन महानिदेशालय, नागरिक विमानन के क्षेत्र में एक वैधानिक निकाय है, जो मुख्य रूप से सुरक्षा मुद्दों का समाधान करता है। यह विमानन अधिनियम, 2020 के अंर्तगत एक वैधानिक निकाय बन गया। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) देश में भूमि एवं हवाई क्षेत्र दोनों पर नागरिक विमानन बुनियादी ढाँचे के निर्माण, उन्नयन, रखरखाव तथा प्रबंधन के लिये उत्तरदायी है। **अत: कथन 2 सही है।**
- नागरिक विमानन सुरक्षा ब्यूरो (BCAS) की मुख्य उत्तरदायित्वों में भारत में अंतर्राष्ट्रीय एवं घरेलू दोनों हवाई अड्डों पर नागरिक उड़ानों की सुरक्षा के संबंध में मानक एवं उपायों को निश्चित करना शामिल है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**113. ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (GIB) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (GIB) की संख्या में चिंताजनक कमी का कारण ओवरहेड पॉवर ट्रांसमिशन लाइनों के साथ निरंतर टकराव है।**

**कथन-II: GIB के पास पार्श्व दृष्टि होती है क्योंकि उनकी आँखें उनके सिर के किनारों पर होती हैं और जब उनका सामना किसी तार से होता है तो उन्हें अपनी उड़ान की दिशा बदलने में कठिनाई होती है।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (GIB):**

- ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (GIB) विशेष रूप से राजस्थान और गुजरात में पाए जाते हैं तथा उनकी संख्या में चिंताजनक कमी का कारण उनके निवास स्थान के पास सौर संयंत्रों समेत ओवरहेड पॉवर ट्रांसमिशन लाइनों के साथ निरंतर टकराव है।
- GIB के पास पार्श्व दृष्टि होती है क्योंकि उनकी आँखें उनके सिर के किनारों पर होती हैं और जब उनका सामना किसी तार से होता है तो उन्हें अपनी उड़ान की दिशा बदलने में कठिनाई होती है।
- ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (आर्डियोटिस नाइग्रिसेप्स), राजस्थान का राजकीय पक्षी, भारत का सबसे गंभीर रूप से लुप्तप्राय पक्षी माना जाता है।
- **अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।**

**114. निम्नलिखित में से कौन-सा PM-ABHIM (प्रधान मंत्री-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन) का घटक हैं?**

1. संक्रामक रोगों की निगरानी
2. निदान एवं उपचार सुविधाएँ
3. महामारी अनुसंधान

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**PM-ABHIM (प्रधानमंत्री-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन):**

- PM आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन भारत के सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में तीन महत्त्वपूर्ण कमियों को दूर करना चाहता है।
- पहला घटक संक्रामक रोगों की व्यापक निगरानी स्थापित करना है। राष्ट्रीय स्तर पर एक एकीकृत स्वास्थ्य सूचना प्लेटफॉर्म (IHIP) स्थापित किया जाएगा।
- दूसरा घटक व्यापक निदान और उपचार सुविधाओं का निर्माण।
- मिशन का तीसरा घटक व्यापक महामारी अनुसंधान है।

**अत: विकल्प D सही है।**

**115. डायमंड-वॉटर पैराडॉक्स वह अवलोकन है जिसमें**

A. जिन वस्तुओं की कीमत सबसे अधिक होती है उनका विनिमय में अक्सर कम मूल्य होता है और जिन वस्तुओं की कीमत सबसे कम होती है, उनका विनिमय में अक्सर सबसे अधिक मूल्य होता है।
B. जिन वस्तुओं का उपयोग के संदर्भ में सबसे अधिक मूल्य होता है, उनका विनिमय में अक्सर बहुत कम मूल्य होता है और जिन वस्तुओं का उपयोग के संदर्भ में बहुत कम मूल्य होता है, उनका विनिमय में अक्सर काफी अधिक मूल्य होता है।
C. जिन वस्तुओं का उपयोग के संदर्भ में सबसे कम मूल्य होता है, उनका विनिमय में अक्सर बहुत कम मूल्य होता है और जिन वस्तुओं का उपयोग के संदर्भ में सबसे अधिक मूल्य होता है, उनका विनिमय में अक्सर सबसे अधिक मूल्य होता है।
D. जिन वस्तुओं की कीमत सबसे कम होती है, उनका विनिमय में अक्सर कम मूल्य होता है और जिन वस्तुओं की कीमत सबसे अधिक होती है, उनका विनिमय में अक्सर उनका मूल्य सबसे अधिक होता है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**डायमंड-वॉटर पैराडॉक्स:**

- डायमंड-वॉटर पैराडॉक्स (मूल्य का विरोधाभास) कुछ आवश्यक वस्तुओं और गैर-आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में देखे गए व्यापक अंतर के वर्णन से संबंधित है।
- कई वस्तुओं और सेवाओं (जो मानव जीवन के लिये आवश्यक हैं) की बाज़ार अर्थव्यवस्था में अन्य वस्तुओं एवं सेवाओं (जो इतनी आवश्यक नहीं हैं) की तुलना में बहुत कम कीमत होती है।
- उदाहरण के लिये जल (जो मानव अस्तित्त्व के लिये आवश्यक है) उस कीमत पर बिकता है जो हीरे (जो एक विलासिता की वस्तु है तथा मानव अस्तित्त्व के लिये आवश्यक नहीं है) की कीमत का एक अंश मात्र है।
- इस विरोधाभास को बाज़ार अर्थव्यवस्था के कई आलोचकों द्वारा प्रदर्शित किया गया है जो तर्क देते हैं कि यह एक अनुचित आर्थिक प्रणाली है जो विभिन्न लोगों के बीच असमानता को जन्म देती है।

**अत: विकल्प B सही है।**

**116. निम्नलिखित में से कौन-सा जनसंख्या पिरामिड जापान की वर्तमान जनसांख्यिकी को दर्शाता है?**

A. विस्तारशील पिरामिड
B. संकुचनशील पिरामिड
C. स्थिर पिरामिड
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**जनसंख्या पिरामिड :**

- जनसंख्या पिरामिड सभी आकृतियों और आकारों में हो सकते हैं, लेकिन आमतौर पर इन्हें तीन अलग-अलग श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है अर्थात- विस्तृत, स्थिर और संकुचित।
- संकुचित पिरामिड: इसका आधार संकीर्ण होने के साथ मध्य और शीर्ष भाग चौड़ा होता है और यह अक्सर विकसित अर्थव्यवस्थाओं से संबंधित होते हैं, जिनमें जन्म दर कम होने के साथ जीवन प्रत्याशा अधिक होती है।

नोट :

- जापान का संबंध संकुचित पिरामिड से है। **अतः विकल्प B सही है।**

**117. वस्तु एवं सेवा कर (GST) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वस्तु एवं सेवा कर (GST) घरेलू उपभोग के लिये बेची जाने वाली वस्तुओं एवं सेवाओं पर लगाया जाने वाला प्रत्यक्ष कर है।
2. GST मूल-आधारित कराधान के सिद्धांत पर आधारित है।
3. केंद्र तथा राज्य दोनों एक साथ एक सामान्य आधार पर कर लगा सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**वस्तु एवं सेवा कर (GST):**

- वस्तु एवं सेवा कर (GST) घरेलू उपभोग के लिये बेची जाने वाली वस्तुओं एवं सेवाओं पर लगाया जाने वाला एक मूल्यवर्द्धित कर है। यह एक अप्रत्यक्ष कर है जिसने भारत में कई अप्रत्यक्ष करों जैसे- उत्पाद शुल्क, वैट, सेवा कर इत्यादि को प्रतिस्थापित कर दिया है।**अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- GST मूल-आधारित कराधान के वर्तमान सिद्धांत के विपरीत गंतव्य-आधारित उपभोग कराधान के सिद्धांत पर आधारित है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह एक दोहरी GST है जिसमें केंद्र एवं राज्य एक साथ समान आधार पर कर लगाते हैं। केंद्र द्वारा लगाए जाने वाले GST को केंद्रीय जीएसटी (CGST) कहा जाता है तथा राज्यों द्वारा लगाए जाने वाले GST को राज्य जीएसटी (SGST) कहा जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**118. निम्नलिखित में से कौन-सा सूचना प्रौद्योगिकी (IT) अधिनियम 2000 में "सेफ हार्बर" शब्द का सर्वोत्तम वर्णन करता है?**

A. ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को उनके उपयोगकर्त्ताओं के कार्यों के लिये उत्तरदायित्व से सुरक्षित रखना।
B. आईटी प्रणाली के अंतर्गत सुरक्षित डेटा भंडारण प्रथाएँ स्थापित करना।
C. अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं के पार व्यक्तिगत डेटा के स्थानांतरण को विनियमित करना।
D. उपयोगकर्त्ताओं के व्यक्तिगत डेटा को राष्ट्रीय सीमाओं के भीतर संग्रहीत करना।

**उत्तर: A**

**व्याख्या**

**सेफ हार्बर:**

- आईटी अधिनियम 2000 की धारा 79 केअंतर्गत सेफ हार्बर का प्रावधान दिया गया है
- इसमें कहा गया है कि "एक मध्यस्थ उसके द्वारा उपलब्ध अथवा आयोजित किसी भी तीसरे पक्ष की जानकारी, डेटा या संचार लिंक के लिये उत्तरदायी नहीं होगा"।
- सेफ हार्बर सिद्धांत के अनुसार, फेसबुक या ट्विटर जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को उपयोगकर्त्ताओं द्वारा उन पर पोस्ट की गई सामग्री के लिये ज़िम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है।
- यह वह सिद्धांत है जो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को उपयोगकर्त्ताओं द्वारा किये गए पोस्ट के लिये दायित्व से बचने की अनुमति प्रदान करता है। **अतः विकल्प A सही है।**

**119. सूडान के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सूडान उत्तरपूर्वी अफ्रीका में एक भू-आबद्ध देश है।
2. सूडान नील नदी और उसकी सहायक नदियों द्वारा अपवाहित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**सूडान:**

- सूडान उत्तरपूर्वी अफ्रीका में स्थित है। सूडानी तट लगभग 400 मील लंबा है और मिस्र एवं इरीट्रिया के बीच लाल सागर पर स्थित है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- सूडान मुख्य रूप से विशाल मैदानों और पठारों से बना है जो नील नदी एवं उसकी सहायक नदियों द्वारा सिंचित हैं। सफेद नील सूडान की राजधानी खार्तूम में नीली नील से मिलती है। **अतः कथन 2 सही है।**

**120. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) को कानून द्वारा अनिवार्य करने वाला विश्व का पहला देश है।

2. राष्ट्रीय कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व डेटा पोर्टल CSR से संबंधित डेटा और सूचना का प्रसार करने के लिये वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की एक पहल है।
3. कंपनियों को पिछले तीन वर्षों में अपने शुद्ध लाभ का न्यूनतम 2% CSR के रूप में खर्च करना आवश्यक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR):**

- भारत कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 135 के तहत कानून द्वारा CSR को अनिवार्य करने वाला विश्व का पहला देश बन गया। **अतः कथन 1 सही है।**
- राष्ट्रीय कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व डेटा पोर्टल भारत सरकार के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा पंजीकृत कंपनियों द्वारा दायर कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व संबंधी डेटा और जानकारी का प्रसार करने के लिये एक मंच स्थापित करने की एक पहल है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- कंपनियों को CSR नीति के अनुसार प्रत्येक वित्तीय वर्ष में पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान किये गए औसत शुद्ध लाभ का न्यूनतम 2% खर्च करने की आवश्यकता होती है। **अतः कथन 3 सही है।**

**121. भारत-ईरान संबंध के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ONGC विदेश लिमिटेड (OVL) ने ओमान की खाड़ी में फरज़ाद-बी गैस क्षेत्र की खोज की।
2. चाबहार परियोजना के तहत भारत का निवेश शहीद कलंतरी पत्तन तक ही सीमित है।
3. ईरान और भारत सहित P5+1 नामक विश्व महाशक्तियों के समूह ने संयुक्त व्यापक कार्य योजना (JCPOA) 2015 पर सहमति जताई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारत-ईरान संबंध:**

- सरकारी स्वामित्व वाली तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ONGC) की विदेशी निवेश शाखा ONGC विदेश लिमिटेड (OVL) ने वर्ष 2008 में फारस की खाड़ी में फरज़ाद-बी गैस क्षेत्र की खोज की थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- चाबहार परियोजना के अंतर्गत आने वाले दो अलग-अलग पत्तन शाहिद कलंतरी और शाहिद बेहश्ती हैं। भारत का निवेश शाहिद बेहेश्टी पत्तन तक ही सीमित है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- वर्ष 2015 में ईरान ने अपने नाभिकीय कार्यक्रम पर P5+1 (अमेरिका, ब्रिटेन, फ्राँस, चीन, रूस और जर्मनी) नामक विश्व महाशक्तियों के समूह के साथ एक दीर्घकालिक समझौते पर सहमति जताई। भारत इस समझौते का पक्षकार नहीं था। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**122. सलवा जुडूम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सलवा जुडूम वर्ष 2018 में माओवादियों के विरुद्ध सरकार समर्थित "जन प्रतिरोध आंदोलन" के रूप में शुरू हुआ।
2. हथियारों का प्रशिक्षण लेने वाले जनजातीय लोगों को सरकार ने दंतेवाड़ा की एक जनजाति के नाम पर कोया कमांडो का नाम दिया है।
3. 2009 में सर्वोच्च न्यायालय ने नागरिकों को इस प्रकार से सशस्त्र किया जाना अवैध घोषित कर दिया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**सलवा जुडूम:**

- सलवा जुडूम वर्ष 2005 में माओवादियों के विरुद्ध सरकार समर्थित "जन प्रतिरोध आंदोलन" के रूप में शुरू हुआ। गोंडी भाषा में सलवा जुडूम का आशय शांति यात्रा या शांति मार्च से है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- हथियारों का प्रशिक्षण लेने वाले जनजातीय लोगों को सरकार ने दंतेवाड़ा की एक जनजाति के नाम पर कोया कमांडो का नाम दिया है। **अतः कथन 2 सही है।**

- सर्वोच्च न्यायालय ने वर्ष 2009 में नागरिकों को इस प्रकार से सशस्त्र किया जाना अवैध घोषित कर दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र को निर्देश दिया कि वह "अर्द्ध-साक्षर जनजातियों" की भर्ती के लिये वित्तीय सहायता प्रदान करना बंद करे और उन्हें माओवादियों के विरुद्ध लड़ने के लिये तैयार करे। **अत: कथन 3 सही है।**

**123. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा "संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून अभिसमय (UNCLOS), 1982" के संबंध में सही नहीं है?**

A. यह समुद्री क्षेत्रों को तीन मुख्य क्षेत्रों- प्रादेशिक सागर क्षेत्र, विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (EEZ) और किसी भी राष्ट्र के नियंत्रण से स्वतंत्र सागरीय क्षेत्र (High Sea) में विभाजित करता है।

B. UNCLOS ने अंतर्राष्ट्रीय नौवहन के लिये प्रयोग में लाए जाने वाले जलसंधि के माध्यम से 'पारगमन मार्ग' की व्यवस्था शुरू की।

C. यह समुद्री क्षेत्रों में किसी राष्ट्र के अधिकार क्षेत्र के लिये एक रूपरेखा निर्धारित करने वाला एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय अभिसमय है।

D. भारत UNCLOS का पक्षकार है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून अभिसमय (UNCLOS):**

- संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून अभिसमय (UNCLOS), 1982 एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता है जो समुद्री और महासागरीय गतिविधियों के लिये विधिक रूपरेखा स्थापित करता है।
- इसके द्वारा समुद्री क्षेत्रों को पाँच मुख्य क्षेत्रों में विभाजित किया गया है, अर्थात्- आंतरिक जलक्षेत्र, प्रादेशिक सागर, सन्निहित क्षेत्र, विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (EEZ) और किसी भी राष्ट्र के नियंत्रण से स्वतंत्र सागरीय क्षेत्र (High Sea)।
- UNCLOS ने अंतर्राष्ट्रीय नौवहन के लिये प्रयोग में लाए जाने वाले जलसंधि के माध्यम से 'पारगमन मार्ग' की व्यवस्था शुरू की। जिन देशों की सीमा इस जलसंधि से लगती है, वे विदेशी जहाज़ों के मार्ग को बाधित नहीं कर सकते।
- यह समुद्री क्षेत्रों में किसी राष्ट्र के अधिकार क्षेत्र के लिये एक रूपरेखा निर्धारित करने वाला एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय अभिसमय है। यह विभिन्न समुद्री क्षेत्रों को एक अलग विधिक दर्जा प्रदान करता है।
- भारत UNCLOS का सदस्य है, भारत ने वर्ष 1995 में इस पर हस्ताक्षर किये थे।

**अत: विकल्प A सही उत्तर है।**

**124. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा "पनामा नहर" के संबंध में सही नहीं है?**

A. संयुक्त राज्य अमेरिका ने वर्ष 1914 में इसका निर्माण कार्य पूरा कराया, यह नहर मैक्सिको की खाड़ी और प्रशांत महासागर को जोड़ती है।

B. स्वेज नहर के विपरीत, गैटुन झील (एक मीठे जल की झील है) पनामा नहर के जल का स्रोत है।

C. पनामा की आधी आबादी के लिये पेयजल की आपूर्ति पनामा नहर प्राधिकरण द्वारा की जाती है।

D. पनामा नहर समुद्र-स्तर से ऊपर के फाटकों के माध्यम से जहाज़ों का आवागमन सुलभ बनाती है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**पनामा नहर:**

- संयुक्त राज्य अमेरिका ने वर्ष 1914 में इसका निर्माण कार्य पूरा कराया, 50 मील लंबी यह नहर इंजिनीयरिंग का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। यह कैरेबियन सागर और प्रशांत महासागर को जोड़ती है।
- स्वेज नहर के विपरीत, गैटुन झील (एक मीठे जल की झील है) पनामा नहर के जल का स्रोत है और इसका जल स्तर गंभीर रूप से नीचे गिर रहा है।
- पनामा सिटी के निवासियों सहित पनामा की आधी आबादी के लिये पेयजल की आपूर्ति पनामा नहर प्राधिकरण द्वारा की जाती है।
- पनामा नहर गैटुन झील और छोटी अलाजुएला झील द्वारा पोषित समुद्र-स्तर से ऊपर के फाटकों के माध्यम से जहाज़ों का आवागमन सुलभ बनाती है।

**अत: विकल्प A सही उत्तर है।**

**125. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I वर्तमान में वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी 2 से 3 प्रतिशत के बीच है।**

**कथन-II वर्ष 2030 तक वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी 10% से अधिक बढ़ाने के लिये आगामी 10 वर्षों में 22 बिलियन डॉलर के निवेश की आवश्यकता है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

126.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था:**

- वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी 2 से 3 प्रतिशत के बीच है। **अत: कथन I सही है।**
- सरकार वर्ष 2030 तक इसे बढ़ाकर 10 फीसदी से अधिक करने की की योजना बना रही है।
- विज्ञान विभाग की एक स्वायत्त एजेंसी, भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्द्धन और प्राधिकरण केंद्र (IN-SPACe) के अनुसार इसके लिये अगले 10 वर्षों में 22 बिलियन डॉलर के निवेश की आवश्यकता होगी। **अत: कथन II सही है।**
- **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं लेकिन कथन-II कथन I के लिये सही स्पष्टीकरण नहीं है।**

**127. निम्नलिखित में से कौन-सा "द पेरिस पैक्ट फॉर पीपल एंड द प्लैनेट (4P)" पहल के मार्गदर्शक सिद्धांत हैं?**

1. किसी भी राष्ट्र पर पर्यावरण की रक्षा और गरीबी से निपटने के बीच निर्णय लेने की बाध्यता नहीं होनी चाहिये।
2. पेरिस समझौते के लक्ष्यों को पूरा करने के लिये देश विविध प्रकार के परिवर्तनों का चयन कर सकते हैं।
3. हमें कमज़ोर अर्थव्यवस्थाओं की आबादी को गरीबी से बाहर निकालने में मदद करने के लिये अतिरिक्त संसाधनों के साथ वित्तीय प्रोत्साहन की आवश्यकता है।
4. वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिये सार्वजनिक पूंजी प्रवाह में काफी वृद्धि करने की आवश्यकता होगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1, 2 और 3

D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**द पेरिस पैक्ट फॉर पीपल एंड द प्लैनेट** (4P)

- "पेरिस पैक्ट फॉर पीपल एंड द प्लैनेट (4P)" पहल के तहत निम्नलिखित चार मार्गदर्शक सिद्धांत निर्धारित किये गए हैं।
  - किसी भी राष्ट्र पर पर्यावरण की रक्षा और गरीबी से निपटने के बीच निर्णय लेने की बाध्यता नहीं होनी चाहिये। **अत: कथन 1 सही है।**
  - विभिन्न स्थितियों वाले देशों को पेरिस समझौते के लक्ष्यों को पूरा करने के लिये एकजुट होकर विविध परिवर्तनों को अपनाना चाहिये। **अत: कथन 2 सही है।**
  - पृथ्वी और पर्यावरण की रक्षा करते हुए कमज़ोर अर्थव्यवस्थाओं की आबादी को गरीबी से बाहर निकालने में मदद करने के लिये अतिरिक्त संसाधनों के साथ वित्तीय प्रोत्साहन की आवश्यकता है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में परिवर्तन लाने, शुद्ध शून्य एवं अनुकूल पर्यावरण के लिये तथा असमानताओं को कम करने जैसी वैश्विक चुनौतियों का मुकाबला करने हेतु निजी पूंजी प्रवाह को बढ़ाना अति महत्त्वपूर्ण होगा। **अत: कथन 4 सही नहीं है।**

**128. निम्नलिखित में से कौन-सा/से किसी अर्थव्यवस्था में उत्पादकता के कारक है/हैं?**

1. पूंजी एवं भूमि की मात्रा
2. मानव कौशल का स्तर
3. कच्चा माल और नियोजित प्रौद्योगिकी

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**अर्थव्यवस्था में उत्पादकता:**

- उत्पादकता इस बात का पैमाना है कि वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन के लिये मानव एवं भौतिक संसाधनों का कितना कुशल उपयोग किया जाता है।
- भूमि और पूंजी के अतिरिक्त एक प्रमुख इनपुट होने के नाते मानव संसाधन (श्रमबल) की उत्पादकता किसी राष्ट्र की समग्र आर्थिक वृद्धि को निर्धारित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करती है।

नोट :

- मानव कौशल के स्तर के अतिरिक्त, मानव संसाधनों की उत्पादकता कच्चे माल की मात्रा और नियोजित प्रौद्योगिकी पर भी निर्भर करती है।

**अतः विकल्प D सही उत्तर है।**

**129. "विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2023: क्षेत्र और शहर PM2.5 रैंकिंग (World Air Quality Report 2023: Region and City PM2.5 Ranking)" रिपोर्ट निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की गई है?**

A. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)

B. वायु गुणवत्ता पैमाना

C. IQ Air

D. द लैंसेट

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2023:**

- स्विस वायु गुणवत्ता निगरानी निकाय, IQ Air ने विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2023: क्षेत्र और शहर PM2.5 रैंकिंग जारी की।
- 'विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2023' के अनुसार, 54.4 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर की औसत वार्षिक PM2.5 सांद्रता के साथ, भारत में वर्ष 2023 में बांग्लादेश (79.9 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर) और पाकिस्तान (73.7 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर) के बाद 134 देशों में से तीसरी सबसे खराब वायु गुणवत्ता दर्ज की गई।
- बेगुसराय सबसे प्रदूषित महानगरीय क्षेत्र पाया गया, उसके बाद गुवाहाटी और फिर दिल्ली का स्थान था।

**अतः विकल्प C सही उत्तर है।**

**130. 'राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (NCPCR)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम, 2005 के तहत की गई थी।
2. इसका कार्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी कानून, नीतियाँ और कार्यक्रम बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (UNCRC) के अनुरूप रहें।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (NCPCR) की स्थापना वर्ष 2007 में बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम, 2005 के तहत की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- आयोग का कार्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी कानून, नीतियाँ, कार्यक्रम और प्रशासनिक तंत्र भारत के संविधान तथा बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (UNCRC) में निहित बाल अधिकारों के परिप्रेक्ष्य के अनुरूप रहें। **अतः कथन 2 सही है।**
- UNCRC बाल अधिकारों को न्यूनतम अधिकार और स्वतंत्रता के रूप में परिभाषित करता है जो 18 वर्ष से कम आयु के प्रत्येक नागरिक को जाति, राष्ट्रीय मूल, रंग, लिंग, भाषा, धर्म, राय, मूल, धन, जन्म स्थिति, विकलांगता या अन्य विशेषताओं की परवाह किये बिना प्रदान की जानी चाहिये।

**131. अब्राहम एकॉर्ड के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अब्राहम एकॉर्ड इज़रायल और कई अरब राज्यों के बीच वर्ष 2020 में हस्ताक्षरित समझौतों की एक श्रृंखला है।
2. यहूदियों और अरबों के कथित सामान्य पूर्वज 'अब्राहम' तथा भाईचारे की अभिव्यक्ति के संदर्भ में इन समझौतों को 'अब्राहम एकॉर्ड' का नाम दिया गया।
3. मोरक्को अब्राहम एकॉर्ड के सदस्य देशों में से नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

140.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- अब्राहम एकॉर्ड इज़रायल और कई अरब राज्यों के बीच वर्ष 2020 में हस्ताक्षरित समझौतों की एक श्रृंखला है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यहूदियों और अरबों के कथित सामान्य पूर्वज 'अब्राहम' तथा भाईचारे की अभिव्यक्ति के संदर्भ में इन समझौतों को 'अब्राहम एकॉर्ड' का नाम दिया गया। **अतः कथन 2 सही है।**
- अब्राहम एकॉर्ड के सदस्य देशों में इज़रायल, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, सूडान और मोरक्को शामिल हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

132. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क (IB-FAN) की स्थापना वर्ष 1979 में शिशु और छोटे बच्चों के आहार पर WHO तथा यूनिसेफ की संयुक्त बैठक के बाद की गई थी।**

**कथन-II: यह स्तनपान और इष्टतम पूरक आहार के संरक्षण, समर्थन तथा प्रचार के माध्यम से मातृ, शिशु एवं छोटे बच्चे के स्वास्थ्य में सुधार करता है।**

**उपरोक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II सही नहीं है।
D. कथन-I सही नहीं है, लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क (IBFAN) की स्थापना 12 अक्तूबर 1979 को शिशु और छोटे बच्चों के आहार पर WHO तथा यूनिसेफ की संयुक्त बैठक के बाद की गई थी। **अतः कथन-I सही है।**
- IBFAN शिशु और छोटे बच्चों के आहार तथा संबंधित उत्पादों के निर्माताओं या वितरकों (या उनके ट्रस्ट या फाउंडेशन) से धन, दान, उपहार या प्रायोजन नहीं मांगता या स्वीकार नहीं करता है।
- यह स्तनपान और इष्टतम पूरक आहार के संरक्षण, समर्थन तथा प्रचार के माध्यम से मातृ, शिशु एवं छोटे बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार करता है। **अतः कथन-II सही है।**
- **अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।**

133. **निम्नलिखित बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स/निदेशक मंडल पर विचार कीजिये:**

1. अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण एवं विकास बैंक बोर्ड (IBRD)
2. अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी (IDA)
3. अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (IFC)
4. बहुपक्षीय निवेश गारंटी एजेंसी (MIGA)

**उपरोक्त में से कितने विश्व बैंक समूह के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स/निदेशक मंडल का हिस्सा हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- विश्व बैंक समूह के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स/निदेशक मंडल चार अलग-अलग निदेशक मंडलों को संदर्भित करता है, अर्थात्
  - अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण एवं विकास बैंक बोर्ड (IBRD)
  - अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी (IDA)
  - अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (IFC)
  - बहुपक्षीय निवेश गारंटी एजेंसी (MIGA)
- प्रत्येक बोर्ड अपने संबंधित संगठन के सामान्य संचालन हेतु ज़िम्मेदार है।

**अतः विकल्प D सही है।**

134. **निम्नलिखित में से कौन-सा पर्यावरण प्रभाव आकलन (EIA) का भाग नहीं है?**

A. स्क्रीनिंग
B. न्यायिक सुनवाई
C. स्कोपिंग
D. जोखिम आकलन

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- EIA में नीचे उल्लिखित चरण शामिल हैं।
- **स्क्रीनिंग:** परियोजना योजना की जाँच निवेश के पैमाने, स्थान और विकास के प्रकार तथा यदि परियोजना को वैधानिक मंज़ूरी की आवश्यकता है, के लिये की जाती है।
- **स्कोपिंग:** परियोजना के संभावित प्रभाव, प्रभाव का क्षेत्र, शमन की संभावनाएँ और निगरानी की आवश्यकता।
- **बेसलाइन डेटा का संग्रह:** बेसलाइन डेटा अध्ययन क्षेत्र की पर्यावरणीय स्थिति है।
- **प्रभाव की भविष्यवाणी:** सकारात्मक और नकारात्मक, प्रतिवर्ती तथा अपरिवर्तनीय एवं अस्थायी व स्थायी प्रभावों की भविष्यवाणी करने की आवश्यकता है जो मूल्यांकन एजेंसी द्वारा परियोजना की अच्छी समझ को दर्शाता है।
  - **मिटीगेशन उपाय और EIA रिपोर्ट:** EIA रिपोर्ट में प्रभावों को रोकने, कम करने या पारित करने या संभावित पर्यावरणीय क्षति या हानि के लिये मुआवज़े के स्तर के लिये कार्रवाई और कदम शामिल होने चाहिये।

नोट :

- **सार्वजनिक सुनवाई:** EIA रिपोर्ट के पूरा होने पर, परियोजना स्थल के करीब रहने वाले सार्वजनिक और पर्यावरण समूहों को सूचित तथा परामर्श दिया जा सकता है।
- **निर्णय लेना:** प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण EIA और EMP (पर्यावरण प्रबंधन योजना) को ध्यान में रखते हुए अंतिम निर्णय लेने के लिये विशेषज्ञों के साथ परियोजना प्रभारी तथा सलाहकार से परामर्श करता है।
- **पर्यावरण प्रबंधन योजना का कार्यान्वयन:** परियोजना के कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों की निगरानी की जाती है।
- **जोखिम मूल्यांकन:** इन्वेंटरी विश्लेषण और खतरे की संभावना तथा सूचकांक भी EIA प्रक्रियाओं का हिस्सा बनते हैं।

**अत: विकल्प B सही है।**

**135. प्रवर्तन निदेशालय (ED) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ED एक बहु-अनुशासनात्मक संगठन है जो मनी लॉन्ड्रिंग के अपराधों और विदेशी मुद्रा कानूनों के उल्लंघन की जाँच करता है।
2. प्रवर्तन निदेशालय का प्रशासनिक नियंत्रण आर्थिक मामलों के विभाग के अधीन है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- प्रवर्तन निदेशालय (ED) एक बहु-अनुशासनात्मक संगठन है जो मनी लॉन्ड्रिंग (अवैध धन को वैध करना) के अपराधों और विदेशी मुद्रा कानूनों के उल्लंघन की जाँच करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत सरकार की एक प्रमुख वित्तीय जाँच एजेंसी के रूप में ED भारत के संविधान और कानूनों के सख्त अनुपालन में कार्य करता है।
- यह वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के अधीन कार्य करता है। निदेशालय का प्रशासनिक नियंत्रण आर्थिक मामलों के विभाग से राजस्व विभाग को स्थानांतरित कर दिया गया। **अत: कथन 2 सही है।**

**136. नेट-ज़ीरो उत्सर्जन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक ऐसे देश को संदर्भित करता है जो अपने उत्सर्जन को शून्य पर लाएगा।
2. किसी देश के उत्सर्जन की भरपाई वायुमंडल से ग्रीनहाउस गैसों के अवशोषण एवं निष्कासन द्वारा की जाती है।
3. COP-26, शिखर सम्मेलन में भारत ने वर्ष 2070 तक अपने उत्सर्जन में कटौती करके नेट-ज़ीरो करने की प्रतिबद्धता जताई है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- नेट-ज़ीरो उत्सर्जन को कार्बन तटस्थता कहा जाता है, जिसका अर्थ यह नहीं है कि कोई देश अपना उत्सर्जन शून्य कर देगा। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- किसी देश के उत्सर्जन की भरपाई वायुमंडल से ग्रीनहाउस गैसों के अवशोषण एवं निष्कासन द्वारा की जाती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- वनों को और अधिक कार्बन सिंक के रूप में निर्मित करके कार्बन उत्सर्जन के अवशोषण को बढ़ाया जा सकता है।
- COP-26, शिखर सम्मेलन में भारत ने वर्ष 2070 तक अपने उत्सर्जन में कटौती करके नेट-ज़ीरो करने की प्रतिबद्धता जताई है। **अत: कथन 3 सही है।**

**137. 'वन अधिकार अधिनियम, 2006' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुसूचित जनजातियों और अन्य पारंपरिक आदिवासियों, जो पीढ़ियों से इन वनों में रह रहे हैं, को वन अधिकार अधिनियम (FRA), 2006 के अंतर्गत वन भूमि में औपचारिक मान्यता के साथ ही कब्ज़े के अधिकार प्रदान किये गए थे।
2. ग्राम पंचायत व्यक्तिगत वन अधिकार (IFR) अथवा सामुदायिक वन अधिकार (CFR) की प्रकृति के साथ ही सीमा निर्धारित करने की प्रक्रिया शुरू करने का अधिकार है।

नोट :

3. यह वनों में रहने वाली अनुसूचित जनजातियों (FDST) तथा अन्य पारंपरिक वनवासियों (OTFD) की आजीविका तथा खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए वनों की संरक्षण व्यवस्था को मज़बूत करता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- अनुसूचित जनजातियों और अन्य पारंपरिक आदिवासियों, जो पीढ़ियों से इन वनों में रह रहे हैं, को वन अधिकार अधिनियम (FRA), 2006 के अंतर्गत वन भूमि में औपचारिक मान्यता के साथ ही कब्ज़े के अधिकार प्रदान किये गए थे। इससे पहले, उनके अधिकारों को औपचारिक रूप से प्रलेखित नहीं किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- ग्राम सभा को व्यक्तिगत वन अधिकार (IFR) अथवा सामुदायिक वन अधिकार (CFR) की प्रकृति के साथ ही सीमा निर्धारित करने की प्रक्रिया शुरू करने का अधिकार है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह वनों में रहने वाली अनुसूचित जनजातियों (FDST) तथा अन्य पारंपरिक वनवासियों (OTFD) की आजीविका और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए वनों की संरक्षण व्यवस्था को मज़बूत करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**138. सतत् विकास लक्ष्यों (SDG) का स्थानीयकरण मॉडल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-**

1. SDG के स्थानीयकरण से विश्व में बदलाव: सतत् विकास के लिये 2030 एजेंडा को स्थानीय स्तर पर क्रियान्वित करने का लक्ष्य साकार होता जा रहा है, ये प्रयास वैश्विक स्तर पर इनकी प्राप्ति में योगदान करते हैं।
2. स्वैच्छिक राष्ट्रीय समीक्षाओं (VNR) के समान, स्थानीय समीक्षाएँ प्रत्यक्ष रूप से 2030 एजेंडा अथवा अन्य अंतर-सरकारी समझौतों पर आधारित होती हैं।
3. मध्य प्रदेश का भोपाल संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित सतत् विकास लक्ष्यों (SDG) के स्थानीयकरण को अपनाने वाला भारत का पहला शहर बन गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**सतत् विकास लक्ष्यों (SDG) का स्थानीयकरण:**

- SDG के स्थानीयकरण से विश्व में बदलाव: सतत् विकास के लिये 2030 एजेंडा को स्थानीय स्तर पर क्रियान्वित करने का लक्ष्य साकार होता जा रहा है, ये प्रयास वैश्विक स्तर पर इनकी प्राप्ति में योगदान करते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- स्वैच्छिक राष्ट्रीय समीक्षाओं (VNR) के विपरीत, स्थानीय समीक्षाएँ प्रत्यक्ष रूप से 2030 एजेंडा अथवा अन्य अंतर-सरकारी समझौतों पर आधारित नहीं होती हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- मध्य प्रदेश का भोपाल संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित सतत् विकास लक्ष्यों (SDG) के स्थानीयकरण को अपनाने वाला भारत का पहला शहर बन गया है। **अत: कथन 3 सही है।**

**139. इंटरनेशनल मदर अर्थ डे के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इंटरनेशनल मदर अर्थ डे प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को मनाया जाता है।
2. अर्थ डे 2024 की थीम 'प्लास्टिक मुक्त विश्व' है।
3. वर्ष 1969 में कैलिफोर्निया के सांता बारबरा में तेल रिसाव की घटना के बाद अर्थ डे मनाने के विचार को बल मिला।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. केवल 1 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**इंटरनेशनल मदर अर्थ डे:**

- वर्ल्ड अर्थ डे, जिसे इंटरनेशनल मदर अर्थ डे के रूप में भी जाना जाता है, प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को मनाया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- अर्थ डे 2024 का विषय 'ग्रह बनाम प्लास्टिक' है, जिसमें वर्ष 2040 तक प्लास्टिक के उत्पादन में 60% की कमी लाने का आह्वान करते हुए सभी प्लास्टिक अपशिष्ट को समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- वर्ष 1969 में कैलिफोर्निया के सांता बारबरा में तेल रिसाव की घटना के बाद अर्थ डे मनाने के विचार को बल मिला। इस घटना के कारण लोगों के बीच पर्यावरण को लेकर चिंताएँ बढ़ी, साथ ही इसकी सुरक्षा के लिये आवश्यक कदम उठाने की आवश्यकता भी महसूस हुई। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

**140. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन- I भारत के संविधान का अनुच्छेद 15 दिव्यांगता के आधार पर भेदभाव को स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित करता है।**

**कथन-II भारत ने वर्ष 2007 में दिव्यांग जन के अधिकारों पर अभिसमय (UNCRPD) का अनुसमर्थन किया और वर्ष 2016 में दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम को अधिनियमित किया।**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**दिव्यांग जनों के अधिकार:**

- वर्तमान में भारत के संविधान का अनुच्छेद 15 "धर्म, नस्ल, जाति, लिंग, जन्म स्थान अथवा इनमें से किसी भी" के आधार पर भेदभाव पर रोक लगाता है और इसमें स्पष्ट रूप से दिव्यांगता का उल्लेख नहीं किया गया है।
- भारत ने वर्ष 2007 में दिव्यांग जन के अधिकारों पर अभिसमय (UNCRPD) का अनुसमर्थन किया और वर्ष 2016 में दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम को अधिनियमित किया।
- दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 3 में प्रावधान है कि किसी भी दिव्यांग जन के साथ दिव्यांगता के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाएगा।
- दिव्यांग जनों को भेदभाव के विरुद्ध प्रदान किया गया यह अधिकार संवैधानिक अधिकार के विपरीत एक वैधानिक अधिकार है।
- **अत: विकल्प D सही उत्तर है क्योंकि कथन-I सही नहीं है और कथन-II सही है।**

**141. भूकंपरोधी इमारतों के निर्माण के लिये निम्नलिखित में से किस तकनीक का प्रयोग किया जाता है?**

1. बेस आइसोलेशन सिस्टम
2. कंपन नियंत्रण उपकरण
3. पेंडुलम पॉवर
4. भूकंपरोधी दीवारें

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1, 2 और 3

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1, 3 और 4

D. उपर्युक्त सभी

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भूकंपरोधी इमारतें:**

- बेस आइसोलेशन तकनीक में एक इमारत का निर्माण अनुकूलनीय इस्पात, रबर और लेड पैड के ऊपर किया जाता है। भूकंप के दौरान इमारत की बुनियाद हिलने की स्थिति में आइसोलेटर्स कंपन करते हैं जबकि मूल संरचना स्थिर रहती है।
- कंपन नियंत्रण उपकरण
  - इसमें इमारत के प्रत्येक स्तर पर स्तंभों और बीमों के बीच डैम्पर्स लगाने का कार्य शामिल है।
  - प्रत्येक डैम्पर में सिलिकॉन तेल से भरे सिलेंडर के अंदर पिस्टन हेड लगे होते हैं। जब भूकंप आता है, तब इमारत कंपन ऊर्जा को पिस्टन में स्थानांतरित करती है।
  - फिर यह ऊर्जा ऊष्मा में परिवर्तित हो जाती है, जिससे कंपन का प्रभाव समाप्त हो जाता है।
- पेंडुलम पॉवर
  - इस तकनीक में इंजीनियर स्टील केबलों की सहायता से एक बड़ी गेंद को लटकाते हैं जो इमारत के शीर्ष पर हाइड्रोलिक सिस्टम से जुड़ी होती है।
  - इमारत हिलने की स्थित में यह गेंद एक पेंडुलम की तरह कार्य करती है और इमारत को स्थिर रखने के लिये विपरीत दिशा में गति करती है।
- **भूकंपरोधी दीवारें**
  - अनेकों पैनलों से बनी ये दीवारें किसी इमारत को कंपन की स्थिति में अपना आकार बनाए रखने में मदद करती हैं।
  - इस्पात से बने डायगोनल क्रॉस ब्रेसिज़ इन दीवारों को स्थिर बने रहने में मदद करते हैं।

**अत: विकल्प D सही उत्तर है।**

**142. क्लिनिकल प्रतिष्ठान (पंजीकरण और विनियमन) अधिनियम, 2010 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अधिनियम राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली को छोड़कर चार राज्यों और सभी केंद्रशासित प्रदेशों में प्रभावी हो गया है।
2. यह अधिनियम सभी प्रकार के (चिकित्सीय और नैदानिक दोनों प्रकार के) नैदानिक प्रतिष्ठानों पर लागू है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**क्लिनिकल प्रतिष्ठान (पंजीकरण और विनियमन) अधिनियम, 2010:**

- यह अधिनियम चार राज्यों, अरुणाचल प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, मिज़ोरम, सिक्किम और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली को छोड़कर सभी केंद्रशासित प्रदेशों में प्रभावी हो गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह अधिनियम एकल चिकित्सक क्लीनिक सहित चिकित्सा की सभी मान्यता प्राप्त प्रणालियों से संबंधित सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के सभी प्रकार के (चिकित्सीय एवं नैदानिक दोनों प्रकार के) नैदानिक प्रतिष्ठानों पर लागू होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह सशस्त्र बलों द्वारा संचालित एकमात्र नैदानिक प्रतिष्ठान हैं।

**143. प्रवर्तन निदेशालय (ED) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रवर्तन निदेशालय (ED) केवल धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (PMLA) और विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 (FEMA) को लागू करने के लिये ज़िम्मेदार है।
2. यह वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के तहत कार्य करता है।
3. प्रवर्तन निदेशालय अपनी मर्ज़ी से मामला दर्ज नहीं कर सकता।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**प्रवर्तन निदेशालय (ED):**

- प्रवर्तन निदेशालय का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार के तीन प्रमुख अधिनियमों को लागू करना है-
  - विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 (FEMA)
  - धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (PMLA)
  - भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 (FEOA)।

  **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- प्रवर्तन निदेशालय (ED) वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के तहत कार्य करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- ED अपनी मर्ज़ी से केस दर्ज नहीं कर सकता। CBI या राज्य पुलिस जैसी एजेंसियों को अपराध दर्ज करने की आवश्यकता होती है, जिसके आधार पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा मामले की सूचना रिपोर्ट दर्ज की जाती है। **अतः कथन 3 सही है।**

**144. प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी (PMAY-U) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

1. आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय (MoHUA) के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (PMAY-U) का लक्ष्य देश के शहरी क्षेत्रों में सभी पात्र लाभार्थियों को पक्के घर उपलब्ध कराना है।
2. क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी के घटक को छोड़कर मिशन को केंद्र प्रायोजित योजना (CSS) के रूप में कार्यान्वित किया गया है।
3. अफोर्डेबल रेंटल हाउसिंग कॉम्प्लेक्स (ARHC) प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी (PMAY-U) के तहत एक उप-योजना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी (PMAY-U):**

- आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय (MoHUA) के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (PMAY-U) का लक्ष्य राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों/केंद्रीय नोडल एजेंसियों के माध्यम से देश के शहरी क्षेत्रों में सभी पात्र लाभार्थियों को पक्के घर उपलब्ध कराना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- मिशन को क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी के घटक को छोड़कर केंद्र प्रायोजित योजना (CSS) के रूप में कार्यान्वित किया जाता है, जिसे आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय द्वारा केंद्रीय क्षेत्र योजना के रूप में कार्यान्वित किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

- अफोर्डेबल रेंटल हाउसिंग कॉम्प्लेक्स (ARHC) प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (PMAY-U) के तहत एक उप-योजना है। इससे शहरी प्रवासियों/गरीबों को औद्योगिक क्षेत्र के साथ-साथ गैर-औपचारिक शहरी अर्थव्यवस्था में जीवनयापन में आसानी होगी। **अत: कथन 3 सही है।**

**145. "ओस्लो समझौता" और "अब्राहम समझौता" का उल्लेख कभी-कभी समाचारों में किनके संदर्भ में किया जाता है?**

A. लीबिया
B. इज़रायल
C. सूडान
D. यमन

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**फिलिस्तीनी राज्य का दर्जा:**

- ओस्लो समझौता इज़रायल और फिलिस्तीन लिबरेशन ऑर्गनाइज़ेशन (PLO) के बीच समझौतों का एक समूह है, जिसने पारस्परिक रूप से संवाद के माध्यम से दो-देशों इज़रायल-फिलिस्तीनी संघर्ष के समाधान हेतु एक शांति प्रक्रिया स्थापित की है।
- अब्राहम समझौता, इज़रायल और कई अरब देशों (जिसमें संयुक्त अरब अमीरात (UAE), बहरीन, सूडान एवं मोरक्को शामिल है) के बीच संबंधों को सामान्य बनाने के उद्देश्य से द्विपक्षीय समझौतों की एक शृंखला का प्रतिनिधित्व करता है।

**अत: विकल्प B सही उत्तर है।**

**146. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I भारत एक आहार पद्धति की ओर बढ़ रहा है जिसमें पैकेज्ड और प्रसंस्कृत भोजन शामिल है।**

**कथन-II जंक फूड में कैलोरी, वसा, नमक, चीनी और असंख्य परिरक्षकों की मात्रा अधिक होती है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**पोषण संक्रमण:**

- भारत में पारंपरिक आहार से हटकर पश्चिमी शैली के आहार की ओर एक महत्त्वपूर्ण परिवर्तन आया है, जो प्रसंस्कृत होते हैं और कैलोरी में उच्च होते हैं।
- यह परिवर्तन तेज़ी से आर्थिक प्रगति और शहरीकरण के साथ-साथ पैकेज्ड एवं प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों (जिसे लोकप्रिय रूप से "जंक फूड" कहा जाता है) की खपत में वृद्धि के साथ मेल खाता है। **अत: कथन I सही है।**
- जंक फूड में पोषण की दृष्टि से विटामिन, खनिज, फाइबर कम होते हैं लेकिन कैलोरी, वसा, नमक, चीनी और असंख्य परिरक्षकों की मात्रा अधिक होती है। **अत: कथन II सही है।**
- **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं लेकिन कथन-II कथन I की सही व्याख्या नहीं है।**

**147. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) ने स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी खरीदने वाले व्यक्तियों के लिये 60 वर्ष की आयु सीमा हटा दी है।
2. IRDAI एक वैधानिक निकाय और बीमा उत्पादों का शीर्ष नियामक है।
3. इंडिया एजिंग रिपोर्ट, 2023 का अनुमान है कि भारत में 60 वर्ष से ऊपर के लोगों की आबादी वर्ष 2050 तक बढ़कर 30% हो जाएगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**स्वास्थ्य बीमा कवरेज:**

- भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) ने बाज़ार को व्यापक बनाने और स्वास्थ्य देखभाल खर्चों के विरुद्ध पर्याप्त सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिये स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी खरीदने वाले व्यक्तियों के लिये 65 वर्ष की आयु सीमा हटा दी है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI), संसद के एक अधिनियम, यानी बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1999 (IRDA अधिनियम, 1999) के तहत गठित एक वैधानिक निकाय है तथा बीमा उत्पादों के शीर्ष नियामक के रूप में कार्य करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- इंडिया एजिंग रिपोर्ट, 2023 का अनुमान है कि भारत में 60 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ नागरिकों का समूह वर्ष 2050 तक जनसंख्या के लगभग 10% (2022 में 149 मिलियन) से बढ़कर 30% (347 मिलियन) हो जाएगा। **अत: कथन 3 सही है।**

**148. निम्नलिखित में से कौन-सा आय असमानता या धन असमानता का चित्रमय प्रतिनिधित्व है?**

A. लॉरेंज वक्र
B. कुज़नेट्स वक्र
C. लाफर वक्र
D. फिलिप्स वक्र

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**आय असमानता:**

- 1905 में अमेरिकी अर्थशास्त्री मैक्स लॉरेंज द्वारा विकसित लॉरेंज वक्र, आय असमानता या धन असमानता का एक चित्रमय प्रतिनिधित्व है।
- ग्राफ आय या धन के अनुसार क्षैतिज अक्ष पर जनसंख्या के प्रतिशत को प्रदर्शित करता है और ऊर्ध्वाधर अक्ष पर संचयी आय या धन को।
- लॉरेंज वक्र गिनी गुणांक की गणना में एक केंद्रीय भाग है, जो असमानता के स्तर का गणितीय प्रतिनिधित्व है।

**अत: विकल्प A सही है।**

**149. इलियट बंदरगाह के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही नहीं है?**

A. इलियट बंदरगाह लाल सागर पर एकमात्र इज़रायली बंदरगाह है, जो स्वेज़ की खाड़ी के उत्तरी सिरे पर स्थित है।
B. यह इज़रायली जहाज़ों को बिना स्वेज़ नहर के माध्यम से गुज़रे हिंद महासागर तक पहुँचने की अनुमति देता है।
C. तिरान जलडमरूमध्य इलियट बंदरगाह तक पहुँच प्रदान करता है।
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**इलियट बंदरगाह:**

- इलियट बंदरगाह लाल सागर पर एकमात्र इज़रायली बंदरगाह है, जो अकाबा की खाड़ी के उत्तरी सिरे पर स्थित है।
- इलियट बंदरगाह इज़रायली जहाज़ों को बिना स्वेज़ नहर के माध्यम से गुज़रे हिंद महासागर तक पहुँचने की अनुमति देता है। आज इसका उपयोग मुख्य रूप से सुदूर पूर्व के देशों के साथ व्यापार के लिये किया जाता है।
- तिरान जलडमरूमध्य सिनाई और अरब प्रायद्वीप के बीच संकीर्ण समुद्री मार्ग हैं जो अकाबा की खाड़ी तथा लाल सागर को जोड़ते हैं एवं इलियट के इज़रायली बंदरगाह की सेवा करते हैं।

**अत: विकल्प A सही है।**

**150. "बिनागुंडा एवं कोरोनार वन" प्राय: समाचारों में देखे गए:**

A. दुर्लभ भारतीय वृक्ष प्रजातियाँ जिनके तनों में जल होता है
B. लाल चंदन की तस्करी
C. नदियों को आपस में जोड़ना
D. नक्सल विरोधी अभियान

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**नक्सल विरोधी अभियान:**

- महाराष्ट्र की सीमा से सटे छत्तीसगढ़ के कांकेर ज़िले में सुरक्षा बलों ने माओवादियों पर करारा प्रहार किया।
- BSF एवं ज़िला रिज़र्व गार्ड की एक संयुक्त सेना ने अबुजमाढ़ की सीमा पर बीनागुंडा और कोरोनार वनों में माओवादियों की एक टुकड़ी से मुठभेड़ की एवं तीन वरिष्ठ कमांडरों सहित उनमें से 29 को मार डाला।
- बस्तर में किसी एक ऑपरेशन में माओवादियों के हताहत होने की यह सबसे अधिक संख्या थी।

**अत: विकल्प D सही है।**

**151. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय अंतरिक्ष नीति 2023 अंतरिक्ष गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में गैर-सरकारी संस्थाओं (NGE) की शुरू से अंत तक भागीदारी को सक्षम बनाती है।
2. केंद्र ने अंतरिक्ष क्षेत्र में घटकों एवं प्रणालियों के निर्माण हेतु स्वचालित मार्ग के अंतर्गत 100% FDI की अनुमति दी है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारतीय अंतरिक्ष नीति, 2023:**

- सरकार द्वारा भारतीय अंतरिक्ष नीति, 2023 की घोषणा की है, जो अंतरिक्ष गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में गैर-सरकारी संस्थाओं (NGE) की शुरू से अंत तक भागीदारी को सक्षम बनाती है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- DPIIT स्टार्ट-अप इंडिया पोर्टल के अनुसार, स्पेस स्टार्ट-अप की संख्या वर्ष 2014 में केवल 1 से बढ़कर वर्ष 2023 में 189 हो गई है।
- केंद्र द्वारा अंतरिक्ष क्षेत्र में स्वचालित मार्ग के अंतर्गत उपग्रह निर्माण हेतु 74%, प्रक्षेपण वाहनों के लिये 49% तथा अन्य घटकों एवं प्रणालियों के निर्माण हेतु 100% तक FDI की अनुमति प्रदान की है। **अतः कथन 2 सही है।**

**152. "ग्रेट एक्सेलेरेशन" शब्द निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**

A. प्लीस्टोसिन युग
B. ओलिगोसीन युग
C. एंथ्रोपोसीन युग
D. होलोसीन युग

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**एंथ्रोपोसीन युग:**

- एंथ्रोपोसीन शब्द वर्ष 1980 के दशक में अस्तित्त्व में आया था, जिसे वर्ष 2000 में वायुमंडलीय रसायनज्ञ (atmospheric chemist) पॉल जे क्रुटज़ेन और डायटम शोधकर्त्ता यूजीन एफ स्टोएमर द्वारा लोकप्रिय बनाया गया था।
- आधुनिक मानवों ने ग्रह की भौतिक, रासायनिक एवं जैविक प्रणालियों को मौलिक रूप से परिवर्तित किया है, जिस पर हम और अन्य सभी जीव निर्भर हैं।
- विशेष रूप से विगत 60 वर्षों में ये मानवीय प्रभाव अभूतपूर्व पैमाने पर सामने आए हैं। इस अवधि को कभी-कभी ग्रेट एक्सेलरेशन भी कहा जाता है।
- ये सभी-कार्बन डाइ-ऑक्साइड उत्सर्जन, ग्लोबल वार्मिंग, महासागर का अम्लीकरण, आवास विनाश, विलुप्त होने और व्यापक पैमाने पर प्राकृतिक संसाधन का निष्कर्षण आदि यह संकेत देते हैं कि हमने अपने ग्रह को महत्त्वपूर्ण रूप से संशोधित (modified) किया है।

**अतः विकल्प C सही है।**

**153. "फिनटरनेट" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 'फिनटरनेट' की स्थापना का प्रस्ताव विश्व आर्थिक मंच द्वारा दिया गया है।
2. फिनटरनेट वित्तीय परिसंपत्तियों के टोकनाइज़ेशन का प्रस्ताव करता है, जिससे उन्हें एकीकृत बहीखाते पर निर्बाध रूप से लेन-देन करने की अनुमति मिलती है।
3. एकीकृत बहीखाता एक साझा क्रियान्वयन प्रणाली है, जिस पर विभिन्न वित्तीय परिसंपत्ति बाज़ारों को प्रबंधित और विनिमय किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**फिनटरनेट:**

- बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स ने एक पेपर प्रकाशित किया जिसमें 'फिनटरनेट' की स्थापना का प्रस्ताव रखा गया। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- पारंपरिक समाशोधन प्रणालियों और संदेश श्रृंखलाओं पर भरोसा करने के बजाय, यह वित्तीय परिसंपत्तियों के टोकनाइज़ेशन का प्रस्ताव करता है, जिससे उन्हें एकीकृत डिजिटल बहीखाता पर निर्बाध रूप से लेन-देन करने की अनुमति मिलती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- एकीकृत बहीखाता, जो साझा क्रियान्वयन प्रणाली है, यह वाणिज्यिक बैंक में जमा, कॉर्पोरेट शेयर, सरकारी बॉण्ड और अचल संपत्ति सहित विभिन्न प्रकार के वित्तीय परिसंपत्ति बाज़ारों के प्रबंधन एवं विनिमय की अनुमति देता है, से टोकनयुक्त परिसंपत्ति लेन-देन की मेज़बानी करने की उम्मीद की जाती है। **अतः कथन 3 सही है।**

**154. मिज़राही और सेफर्डिम समुदाय निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**

A. यहूदियों
B. अरबों
C. मंगोलों
D. माओरी जनजाति

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**यहूदी समुदाय:**

- शब्द "सेफर्दी" और "मिज़राही" दो अलग-अलग यहूदी प्रवासियों को संदर्भित करते हैं।
- मिज़राही (हिब्रू में, "पूर्वी" या "ओरिएंटल") यहूदी मध्य पूर्वी वंश से आते हैं। वर्तमान में अधिकांश मिज़राही यहूदी या तो इज़रायल या संयुक्त राज्य अमेरिका में रहते हैं।

- सेफर्डिक यहूदी स्पैनिश यहूदी हैं जिन्हें 1492 के बाद कैथोलिक धर्म में परिवर्तित होने या स्पेन से निष्कासन का सामना करने के लिये मजबूर किया गया था।
- वे स्पेन छोड़कर यूरोप और मध्य पूर्व के विभिन्न हिस्सों में बस गए।
- "सेफर्डिक" नाम स्पेन के लिये हिब्रू शब्द "सेफरैड" से आया है।

**अतः विकल्प A सही है।**

**155. 'ह्यूमन राइट्स एट सी (HRAS)' निकाय के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. HRAS, एक संयुक्त राष्ट्र नामित निकाय है जिसका उद्देश्य समुद्र में मानव अधिकारों के दुरुपयोग को समाप्त करना है।
2. इस संगठन का सिद्धांत यह है कि 'मानव अधिकार समुद्र में भी उसी तरह लागू होते हैं जैसे ज़मीन पर लागू होते हैं।'
3. अंतर्राष्ट्रीय कानून के एक सामान्य सिद्धांत के रूप में समुद्र में मानवाधिकारों की वकालत 2019 में समुद्र में मानवाधिकारों की जिनेवा घोषणा द्वारा की गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**ह्यूमन राइट्स एट सी (HRAS):**

- ह्यूमन राइट्स एट सी (HRAS) एक यूके-पंजीकृत धर्मार्थ गैर सरकारी संगठन है, जिसका उद्देश्य 2014 से समुद्र में मानवाधिकारों के दुरुपयोग को समाप्त करने की दृष्टि से पूरे समुद्री वातावरण में मानवाधिकारों के बारे में जागरूकता, कार्यान्वयन और जवाबदेही बढ़ाना है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इस संगठन का सिद्धांत यह है कि 'मानव अधिकार समुद्र में भी उसी तरह लागू होते हैं जैसे ज़मीन पर।' संक्षेप में किसी को भी मानवाधिकार शून्य में नहीं रहना चाहिये। **अतः कथन 2 सही है।**
- ह्यूमन राइट्स एट सी (HRAS) ने समुद्र में मानवाधिकारों को अंतर्राष्ट्रीय कानून के एक सामान्य सिद्धांत के रूप में मान्यता देने के पहले अंतर्राष्ट्रीय प्रयास का नेतृत्व किया है, जैसा कि समुद्र में मानवाधिकारों की 2019 जिनेवा घोषणा द्वारा दर्शाया गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

**156. स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 (SBM-U 2.0) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. स्वच्छ भारत मिशन को स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के नाम से अक्तूबर, 2024 तक 5 वर्ष की अवधि के लिये बढ़ा दिया गया है।
2. SBM-U 2.0 को सभी शहरों के लिये "कचरा मुक्त" स्थिति प्राप्त करने की दृष्टि से लागू किया जा रहा है।
3. SBM-U 2.0 को आवासन और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा सभी वैधानिक शहरों में लागू किया जा रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0:**

- स्वच्छ भारत मिशन को अब स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 (SBM-U 2.0) के रूप में 1 अक्तूबर, 2021 से 1 अक्तूबर, 2026 तक 5 (पाँच) वर्षों की अवधि के लिये बढ़ाया जा रहा है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत सरकार राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों और ULB के साथ साझेदारी में SBM-U 2.0 के तहत सभी शहरों को 'कचरा मुक्त' बनाने के लिये प्रतिबद्ध है। **अतः कथन 2 सही है।**
- स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 को आवासन और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा सभी वैधानिक कस्बों (जनगणना 2011 के अनुसार और उसके बाद जोड़े गए वैधानिक कस्बों) में कार्यान्वित किया जा रहा है। **अतः कथन 3 सही है।**

**157. "रवांडा की सुरक्षा (शरण और आप्रवासन) विधेयक 2024" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हाल ही में यूरोपीय संसद ने "रवांडा की सुरक्षा (शरण और आप्रवासन) विधेयक, 2024" पारित किया।
2. विधेयक के अनुसार, शरण चाहने वाले व्यक्ति को निर्वासित करने के उद्देश्य से रवांडा तीसरा सुरक्षित देश है।
3. रवांडा भूमध्य रेखा पर स्थित एक स्थलरुद्ध देश है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**रवांडा की सुरक्षा (शरण और आप्रवासन) विधेयक:**

- ब्रिटिश संसद ने रवांडा सुरक्षा (शरण और आप्रवासन) विधेयक, 2024 पारित कर दिया है। नए कानून के तहत, ब्रिटेन में अवैध रूप से पहुँचने वाले किसी भी शरण चाहने वाले व्यक्ति को रवांडा भेजा जाएगा। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह ब्रिटिश सरकार की पूर्वी अफ्रीकी देश रवांडा में बिना दस्तावेज़ वाले आप्रवासियों को निर्वासित करने की योजना का एक हिस्सा है।
- यह अनिवार्य रूप से कहता है कि रवांडा में शरण चाहने वाले व्यक्ति को निर्वासित करने के उद्देश्य से रवांडा तीसरा सुरक्षित देश है। **अत: कथन 2 सही है।**
- रवांडा पूर्व-मध्य अफ्रीका में भूमध्य रेखा के दक्षिण में स्थित एक स्थलरुद्ध देश है। यह अफ्रीकी ग्रेट लेक्स में से एक किवु लेक के पूर्व में स्थित है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**158. उत्तराधिकार कर के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

1. उत्तराधिकार कर (संपत्ति कर) एक ऐसा कर है जो किसी मृत व्यक्ति के धन और संपत्ति के कुल मूल्य पर उनके कानूनी उत्तराधिकारियों को वितरित किये जाने से पहले लगाया जाता है।
2. जापान में उत्तराधिकार कर की दर विश्व में सबसे अधिक है।
3. भारत में उत्तराधिकार या संपत्ति कर को वर्ष 1985 में समाप्त कर दिया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**उत्तराधिकार कर:**

- उत्तराधिकार कर जिसे संपत्ति कर के रूप में भी जाना जाता है, एक मृत व्यक्ति के धन और संपत्ति के कुल मूल्य पर उनके कानूनी उत्तराधिकारियों को वितरित किये जाने से पहले लगाया जाने वाला कर है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस कर की गणना आमतौर पर किसी छूट या कटौती के बाद छोड़ी गई संपत्ति के मूल्य के आधार पर की जाती है।
- जापान में उत्तराधिकार कर की दर 55% है, जो विश्व में सबसे अधिक है। इसके बाद 50% की दर के साथ दक्षिण कोरिया का दूसरा स्थान है। फ्राँस में 45% उत्तराधिकार कर दर है, जबकि यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका दोनों में यह दर 40% है। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत में फिलहाल उत्तराधिकार पर कोई कर नहीं लगता है। उत्तराधिकार या संपत्ति कर को वर्ष 1985 में समाप्त कर दिया गया था। **अत: कथन 3 सही है।**

**159. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. रंगनाथ मिश्रा आयोग ने अल्पसंख्यकों जैसे वंचित समूहों की शिकायतों के निवारण हेतु "समान अवसर आयोग" की स्थापना की सिफारिश की।
2. सच्चर समिति ने सरकारी नौकरियों एवं सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में सीटों पर मुस्लिमों के लिये 10% तथा अन्य अल्पसंख्यकों के लिये 5% कोटा की सिफारिश की।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**मुस्लिमों के लिये आरक्षण:**

- सच्चर समिति ने अल्पसंख्यकों जैसे वंचित समूहों की शिकायतों के निवारण हेतु एक समान अवसर आयोग की स्थापना की सिफारिश की। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- रंगनाथ मिश्र आयोग की सिफारिश:
  - सरकारी नौकरियों तथा सभी उच्च शिक्षण संस्थानों की सीटों में मुस्लिमों के लिये 10% एवं अन्य अल्पसंख्यकों के लिये 5% कोटा प्रदान करना। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - धार्मिक अल्पसंख्यकों, मुख्य रूप से मुस्लिमों के लिये वर्तमान 27% OBC कोटा में से 8.4% कोटा आरक्षित करना।
  - इस्लाम अथवा ईसाई धर्म अपनाने वाले दलितों को अनुसूचित जाति आरक्षण कोटा के तहत आरक्षण लाभ प्राप्त करने की अनुमति प्रदान करता है।

**160. लघु वित्त बैंकों (SFB) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वित्तीय समावेशन पर नचिकेत मोर समिति की सिफारिश के आधार पर लघु वित्त बैंक (SFB) पेश किये गए थे।
2. SFB को अपने ऋण का कम-से-कम 75% भाग 50 लाख रुपए से कम रखना आवश्यक है।
3. SFB कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के रूप में पंजीकृत हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**लघु वित्त बैंक (SFB):**

- लघु वित्त बैंक (SFB) वर्ष 2013 में RBI द्वारा गठित वित्तीय समावेशन पर नचिकेत मोर समिति की सिफारिश के आधार पर पेश किये गए थे। **अत: कथन 1 सही है।**
- SFB को अपने नाम में 'लघु वित्त' का उल्लेख करना आवश्यक है और अपने ऋण के कम-से-कम 75% भाग को 25 लाख रुपए से कम रखना होगा। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- लघु वित्त बैंक कंपनी अधिनियम 2013 के तहत प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के रूप में पंजीकृत हैं और बैंकिंग विनियमन, 1949 की धारा 22 के तहत लाइसेंस प्राप्त हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**161. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वैश्विक व्यापार आउटलुक और सांख्यिकी रिपोर्ट, विश्व व्यापार संगठन (WTO) द्वारा जारी की जाती है।
2. अप्रैल 2024 तक भारत सेवा क्षेत्र के उत्पादन में विश्व स्तर पर तीसरे स्थान पर था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारत-चीन व्यापार:**

- वैश्विक व्यापार आउटलुक और सांख्यिकी रिपोर्ट, विश्व व्यापार संगठन (WTO) द्वारा जारी की जाती है। यह वैश्विक व्यापार में नवीनतम रुझानों का विश्लेषण करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- अप्रैल 2024 तक, भारत सेवा क्षेत्र के उत्पादन में विश्व स्तर पर आठवें स्थान पर था, जो लगभग 1.5 ट्रिलियन डॉलर था। यह भारत की GDP के आधे से अधिक है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**162. भारत में चुनावों के संचालन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. निर्विरोध चुनाव में परिणाम घोषित करने का कोई कानूनी प्रावधान नहीं है।
2. लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 कहता है कि यदि चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की संख्या भरी जाने वाली सीटों की संख्या से अधिक है, तो मतदान कराया जाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और नहीं 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारत में चुनावों का संचालन:**

- धारा 11 चुनाव संचालन नियम, 1961 में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची के प्रकाशन और निर्विरोध चुनाव में परिणाम की घोषणा की अनुमति देती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- धारा 53 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में चुनाव लड़ने और निर्विरोध चुनावों में प्रक्रिया का प्रावधान करती है-
  - यदि चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की संख्या भरी जाने वाली सीटों की संख्या से अधिक है, तो मतदान कराया जाएगा। **अत: कथन 2 सही है।**
  - यदि ऐसे उम्मीदवारों की संख्या भरी जाने वाली सीटों की संख्या के बराबर हो, तो निर्वाचन अधिकारी तुरंत सभी उम्मीदवारों को उन सीटों को भरने के लिये विधिवत निर्वाचित घोषित करेगा।

**163. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. RUCO खाना पकाने के तेल के सुरक्षित और स्वस्थ उपयोग तथा बायोडीजल बनाने हेतु प्रयोग किये गए खाना पकाने के तेल का पुन: उपयोग करने के लिये था।
2. 'आज से थोड़ा कम' अभियान का उद्देश्य नागरिकों को अपने आहार में नमक, चीनी और वसा कम करने के लिये प्रेरित करना है।

3. DART बुक को रेस्तरां और खानपान प्रतिष्ठानों के लिये स्वच्छता रेटिंग हेतु विकसित किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**खाद्य सुरक्षा नियम:**

- रिपर्पज यूज्ड कुकिंग ऑयल (RUCO) प्रयास खाना पकाने के तेल को सुरक्षित और स्वास्थ्यप्रद तरीके से उपयोग करने तथा इसे साबुन एवं बायोडीजल जैसी उपयोगी वस्तुओं में पुनर्चक्रित करने के लक्ष्य के साथ शुरू किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- आहार में नमक, वसा और चीनी को कम करने के लिये 'आज से थोड़ा कम' जन जागरूकता अभियान शुरू किया गया। **अतः कथन 2 सही है।**
- मिलावट का पता लगाने के लिये, सरल परीक्षणों के साथ घर पर खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों की जाँच करने के लिये DART बुक विकसित की गई है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**164. 'शांति से समृद्धि' योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह इज़रायल-फिलिस्तीनी संघर्ष को हल करने के लिये अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा प्रस्तावित किया गया था।
2. इस योजना में इज़रायल के साथ शांतिपूर्ण ढंग से रहने वाले एक असैन्यीकृत फिलिस्तीनी राज्य का प्रावधान किया गया था।
3. इस योजना में आसान यात्रा और माल की आवाजाही के लिये वेस्ट बैंक और गाज़ा पट्टी के बीच एक सुरंग का निर्माण शामिल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**'शांति से समृद्धि' योजना:**

- 28 जनवरी, 2020 को पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सात दशक लंबे इज़रायल-फिलिस्तीनी संघर्ष को हल करने के लिये 'शांति से समृद्धि' योजना की घोषणा की। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह योजना एक असैन्यीकृत फिलिस्तीनी राज्य को इज़रायल के साथ शांतिपूर्वक तरीके से रहने का प्रावधान करती है, जिसमें जॉर्डन नदी के पश्चिम में सुरक्षा ज़िम्मेदारी इज़रायल के पास रहेगी। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस योजना में गाज़ा और वेस्ट बैंक सहित भविष्य के फिलिस्तीन राज्य में आसान यात्रा एवं माल की आवाजाही के लिये वेस्ट बैंक व गाज़ा पट्टी के बीच एक सुरंग का निर्माण शामिल है। **अतः कथन 3 सही है।**

**165. ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम (GCP) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से सही है/हैं:**

1. इसे केवल निजी क्षेत्र के उद्योगों और कंपनियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में स्वैच्छिक पर्यावरणीय कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
2. कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के तहत भारतीय वानिकी अनुसंधान तथा शिक्षा परिषद (ICFRE), इसके कार्यान्वयन के लिये ज़िम्मेदार है।
3. रोपण और मूल्यांकन के दो वर्ष बाद, ऐसा प्रत्येक वृक्ष/पेड़ दस 'हरित क्रेडिट' के योग्य हो सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**हरित क्रेडिट कार्यक्रम (GCP):**

- ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम (GCP) एक अभिनव बाज़ार-आधारित तंत्र है जिसे व्यक्तियों, समुदायों, निजी क्षेत्र के उद्योगों और कंपनियों जैसे विभिन्न हितधारकों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में स्वैच्छिक पर्यावरणीय कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिये डिज़ाइन किया गया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का एक स्वायत्त निकाय, भारतीय वानिकी अनुसंधान तथा शिक्षा परिषद (ICFRE), इसके कार्यान्वयन के लिये ज़िम्मेदार है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

- वास्तविक वृक्षारोपण राज्य वन विभागों द्वारा किया जाएगा।
- रोपण के दो साल बाद और ICFRE द्वारा मूल्यांकन के बाद, ऐसा प्रत्येक पेड़ लगाया गया जो एक 'हरित क्रेडिट' के लायक हो सकता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**166. निम्नलिखित में से कौन-सी रिपोर्ट विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) द्वारा जारी की जाती है?**

**1. वैश्विक जलवायु की स्थिति**

**2. ग्रीनहाउस गैस बुलेटिन**

**3. उत्सर्जन अंतर रिपोर्ट**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO):**

- वैश्विक जलवायु की वार्षिक स्थिति, विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) द्वारा प्रकाशित की जाती है।
- विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) वार्षिक ग्रीनहाउस गैस बुलेटिन प्रकाशित करता है। ये बुलेटिन सबसे प्रभावशाली, दीर्घकालिक ग्रीनहाउस गैसों के नवीनतम रुझानों और वायुमंडलीय भार की रिपोर्ट करते हैं; कार्बन डाइ-ऑक्साइड ($CO_2$), मीथेन ($CH_4$) तथा नाइट्रस ऑक्साइड ($N_2O$), इसके साथ ही कम गैसों के योगदान का सारांश आदि।
- वार्षिक जलवायु वार्ता से पहले संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) द्वारा प्रतिवर्ष उत्सर्जन अंतर रिपोर्ट (EGR) जारी की जाती है।

**अत: विकल्प A सही है।**

**167. ऑटो-ब्रूअरी सिंड्रोम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I** ऑटो-ब्रूअरी सिंड्रोम के लक्षणों में बिना शराब पिये नशे में रहना या थोड़ी सी शराब के साथ बहुत अधिक नशे में होना शामिल है।

**कथन-II** इथेनॉल का उत्पादन गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल (GI) प्रणाली में कवक या बैक्टीरिया द्वारा अंतर्जात किण्वन के माध्यम से किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**ऑटो-ब्रूअरी सिंड्रोम:**

- ऑटो-ब्रूअरी सिंड्रोम के लक्षणों में बिना शराब पिये नशे में रहना या थोड़ी सी शराब के साथ अत्यधिक नशे में होना शामिल है। **अत: कथन I सही है।**
- ऑटो-ब्रूअरी सिंड्रोम या आँत किण्वन सिंड्रोम एक ऐसी स्थिति है जिसमें गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल (GI) प्रणाली, मौखिक गुहा या मूत्र प्रणाली में कवक या बैक्टीरिया द्वारा अंतर्जात किण्वन के माध्यम से इथेनॉल का उत्पादन किया जाता है। **अत: कथन II सही है।**
- चक्कर आना, सिरदर्द, निर्जलीकरण इस स्थिति के लक्षण हैं।
- **अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या** है।

**168. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विश्व के मसाला व्यापार में भारत के मसाला क्षेत्र की हिस्सेदारी लगभग 20% है।
2. एथिलीन ऑक्साइड (ETO) कार्सिनोजेनिक गुणों वाला एक स्टरलाइज़िंग एजेंट है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और नहीं 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**कथित मसाले संदूषण:**

- भारत विश्व का सबसे बड़ा मसाला उत्पादक देश है। यह मसालों का सबसे बड़ा उपभोक्ता और निर्यातक भी है।
- भारत के मसाला क्षेत्र का विश्व के मसाला व्यापार में लगभग 20% या लगभग 4 बिलियन डॉलर का योगदान है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- एथिलीन ऑक्साइड (EtO) एक रंगहीन गैस है जो ज्वलनशील और विस्फोटक होती है।
- एथिलीन ऑक्साइड (ETO) कार्सिनोजेनिक गुणों वाला एक स्टरलाइज़िंग एजेंट है। **अत: कथन 2 सही है।**

**169. अर्द्धचालकों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अर्द्धचालक केवल शुद्ध तत्त्वों से बने होते हैं, आमतौर पर सिलिकॉन या जर्मेनियम से।
2. डोपिंग नामक प्रक्रिया में इन तत्त्वों में थोड़ी मात्रा में अशुद्धियाँ मिलाई जाती हैं, जिससे सामग्री की चालकता में बड़े परिवर्तन होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और नहीं 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**अर्द्धचालक:**

- अर्द्धचालक, जिन्हें कभी-कभी एकीकृत सर्किट (ICs) या माइक्रोचिप्स के रूप में जाना जाता है, शुद्ध तत्त्वों, आमतौर पर सिलिकॉन या जर्मेनियम, या गैलियम आर्सेनाइड जैसे यौगिकों से बने होते हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- डोपिंग नामक प्रक्रिया में इन शुद्ध तत्त्वों में थोड़ी मात्रा में अशुद्धियाँ मिलाई जाती हैं, जिससे सामग्री की चालकता में बड़े परिवर्तन होते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- चालकता नियंत्रण इलेक्ट्रोड पर लागू वर्तमान या वोल्टेज या इंफ्रारेड (IR), दृश्य प्रकाश, पराबैंगनी या एक्स-रे द्वारा विकिरण की तीव्रता के आधार पर भिन्न हो सकती है।

**170. गुणक प्रभाव (Multiplier Effect) के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

A. गुणक प्रभाव अंतिम आय में वृद्धि या कमी की आनुपातिक राशि है जो एक इंजेक्शन या खर्च की निकासी के परिणामस्वरूप होती है।
B. मुद्रा आपूर्ति गुणक बैंकिंग और धन आपूर्ति के परिप्रेक्ष्य से गुणक प्रभाव को देखता है।
C. आधुनिक फ्रैक्शनल रिज़र्व बैंकिंग में राजकोषीय गुणक एक प्रमुख अवधारणा है।
D. गुणक प्रभाव की गणना आय में परिवर्तन को व्यय में परिवर्तन से विभाजित करके की जाती है।

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**गुणक प्रभाव (Multiplier Effect):**

- गुणक प्रभाव अंतिम आय में वृद्धि या कमी की आनुपातिक राशि है जो एक इंजेक्शन या खर्च की निकासी के परिणामस्वरूप होती है।
- मुद्रा आपूर्ति गुणक या केवल धन गुणक, बैंकिंग और धन आपूर्ति के परिप्रेक्ष्य से गुणक प्रभाव को देखता है।
- आधुनिक फ्रैक्शनल रिज़र्व बैंकिंग में मनी मल्टीप्लायर एक प्रमुख अवधारणा है।
- गुणक प्रभाव को मापने में उपयोग किये जाने वाले सबसे बुनियादी गुणक की गणना आय में परिवर्तन को खर्च में परिवर्तन से विभाजित करके की जाती है और कंपनियों द्वारा निवेश दक्षता का आकलन करने के लिये इसका उपयोग किया जाता है।

**अत: विकल्प C सही है।**

**171. निम्नलिखित में से कौन-सा "नौकरियों का भविष्य" नामक रिपोर्ट जारी करता है?**

A. प्रवासन के लिये अंतर्राष्ट्रीय संगठन
B. संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन
C. अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक संगठन
D. विश्व आर्थिक मंच

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**नौकरियों का भविष्य (Future of Jobs) रिपोर्ट:**

- विश्व आर्थिक मंच (WEF) ने "नौकरियों का भविष्य" (Future of Jobs) नामक रिपोर्ट जारी की।
- इस अध्ययन के अनुसार 'अगले पाँच वर्षों में 10.2% की वृद्धि और 12.3% की गिरावट (वैश्विक स्तर पर) के माध्यम से लगभग एक चौथाई नौकरियों (23%) में बदलाव की उम्मीद है।
- यह चौथी औद्योगिक क्राँति, हरित ऊर्जा परिवर्तन, आपूर्ति-शृंखला बदलाव आदि के श्रम-बाज़ार प्रभाव को ट्रैक करता है।

**अत: विकल्प D सही है।**

**172. नोटा (उपरोक्त में से कोई नहीं) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. PUCL बनाम भारत संघ मामले में वर्ष 2013 के सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (EVM) में नोटा की शुरुआत की गई थी।

नोट :

2. नोटा मतदाताओं को सभी उम्मीदवारों से असंतोषजनक मानकर अस्वीकार करने का विकल्प प्रदान करता है।
3. यदि निर्वाचन क्षेत्र से अधिकतम वोट NOTA को मिल जाते हैं तो चुनाव को 'शून्य' घोषित कर दिया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**NOTA (उपरोक्त में से कोई नहीं):**

- पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज (PUCL) बनाम भारत संघ मामले में दायर याचिका में वर्ष 2013 में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी निर्देश के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (EVM) में नोटा (उपरोक्त में से कोई नहीं) विकल्प पेश किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- नोटा मतदाताओं को सभी उम्मीदवारों से असंतोषजनक मानकर अस्वीकार करने का विकल्प प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- मौजूदा कानून के अनुसार अगर नोटा को बहुमत मिलता है तो कोई कानूनी परिणाम नहीं होता है। ऐसी स्थिति में अगले उम्मीदवार को विजेता घोषित कर दिया जाएगा। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**173. 'जीडीपी डिफ्लेटर' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वृहद् तौर पर 65:35 के अनुपात में डब्ल्यूपीआई और सीपीआई मुद्रास्फीति आँकड़ों के साथ गठित एक सूचकांक है।
2. जब डिफ्लेटर नकारात्मक होता है, तो यह वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि को कम करने का संकेत देता है।
3. डिफ्लेटर कृषि क्षेत्र के लिये डब्ल्यूपीआई (थोक मूल्य सूचकांक) और सीपीआई (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक) दोनों को कमोबेश समान महत्त्व देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**जीडीपी डिफ्लेटर:**

- जीडीपी डिफ्लेटर डब्ल्यूपीआई और सीपीआई मुद्रास्फीति आँकड़ों के साथ गठित एक सूचकांक है, जो वृहद् तौर पर 65:35 के अनुपात में होता है और फिर विकास के आँकड़े प्राप्त करने के लिये इसकी तुलना पिछले वर्ष के सूचकांक से की जाती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- जब डिफ्लेटर नकारात्मक होता है, तो यह वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि को बढ़ावा देने का संकेत देता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- कृषि क्षेत्र के लिये सकल घरेलू उत्पाद के तीन व्यापक क्षेत्रों के लिये डिफ्लेटर की गणना हेतु अर्थशास्त्री अलग-अलग भार का उपयोग करते हैं, डिफ्लेटर डब्ल्यूपीआई (थोक मूल्य सूचकांक) और सीपीआई (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक) दोनों का कमोबेश समान भार होता है; थोक मूल्य सूचकांक या WPI का विनिर्माण क्षेत्र में लगभग 75% का महत्त्वपूर्ण भार है। **अतः कथन 3 सही है।**

**174. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. PACS अल्पकालिक सहकारी ऋण संरचना की ज़मीनी स्तर की शाखाएँ हैं, जो व्यक्तिगत किसानों, कारीगरों और समाज के अन्य कमज़ोर वर्गों के सदस्यों को शेयरधारकों के रूप में गिनती हैं।
2. MSP का प्राथमिक उद्देश्य किसानों को यह आश्वस्त करना है कि उनकी कृषि उपज लाभकारी मूल्य पर खरीदी जाएगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- PACS अल्पकालिक सहकारी ऋण संरचना की ज़मीनी स्तर की शाखाएँ हैं, जो व्यक्तिगत किसानों, कारीगरों और समाज के अन्य कमज़ोर वर्गों के सदस्यों को शेयरधारकों के रूप में गिनती हैं। इसका उद्देश्य उनके संचालन में अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही लाना तथा उन्हें अपने व्यवसाय में विविधता लाने एवं अधिक गतिविधियाँ करने में सक्षम बनाना है। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- MSP का प्राथमिक उद्देश्य किसानों को आश्वस्त करना है कि उनकी कृषि उपज लाभकारी मूल्य पर खरीदी जाएगी तथा उन्हें उनके प्रयासों के लिये लाभ सुनिश्चित करना और कृषि में निरंतर निवेश को प्रोत्साहित करना है। **अतः कथन 2 सही है।**

**175. कार्बन स्थिरीकरण मार्ग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I** C4 एक प्रकार के पौधे हैं जो एक विशिष्ट प्रकाश संश्लेषक मार्ग का उपयोग करते हैं जिसे C4 कार्बन स्थिरीकरण मार्ग के रूप में जाना जाता है।

**कथन-II** यह मार्ग उष्ण एवं शुष्क वातावरण के साथ-साथ उन स्थितियों के लिये एक अनुकूलन है जहाँ फोटोरेस्पिरेशन की उच्च संभावना है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या करता है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- C4 एक प्रकार के पौधे हैं जो एक विशिष्ट प्रकाश संश्लेषक मार्ग का उपयोग करते हैं जिसे C4 कार्बन स्थिरीकरण मार्ग के रूप में जाना जाता है। **अतः कथन I सही है।**
- C4 पौधों का उपयोग छोटे हिमयुग के दौरान ग्रीष्म मानसून के लंबे समय तक कमज़ोर रहने के प्रति समुदाय की अनुकूली प्रतिक्रिया को दर्शाता है।
- यह मार्ग गर्म और शुष्क वातावरण के साथ-साथ उन स्थितियों के लिये एक अनुकूलन है जहाँ फोटोरेस्पिरेशन की उच्च संभावना होती है। **अतः कथन II सही है।**
- कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

**176. इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (Electronic Voting Machine - EVM) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका प्रयोग सबसे पहले वर्ष 1982 में केरल के परवूर विधानसभा क्षेत्र में किया गया था।
2. EVM में उपयोग की जाने वाली माइक्रोचिप एक बार प्रोग्राम करने योग्य/मास्क्ड चिप है जिसे न तो पढ़ा जा सकता है और न ही ओवरराइट किया जा सकता है।
3. इन्हें बिजली की आवश्यकता नहीं होती और ये साधारण बैटरी से चलते हैं।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (Electronic Voting Machine - EVM):**

- EVM एक उपकरण है जिसका उपयोग इलेक्ट्रॉनिक रूप से वोटों को रिकॉर्ड करने के लिये किया जाता है।
- इनका प्रयोग पहली बार वर्ष 1982 में केरल के परवूर विधानसभा क्षेत्र में किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- EVM में उपयोग की जाने वाली माइक्रोचिप एक बार प्रोग्राम करने योग्य/मास्क्ड चिप है, जिसे न तो पढ़ा जा सकता है और न ही ओवरराइट किया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इन्हें बिजली की आवश्यकता नहीं होती है और ये भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड/इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा असेंबल की गई साधारण बैटरी पर चलते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**177. सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति संविधान के अनुच्छेद 124 के खंड (2) के तहत राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
2. राष्ट्रपति सूचित नियुक्तियाँ करने के लिये सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों से परामर्श करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति संविधान के अनुच्छेद 124 के खंड (2) के तहत राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। **अतः कथन 1 सही है।**

- प्रत्येक नियुक्त न्यायाधीश को राष्ट्रपति या उसके द्वारा नियुक्त व्यक्ति के समक्ष शपथ लेनी होगी और उस पर हस्ताक्षर करना होगा।
- शपथ में भारत के संविधान, संप्रभुता और अखंडता को बनाए रखने तथा भय या पक्षपात के बिना कर्त्तव्यों का पालन करने की प्रतिबद्धता शामिल है।
- राष्ट्रपति सूचित नियुक्तियाँ करने के लिये सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों से परामर्श करता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**178. बुकर पुरस्कार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह कथा साहित्य के एकल कार्य के लिये दुनिया का अग्रणी साहित्यिक पुरस्कार है।
2. प्रारंभ में यह राष्ट्रमंडल लेखकों को प्रदान किया गया था और अब यह विश्व में किसी भी मूल के व्यक्ति को दिया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- बुकर पुरस्कार किसी कथा साहित्य के लिये दिया जाने वाला विश्व का प्रमुख साहित्यिक पुरस्कार है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसकी स्थापना 1969 में ब्रिटेन में की गई थी।
- प्रत्येक वर्ष बुकर पुरस्कार, निर्णायकों की राय में अंग्रेज़ी में लिखी गई और ब्रिटेन तथा आयरलैंड में प्रकाशित सर्वश्रेष्ठ कथा साहित्य को दिया जाता है।
- प्रारंभ में यह राष्ट्रमंडल लेखकों को प्रदान किया गया था और अब यह विश्व में किसी भी मूल के व्यक्ति को दिया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**179. योम किप्पुर युद्ध किन पक्षों/देशों के बीच लड़ा गया था:**

A. मिस्र और सीरिया के नेतृत्व में इज़रायल और अरब देश
B. सर्ब और क्रोएट
C. तुर्की और ग्रीस
D. ईरान और इराक

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- योम किप्पुर युद्ध, जिसे 1973 के अरब-इज़रायल युद्ध के रूप में भी जाना जाता है, 6 से 25 अक्तूबर, 1973 तक लड़ा गया था।
- यह यहूदी कैलेंडर के सबसे पवित्र दिन पर मिस्र, सीरिया और उनके सहयोगियों द्वारा इज़रायल के खिलाफ शुरू किया गया एक समन्वित युद्ध था।
- इज़राइल ने अपने दुश्मनों को बहुत ही कम अंतर से हराया, लेकिन आगे चलकर इसके सैन्य सिद्धांत स्थायी रूप से बदल दिया गया।

**अतः विकल्प A सही है।**

**180. कृत्रिम बुद्धिमत्ता ( AI ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. AI को मशीनों और प्रणालियों के ज्ञान से परिपूरित एवं बुद्धिमत्ता पूर्वक व्यवहार की क्षमता के रूप में परिभाषित किया गया है।
2. "कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI)" शब्द एक अमेरिकी कंप्यूटर वैज्ञानिक जॉन मैकार्थी द्वारा गढ़ा गया था।
3. नीति आयोग ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लिये राष्ट्रीय रणनीति (National Strategy on Artificial Intelligence- NSAI) जारी की।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- AI को मशीनों और प्रणालियों के ज्ञान से परिपूरित तथा बुद्धिमत्ता पूर्वक व्यवहार की क्षमता के रूप में परिभाषित किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- "कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI)" शब्द एक अमेरिकी कंप्यूटर और संज्ञानात्मक वैज्ञानिक जॉन मैकार्थी द्वारा दिया गया था। वह AI के संस्थापकों में से एक थे। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसमें मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, बिग डेटा, न्यूरल नेटवर्क, कंप्यूटर विज़न, लार्ज लैंग्वेज मॉडल आदि तकनीकें शामिल हैं।
- नीति आयोग ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लिये राष्ट्रीय रणनीति (National Strategy on Artificial Intelligence- NSAI) जारी की है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

**181. विदेशी मुद्रा भंडार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विदेशी मुद्रा भंडार एक केंद्रीय बैंक द्वारा विदेशी मुद्राओं में आरक्षित रखी गई संपत्ति है।
2. इसमें आयात, बॉण्ड, ट्रेज़री बिल और अन्य सरकारी प्रतिभूतियाँ शामिल हो सकती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- विदेशी मुद्रा भंडार एक केंद्रीय बैंक द्वारा विदेशी मुद्राओं के रूप में रिज़र्व में रखी गई संपत्ति है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसमें बॉण्ड, ट्रेज़री बिल और अन्य सरकारी प्रतिभूतियाँ शामिल हो सकती हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह महत्त्वपूर्ण है कि अधिकांश विदेशी मुद्रा भंडार अमेरिकी डॉलर में रखे जाते हैं।
- भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में शामिल हैं:
  - विदेशी मुद्रा संपत्ति
  - स्वर्ण भंडार
  - विशेष आहरण अधिकार (Special Drawing Right)
  - अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के साथ आरक्षित स्थिति।

**182. भारतीय संविधान की प्रस्तावना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान (44वाँ संशोधन) अधिनियम, 1978 के तहत प्रस्तावना में "समाजवादी" और "पंथनिरपेक्ष" शब्द जोड़े गए।
2. संविधान के अनुच्छेद 368 के तहत प्रस्तावना में संशोधन किया जा सकता है, लेकिन प्रस्तावना के मूल ढाँचे में संशोधन नहीं किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- 42वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 के तहत प्रस्तावना में 'समाजवादी', 'पंथनिरपेक्ष' और 'अखंडता' शब्द जोड़े गए थे। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- 42वाँ संशोधन अधिनियम, 1976: केशवानंद भारती मामले के फैसले के बाद यह स्वीकार किया गया कि प्रस्तावना संविधान का हिस्सा है।
- यह इसके निर्माताओं की मंशा, इसके निर्माण के पीछे का इतिहास और राष्ट्र के मूल मूल्यों एवं सिद्धांतों को प्रस्तुत करता है।
- संविधान के एक भाग के रूप में संविधान के अनुच्छेद 368 के तहत प्रस्तावना में संशोधन किया जा सकता है, लेकिन प्रस्तावना के मूल ढाँचे में संशोधन नहीं किया जा सकता है। अतः कथन 2 सही है।
- अब तक 42वें संशोधन अधिनियम, 1976 के माध्यम से प्रस्तावना में केवल एक बार संशोधन किया गया है।

**183. निम्नलिखित में से कौन-सा विश्व असमानता रिपोर्ट जारी करता है:**

A. वर्ल्ड इनिक्वेलिटी लैब
B. विश्व आर्थिक मंच
C. विश्व बैंक
D. विश्व व्यापार संगठन

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- विश्व असमानता रिपोर्ट वर्ल्ड इनिक्वेलिटी लैब द्वारा जारी की जाती है, जिसका उद्देश्य वैश्विक असमानता पर अनुसंधान को बढ़ावा देना है।
- यह रिपोर्ट वैश्विक असमानताओं पर नज़र रखने के लिये अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान प्रयासों का सबसे अद्यतन संश्लेषण प्रस्तुत करती है।

**अतः विकल्प A सही है।**

**184. 'भारत निर्वाचन आयोग' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह निकाय भारत में लोकसभा, राज्यसभा और राज्य विधानसभाओं एवं देश में राष्ट्रपति तथा उपराष्ट्रपति के पदों के लिये चुनावों का संचालन करता है।
2. इसका राज्यों में पंचायतों और नगर पालिकाओं के चुनावों से कोई सरोकार नहीं है।

नोट :

3. मुख्य चुनाव आयुक्त एवं अन्य चुनाव आयुक्तों (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) अधिनियम, 2023 के अनुसार राष्ट्रपति मुख्य चुनाव आयुक्त तथा अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करते हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारत निर्वाचन आयोग:
  - यह निकाय भारत में लोकसभा, राज्यसभा और राज्य विधानसभाओं एवं देश में राष्ट्रपति तथा उपराष्ट्रपति के पदों के लिये चुनावों का संचालन करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इसका राज्यों में पंचायतों और नगर पालिकाओं के चुनावों से कोई सरोकार नहीं है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - मुख्य चुनाव आयुक्त एवं अन्य चुनाव आयुक्तों (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) अधिनियम, 2023 के अनुसार राष्ट्रपति मुख्य चुनाव आयुक्त तथा अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**185. हीट वेव्स के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हीट वेव्स अत्यधिक गर्म मौसम की लंबी अवधि होती हैं जो मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण और अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती हैं।
2. यदि किसी क्षेत्र का अधिकतम तापमान मैदानी क्षेत्रों के लिये कम-से-कम 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक और पहाड़ी क्षेत्रों के लिये कम-से-कम 30 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक तक पहुँच जाता है तो हीट वेव माना जाता है।
3. जब अधिकतम तापमान सामान्य से 4.50 डिग्री सेल्सियस या अधिक होता है, तो हीट वेव का वर्णन किया जा सकता है, बशर्ते वास्तविक अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या अधिक हो।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- हीट वेव्स अत्यधिक गर्म मौसम की लंबी अवधि होती हैं जो मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण और अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- यदि किसी क्षेत्र का अधिकतम तापमान मैदानी क्षेत्रों के लिये कम-से-कम 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक और पहाड़ी क्षेत्रों के लिये कम-से-कम 30 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक तक पहुँच जाता है तो हीट वेव माना जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- जब अधिकतम तापमान सामान्य से 4.50 डिग्री सेल्सियस या अधिक होता है, तो हीट वेव का वर्णन किया जा सकता है, बशर्ते वास्तविक अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस या अधिक हो। **अतः कथन 3 सही है।**

**186. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** RBI की मौद्रिक नीति का प्राथमिक उद्देश्य वृद्धि के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए मूल्य स्थिरता बनाए रखना है।

**कथन-II:** मौद्रिक नीति से तात्पर्य लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये अपने नियंत्रण में मौद्रिक साधनों के उपयोग के संबंध में केंद्रीय बैंक की नीति से है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या करता है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।
D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- RBI की मौद्रिक नीति का प्राथमिक उद्देश्य वृद्धि के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए मूल्य स्थिरता बनाए रखना है। **अतः कथन-I सही है।**
- मौद्रिक नीति से तात्पर्य लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये अपने नियंत्रण में मौद्रिक साधनों के उपयोग के संबंध में केंद्रीय बैंक की नीति से है। **अतः कथन-II सही है।**
- **इसलिये विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या करता है।**

नोट :

**187. उपभोक्ता खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति (CFPI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह उस दर की गणना करता है जिस दर से औसत परिवार द्वारा उपभोग किये जाने वाले खाद्य उत्पादों की कीमतें समय के साथ बढ़ रही हैं।
2. CFPI व्यापक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) का एक उप-घटक है, जहाँ भारतीय रिज़र्व बैंक (Reserve Bank of India) इस उद्देश्य के लिये सीपीआई-संयुक्त (CPI-C) का उपयोग करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **उपभोक्ता खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति (Consumer Food Price Inflation- CFPI):**
  - उपभोक्ता खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति (CFPI), मुद्रास्फीति का एक विशिष्ट माप है जो विशेष रूप से उपभोक्ता वस्तुओं और सेवाओं में खाद्य पदार्थों के मूल्य में परिवर्तन पर केंद्रित है।
  - यह उस दर की गणना करती है जिस दर से औसत परिवार द्वारा उपभोग किये जाने वाले खाद्य उत्पादों की कीमतें समय के साथ बढ़ रही हों। **अतः कथन 1 सही है।**
  - CFPI व्यापक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) का एक उप-घटक है, जहाँ भारतीय रिज़र्व बैंक (Reserve Bank of India) इस उद्देश्य के लिये सीपीआई-संयुक्त (CPI-C) का उपयोग करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - CFPI खाद्य पदार्थों की एक विशिष्ट टोकरी के मूल्य परिवर्तन को निर्धारित करता है जिसका आमतौर पर घरों में उपभोग किया जाता है, जैसे कि अनाज, सब्जियाँ, फल, डेयरी उत्पाद, मांस और अन्य खाद्य पदार्थ।

**188. 'विश्व असमानता रिपोर्ट 2022' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मध्य-पूर्व और उत्तरी अफ्रीका (Middle East and North Africa) विश्व में सबसे अधिक असमानता वाले क्षेत्र हैं, जबकि यूरोप में असमानता का स्तर सबसे कम है।
2. देशों के शीर्ष 10% और निचले 50% व्यक्तियों की औसत आय के बीच का अंतर लगभग दोगुना हो गया है।
3. यूरोप, लैटिन अमेरिका एवं दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया में 2020 में राष्ट्रीय आय में सबसे बड़ी वृद्धि दर्ज की गई।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**विश्व असमानता रिपोर्ट 2022:**

- दुनिया की सबसे गरीब आधी आबादी के पास 'मुश्किल से कोई संपत्ति है' (कुल संपत्ति का मात्र 2%), जबकि दुनिया की सबसे अमीर 10% आबादी के पास कुल संपत्ति का 76% हिस्सा मौजूद है।
- मध्य-पूर्व और उत्तरी अफ्रीका (MENA) दुनिया के सबसे असमान क्षेत्र हैं, जबकि यूरोप में असमानता का स्तर सबसे कम है। **अतः कथन 1 सही है।**
- देशों के शीर्ष 10% और निचले 50% व्यक्तियों की औसत आय के बीच का अंतर लगभग दोगुना हो गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यूरोप, लैटिन अमेरिका एवं दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया में 2020 में राष्ट्रीय आय में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**189. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** ई-श्रम पोर्टल असंगठित श्रमिकों जैसे- निर्माण मज़दूरों, प्रवासी कार्यबल, सड़क विक्रेताओं और घरेलू श्रमिकों सहित अन्य को पंजीकृत करता है।

**कथन-II:** ई-श्रम पोर्टल का गठन सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सरकार को असंगठित श्रमिकों की पंजीकरण प्रक्रिया को पूरा करने का निर्देश देने के बाद हुआ ताकि वे विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत लाभ उठा सकें।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या करता है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।
D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- ई-श्रम पोर्टल 38 करोड़ असंगठित श्रमिकों जैसे- निर्माण मज़दूर, प्रवासी कार्यबल, रेहड़ी-पटरी वाले और घरेलू कामगार आदि को पंजीकृत करता है। **अतः कथन-I सही है।**
- ई-श्रम पोर्टल का गठन सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सरकार को असंगठित श्रमिकों की पंजीकरण प्रक्रिया को पूरा करने का निर्देश देने के बाद हुआ ताकि वे विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत लाभ उठा सकें। **अतः कथन-II सही है।**

इसलिये विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या करता है।

**190. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** एक राष्ट्र, एक चुनाव के पीछे केंद्रीय विचार पूरे देश में चुनावों की आवृत्ति को कम करने के लिये सभी राज्यों में लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों के समय को समकालिक करना है।

**कथन-II:** यह अवधारणा 1967 तक प्रचलित थी, लेकिन दलबदल, बर्खास्तगी और सरकार के विघटन जैसे विभिन्न कारणों से यह बाधित हो गई।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या करता है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- एक राष्ट्र, एक चुनाव के पीछे केंद्रीय विचार पूरे देश में चुनावों की आवृत्ति को कम करने के लिये सभी राज्यों में लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों के समय को समकालिक करना है। **अतः कथन-I सही है।**
- यह अवधारणा 1967 तक प्रचलित थी, लेकिन दलबदल, बर्खास्तगी और सरकार के विघटन जैसे विभिन्न कारणों से यह बाधित हो गई। **अतः कथन-II सही है।**
- **इसलिये विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है।**

**191. 'हरित वित्तपोषण' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह केंद्रीय बैंकों और पर्यवेक्षी अधिकारियों का एक वैश्विक नेटवर्क है जो अधिक टिकाऊ वित्तीय प्रणाली की वकालत करता है।
2. इसका उद्देश्य वित्तीय प्रणाली के लिये जलवायु परिवर्तन के परिणामों का विश्लेषण करना और कम कार्बन वाले आर्थिक विकास सुनिश्चित करने के लिये वैश्विक वित्तीय प्रवाह को पुनर्निर्देशित करना है।
3. इसकी स्थापना दिसंबर 2017 में पेरिस वन प्लैनेट समिट के द्वारा की गई।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**हरित वित्तपोषण:**

- यह केंद्रीय बैंकों और पर्यवेक्षी अधिकारियों का एक वैश्विक नेटवर्क है जो अधिक टिकाऊ वित्तीय प्रणाली की वकालत करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका उद्देश्य वित्तीय प्रणाली के लिये जलवायु परिवर्तन के परिणामों का विश्लेषण करना और कम कार्बन वाले आर्थिक विकास सुनिश्चित करने के लिये वैश्विक वित्तीय प्रवाह को पुनर्निर्देशित करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसकी स्थापना दिसंबर 2017 में पेरिस वन प्लैनेट समिट के द्वारा की गई। **अतः कथन 3 सही है।**

**192. प्रवर्तन निदेशालय (ED) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत में आर्थिक कानूनों को लागू करने और आर्थिक अपराधों से लड़ने के लिये ज़िम्मेदार है।
2. यह वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के तहत काम करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- प्रवर्तन निदेशालय (Directorate of Enforcement or Enforcement Directorate - ED) एक घरेलू कानून प्रवर्तन एजेंसी और आर्थिक खुफिया एजेंसी है।
- यह भारत में आर्थिक कानूनों को लागू करने और आर्थिक अपराधों से लड़ने के लिये ज़िम्मेदार है। **अत: कथन 1 सही है।**
- ED की स्थापना मई 1956 में हुई, जब विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम, 1947 के तहत विनिमय नियंत्रण कानूनों के उल्लंघन से निपटने के लिये एक "प्रवर्तन इकाई" का गठन किया गया था।
- 1957 में इस इकाई का नाम बदलकर प्रवर्तन निदेशालय कर दिया गया।
- नोडल मंत्रालय: राजस्व विभाग, वित्त मंत्रालय। **अत: कथन 2 सही है।**

**193. जनहित याचिका के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे किसी कानून या किसी अधिनियम में परिभाषित नहीं किया गया है।
2. कोर्ट इस मामले पर स्वत: संज्ञान ले सकता है।
3. जनहित याचिका का पहला मामला हुसैनारा खातून बनाम बिहार राज्य (1979) था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- जनहित याचिका को किसी कानून या किसी अधिनियम में परिभाषित नहीं किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसकी व्याख्या न्यायाधीशों द्वारा बड़े पैमाने पर लोगों की मंशा पर विचार करने के लिये की गई है।
- न्यायालय स्वयं मामले का संज्ञान ले सकता है और स्वत: संज्ञान लेकर किसी व्यक्ति या सार्वजनिक हित की याचिका पर मामले को आगे बढ़ा सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- जनहित याचिका का पहला मामला हुसैनारा खातून बनाम बिहार राज्य (1979) था जो जेलों और विचाराधीन कैदियों की अमानवीय स्थितियों पर केंद्रित था जिसके परिणामस्वरूप 40,000 से अधिक विचाराधीन कैदियों को रिहा किया गया था। **अत: कथन 3 सही है।**

**194. एवियन इन्फ्लुएंज़ा ($H_5N_1$) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. $H_5N_1$ एक प्रकार का इन्फ्लूएंज़ा वायरस है जो पक्षियों में अत्यधिक संक्रामक गंभीर श्वसन रोग का कारण बनता है।
2. भारत ने 2015 में महाराष्ट्र और गुजरात राज्य में पहली बार $H_5N_1$ प्रकोप का अनुभव किया।
3. यह मनुष्यों में होने वाला एक गैर-संचारी रोग है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- $H_5N_1$ एक प्रकार का इन्फ्लूएंज़ा वायरस है जो पक्षियों में अत्यधिक संक्रामक गंभीर श्वसन रोग का कारण बनता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- एवियन इन्फ्लूएंज़ा A($H_5N_1$) या $H_5B_1$ बर्ड फ्लू एक अत्यधिक रोगजनक वायरस है जो मुख्य रूप से पक्षियों में फैलता है लेकिन स्तनधारियों को संक्रमित कर सकता है।
- भारत ने 2015 में महाराष्ट्र और गुजरात राज्य में पहली बार $H_5N_1$ प्रकोप देखा गया। **अत: कथन 2 सही है।**
- जबकि दुर्लभ मनुष्य मुख्य रूप से संक्रमित पक्षियों के संपर्क के माध्यम से बर्ड फ्लू से संक्रमित हो सकते हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**195. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** आदर्श आचार संहिता (Model Code of Conduct - MCC) एक सर्वसम्मति दस्तावेज़ है।

**कथन-II:** राजनीतिक दल स्वयं चुनाव के दौरान अपने आचरण को नियंत्रित रखने और संहिता के भीतर काम करने पर सहमत हुए हैं।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या करता है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- आदर्श आचार संहिता (Model Code of Conduct-MCC) एक सर्वसम्मति दस्तावेज़ है। **अत: कथन-I सही है।**
- राजनीतिक दल स्वयं चुनाव के दौरान अपने आचरण को नियंत्रित रखने और संहिता के भीतर काम करने पर सहमत हुए हैं। **अत: कथन-II सही है।**
- यह चुनाव आयोग को संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत दिये गए जनादेश को ध्यान में रखते हुए मदद करता है, जो उसे संसद और राज्य विधानमंडलों के लिये स्वतंत्र तथा निष्पक्ष चुनावों की निगरानी एवं संचालन करने की शक्ति देता है।
- **इसलिये विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।**

**196. भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह देश की राष्ट्रीय मौसम विज्ञान सेवा एवं मौसम विज्ञान और संबद्ध विषयों से संबंधित सभी मामलों में प्रमुख सरकारी एजेंसी है।
2. यह भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की एक एजेंसी है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- यह देश की राष्ट्रीय मौसम विज्ञान सेवा एवं मौसम विज्ञान और संबद्ध विषयों से संबंधित सभी मामलों में प्रमुख सरकारी एजेंसी है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की एक एजेंसी है। **अत: कथन 2 सही है।**
- कृषि, सिंचाई, नौवहन, विमानन, अपतटीय तेल अन्वेषण आदि जैसी मौसम-संवेदनशील गतिविधियों के इष्टतम संचालन के लिये मौसम संबंधी अवलोकन करना और वर्तमान एवं पूर्वानुमानित मौसम संबंधी जानकारी प्रदान करना।

**197. भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. बैंक दर
2. खुला बाज़ार परिचालन
3. सार्वजनिक ऋण
4. सार्वजनिक राजस्व

**उपर्युक्त में से कौन-सा मौद्रिक नीति का/के घटक है/हैं?**

A. 1 और 2
B. 2, 3 और 4
C. 1 और 3
D. 1, 3 और 4

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- मौद्रिक नीति के विभिन्न उपकरण और साधन इस प्रकार हैं:
- नकद आरक्षित अनुपात
- वैधानिक तरलता अनुपात
- बैंक दर
- रेपो दर
- रिज़र्व रेपो दर
- खुला बाज़ार परिचालन।

**अत: विकल्प A सही है।**

**198. आसियान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना 1967 में बैंकॉक घोषणा पर हस्ताक्षर के साथ बैंकॉक, थाईलैंड में की गई थी।
2. इसकी अध्यक्षता सदस्य राज्यों के अंग्रेज़ी नामों के वर्णमाला क्रम के आधार पर प्रतिवर्ष बदलती रहती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- आसियान की स्थापना 8 अगस्त, 1967 को बैंकॉक, थाईलैंड में आसियान के संस्थापक सदस्य: इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड द्वारा आसियान घोषणा (बैंकॉक घोषणा) पर हस्ताक्षर के साथ की गई थी। अत: कथन 1 सही है।

- संगठन का लक्ष्य इन देशों में स्थिरता और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है।
- सदस्य राज्यों के अंग्रेज़ी नामों के वर्णमाला क्रम के आधार पर इसकी अध्यक्षता प्रतिवर्ष बदलती रहती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह क्षेत्र दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और ऐसा माना जाता है कि 2050 तक यह दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी।

**199. गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (Non-Banking Finance Companies) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वे न्यूनतम 12 महीने और अधिकतम 60 महीने के लिये सार्वजनिक जमा स्वीकार कर सकते हैं तथा मांग जमा स्वीकार कर सकते हैं।
2. वे भुगतान और निपटान प्रणाली का हिस्सा नहीं बनते हैं तथा स्वयं आहरित चेक जारी नहीं कर सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तरः A**

**व्याख्याः**

**गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (Non-Banking Finance Companies - NBFC)**

- NBFC, व्यक्तिगत ऋण, गृह ऋण, वाहन ऋण, स्वर्ण ऋण, माइक्रोफाइनेंस, बीमा और निवेश प्रबंधन जैसी विविध वित्तीय सेवाएँ प्रदान करते हैं।
- वे न्यूनतम 12 महीने और अधिकतम 60 महीने के लिये सार्वजनिक जमा स्वीकार कर सकते हैं। हालाँकि NBFC डिमांड डिपॉजिट स्वीकार नहीं कर सकते। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- वे भुगतान और निपटान प्रणाली का हिस्सा नहीं बनते हैं तथा स्वयं आहरित चेक जारी नहीं कर सकते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :